3 राजधानी
नारी को सम्मान देने वाला समाज होता है समर्थ व शक्तिमानः योगी

6 अभिमत
तकनीक से समस्या समाधान

11 विदेश
जापानी संगठन को प्रदान किया जाएगा नोबेल शांति पुरस्कार

12 स्पोर्ट्स
लैथम चाहते हैं भारत में निर्भीक होकर खेले न्यूजीलैंड

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 347
लखनऊ, शनिवार, 12 अक्टूबर, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



भारतीय सेना सबसे विश्वस्त और प्रेरक संगठनों में से एक

राष्ट्रीय-10

# पीएमओ करेगा इस सर्दी में दिल्ली की हवा को साफ

## अभियान की हो गई शुरुआत



दीपक कुमार झा। नई दिल्ली

**वर्षा** का दौर थमते, पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने और सर्दियों के दस्तक देने से राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण का स्तर भी बढ़ने लगा है। पिछले काफी समय से वायु गुणवत्ता 100 से नीचे यानी संतोषजनक श्रेणी में चल रहा था लेकिन पिछले कुछ दिनों से इसमें लगातार बढ़ोतरी हो रही है। यह 100 से ऊपर यानी मध्यम श्रेणी में पहुंच गया है। दिल्ली के आनंद विहार में तो यह 300 से भी ऊपर यानी खराब श्रेणी में जा पहुंचा है। इस समस्या से निपटने के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने के कारण बढ़े वायु प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली सरकार सहित अन्य हितधारकों की जिम्मेदारी तय की।

यह बैठक कुछ दिनों पूर्व उच्चतम न्यायालय द्वारा वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को फटकार लगाए जाने के बाद हुई है, जिसमें उत्तर भारत के राज्यों में पराली जलाने की बढ़ती घटनाओं के बीच स्थानीय अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं करने से दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि हर साल पराली जलाने की समस्या सामने आती है। पराली जलाने के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। पराली से निपटने की सभी कार्रवाई सिर्फ कागजों पर हो रही हैं। हमें आपके कागज में कोई दिलचस्पी नहीं है। हमें एक भी निर्देश दिखाओ जो उन्होंने जारी किया हो। कोर्ट ने कहा कि क्या सीएक्यूएम अधिनियम की धारा 14 के तहत कोई कार्रवाई की गई है। आप मूकदर्शक बने हुए हैं। यदि आप यह संदेश नहीं दे सकते हैं कि कानून का उल्लंन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, तो ये प्रावधान केवल कागज पर ही रह जाएंगे। उच्चतम न्यायालय ने यह टिप्पणी 27 सितंबर को की थी। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी.के. मिश्र ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए गठित उच्च स्तरीय कार्यबल की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए तत्काल और दीर्घकालिक उपायों की समीक्षा की। साथ ही लैंडफिल साइटों की निकासी की धीमी गति और एमसीडी द्वारा अपशिष्ट से ऊर्जा योजनाओं के कार्यान्वयन में देरी पर चिंता जताई।

दिल्ली और पड़ोसी राज्यों में मौसमी वायु प्रदूषण के एक प्रमुख स्रोत कृषि पराली जलाने पर भी चर्चा की गई। भले ही, दिल्ली में धान का रकबा अपेक्षाकृत कम है, लेकिन डॉ. मिश्र ने आसपास के क्षेत्रों के लिए एक मॉडल के रूप में शहर में पराली जलाने की प्रक्रिया को पूरी तरह से खत्म करने का आह्वान किया। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बैठक में दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए तत्काल और दीर्घकालिक उपायों को लागू करने में दिल्ली सरकार और अन्य हितधारकों की तत्परता का आकलन करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। केंद्रीय मंत्रालयों और दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों वाले टास्क फोर्स ने मौजूदा रणनीतियों की समीक्षा की और प्रदूषण की (शेष पृष्ठ 9)

# नायब होंगे हरियाणा के मुख्यमंत्री



राजेश कुमार। नई दिल्ली/चंडीगढ़

**हरियाणा** विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन के बाद प्रदेश में भाजपा लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए मौजूदा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के भी शामिल होने की उम्मीद है। भाजपा नेताओं के अनुसार, हरियाणा मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और ओडिशा जैसे अन्य राज्यों की तर्ज पर दो उपमुख्यमंत्री के साथ पदभार दिया जा सकता है। इस दोहरे नेतृत्व मॉडल से मंत्रिमंडल में वरिष्ठता और जातिगत प्रतिनिधित्व के बीच संतुलन बनाने की उम्मीद है। सबसे वरिष्ठ नेता पूर्व गृह मंत्री अनिल विज को उपमुख्यमंत्री बनाया जा सकता है, जबकि दूसरा पद ब्राह्मण विधायक को दिया जा सकता है, जिससे संभावित रूप से अधिक समावेशी नेतृत्व संरचना की पेशकश होगी। एक अन्य घटनाक्रम में, राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने दिल्ली में नायब सैनी से मुलाकात की, जबकि उनकी मां शक्ति रानी शर्मा ने हाल ही में कालका निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की। एक अन्य रणनीतिक बैठक में, राज्यसभा सांसद किरण चौधरी और उनकी बेटी श्रुति चौधरी, जो तोशाम से नवनिर्वाचित विधायक हैं, ने केंद्रीय मंत्री खट्टर से मुलाकात की, जो भाजपा के भीतर एक व्यापक गठबंधन-निर्माण प्रक्रिया का संकेत देता है। समारोह की व्यवस्थाओं की देखरेख के लिए राज्य के मुख्य सचिव ने पंचकूला जिला आयुक्त की अध्यक्षता में 10 सदस्यीय समिति गठित की है। समारोह पहले 12 अक्टूबर को होना था, लेकिन प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए इसे स्थगित कर दिया गया था। सूत्रों के अनुसार, परेड ग्राउंड को आयोजन स्थल के रूप में इसलिए चुना गया था, क्योंकि यह इंद्रधनुष ऑडिटोरियम कॉम्प्लेक्स से सटा हुआ है , जिसमें वीवीआईपी के लिए विशाल सुरक्षित पार्किंग स्थल है। मॉल के पास के एक अन्य मैदान को आयोजन स्थल के रूप में आरक्षित किया गया है। हरियाणा के सीएम के शपथ ग्रहण समारोह के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं (शेष पृष्ठ 9)

## उमर की जम्मू-कश्मीर में वापसी

मोहित कंधारी। जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** नेशनल कॉन्फ्रेंस विधायक दल के नेता उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार शाम को सरकार बनाने का दावा पेश किया। 2019 में केंद्र द्वारा जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म किए जाने के बाद यह पहला मौका है जब किसी पार्टी ने सरकार बनाने का दावा पेश किया है। उमर अबदुल्ला पारंपरिक सलवार सूट पहने सीधे राजभवन पहुंचे और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात की। उमर ने बैठक के दौरान कांग्रेस से समर्थन मिलने के बाद औपचारिक रूप से जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाने का दावा पेश किया। उमर ने गठबंधन सहयोगियों और निर्दलीय उम्मीदवारों के समर्थन पत्र भी पेश किए ।उपराज्यपाल से मुलाकात के बाद मीडियाकर्मियों को जानकारी देते हुए, मनोनीत मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि शपथ समारोह 16 अक्टूबर को होने की संभावना है। उन्होंने कहा, कुछ (शेष पृष्ठ 9)



## महादेव ऐप का सरगना दुबई में गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**महादेव** बेटिंग ऐप के मुख्य प्रमोटरों में से एक सौरभ चंद्राकर को जल्द ही भारत लाया जा सकता है। हाल ही में दुबई में इंटरपोल द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग और धोखाधड़ी के मामले में जारी गिरफ्तारी वारंट के आधार पर उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया था। चंद्राकर और ऐप के एक अन्य प्रमोटर रवि उप्पल को पिछले साल के अंत में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनके खिलाफ रेड कार्नर नोटिस (आरएन) जारी करने के अनुरोध के बाद हिरासत में लिया गया था और उन्हें उस देश में 'घर में नजरबंद' रखा गया था। रेड कार्नर नोटिस इंटरपोल द्वारा जारी किया जाता है। सूत्रों ने कहा कि चंद्राकर को हाल ही में दुबई में औपचारिक रूप से गिरफ्तार किए जाने के बाद अगले कुछ दिनों में प्रत्यर्पित या भारत भेजे जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि ईडी दुबई के अधिकारियों को उनके प्रत्यर्पण के लिए (शेष पृष्ठ 9)

# बांग्लादेश में मां काली का मुकुट चोरी

## पीएम मोदी ने यात्रा के दौरान जेशोरेश्वरी काली मंदिर में दिया था उपहार



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** ने बांग्लादेश से जेशोरेश्वरी काली मंदिर से चोरी हुए स्वर्ण जड़ित मुकुट मामले की जांच करने का आग्रह किया है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2021 में बांग्लादेश से यात्रा के दौरान जेशोरेश्वरी काली मंदिर को उपहार में दिया था ।ढाका में भारतीय उच्चायोग ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में, चोरी पर गहरी चिंता व्यक्त की और अधिकारियों से वस्तु को बरामद करने और अपराध करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का आह्वान किया ।पोस्ट में कहा गया है कि हमने देखा कि 2021 में पीएम मोदी की बांग्लादेश की यात्रा के दौरान जेशोरेश्वरी काली मंदिर (सतखिरा) को उपहार में दिए गए मुकुट की चोरी की खबरें चल रही हैं। इसमें कहा गया है, हम गहरी चिंता व्यक्त करते हैं और बांग्लादेश सरकार से चोरी की जांच करने, मुकुट को बरामद करने और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं। अलग से भारतीय सरकारी सूत्रों ने कहा कि नई दिल्ली चोरी की कथित घटना से बहुत परेशान है। उन्होंने कहा कि ढाका में भारतीय उच्चायोग इस मुद्दे पर बांग्लादेश के अधिकारियों के संपर्क में है। सूत्रों ने बताया कि बांग्लादेश के कानून प्रवर्तन अधिकारियों से घटना की जांच करने, चोरी की गई वस्तु को बरामद करने और दोषियों को सजा दिलाने का आग्रह किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, सतखीरा के श्यामनगर स्थित मंदिर में देवी काली का स्वर्ण जड़ित मुकुट बृहस्पतिवार को दोपहर चोरी हो गया। मंदिर के पुजारी दिलीप मुखर्जी के दोपहर दो बजे के आसपास चले जाने के बाद सफाई कर्मचारियों ने देवी के सिर से मुकुट गायब होने का पता लगा। प्रधानमंत्री मोदी ने 27 मार्च, 2021 को बांग्लादेश दौरे के तहत जेशोरेश्वरी मंदिर का दौरा किया था। यह दौरा बांग्लादेश की स्वतंत्रता की स्वर्ण जयंती और इसके संस्थापक नेता शेख मुजीबुर रहमान की जन्म शताब्दी के जश्न के साथ हुआ था।

# रतन टाटा के चचेरे भाई नोएल टाटा समूह के अध्यक्ष घोषित



टीएन रघुनाथ। मुंबई

**रतन** नवल टाटा के निधन के दो दिन बाद उनके सौतेले भाई नोएल नवल टाटा को शुक्रवार को टाटा समूह की परोपकारी शाखा टाटा ट्रस्ट्स का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया। टाटा ट्रस्ट्स के प्रमुख के रूप में नोएल टाटा की नियुक्ति की औपचारिक घोषणा टाटा ट्रस्ट्स के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ट्रस्ट्स के ट्रस्टियों की संयुक्त बैठक के बाद की गई। बैठक में रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया गया और टाटा समूह द्वारा राष्ट्र निर्माण में उनके द्वारा किए गए योगदान को याद किया गया। टाटा ट्रस्ट्स ने शुक्रवार दोपहर में जारी एक बयान में कहा, इसके तुरंत बाद आयोजित अलग-अलग बैठकों में सर्वसम्मति से नोएल नवल टाटा को टाटा ट्रस्ट्स का गठन करने वाले विभिन्न ट्रस्टों के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करने और उन्हें टाटा ट्रस्ट्स का अध्यक्ष नामित करने का निर्णय लिया गया। 67 वर्षीय नोएल टाटा की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू हो गई ।भारत की सबसे पुरानी परोपकारी संस्था टाटा ट्रस्ट्स के नए चेयरमैन नियुक्त होने के बाद नोएल टाटा ने कहा कि वह अपने साथी ट्रस्टियों द्वारा मुझे दी गई जिम्मेदारी से बहुत सम्मानित और विनम्र महसूस कर रहे हैं, और वह रतन एन टाटा और टाटा समूह के संस्थापकों की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं।

नोएल टाटा ने इस अवसर पर कहा, मैं अपने साथी ट्रस्टियों द्वारा मुझे दी गई जिम्मेदारी से बहुत सम्मानित और विनम्र महसूस कर रहा हूं। मैं रतन नवल (शेष पृष्ठ 9)

## विजयादशमी की शुभकामनाएं



## अवकाश सूचना

**दशहरा** के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय व प्रेस में आज 12 अक्टूबर को अवकाश रहेगा। अत: 13 अक्टूबर का अंक प्रकाशित नहीं होगा।

## तमिलनाडु में बागमती एक्सप्रेस ट्रेन खड़ी मालगाड़ी से टकराई, कुछ यात्री घायल

चेन्नई। तमिलनाडु में चेन्नई के पास कावरापेट्टई में बागमती एक्सप्रेस ट्रेन के एक खड़ी मालगाड़ी से टकरा जाने के कारण कुछ यात्री घायल हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक्सप्रेस ट्रेन के आठ बजकर 27 मिनट पर पोन्नेरी स्टेशन पार करने के बाद चालक दल को अचानक तेज झटका लगा और लूपलाइन में जाने के बाद यह मालगाड़ी से टकरा गई। पोन्नेरी के पास स्थित कावरापेट्टई, तिरुवल्लूर जिले में चेन्नई के निकट स्थित है।




# दिल्ली में पार्किंग शुल्क बचाने के चक्कर में लोग सड़क पर लगा रहे जाम

## यह समस्या उन रास्तों पर ज्यादा आ रही हैं जिनसे सटे बड़े बाजार हैं

संजय राय। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी की सड़कों पर जगह-जगह खड़ी गाड़ियों के कारण लोगों को जाम का सामना करना पड़ता है। यह समस्या खासकर बड़े बाजारों के पास अधिक है, जहां लोग पार्किंग शुल्क बचाने के लिए सड़क किनारे ही अपने वाहन खड़ा कर देते हैं। इससे अन्य लोगों को परेशानी होती है। लोग यहां बने पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने के बजाए सड़क किनारे ही कार, दो पहिया वाहन पार्क करके खरीदारी के लिए चले जाते हैं, जबकि पार्किंग शुल्क महज 20 रुपये प्रति घंटा और 5 घंटे से ऊपर होने पर 100 रुपये हैं। बावजूद इसके लोग कुछ पैसे बचाने के लिए कई लोगों के लिए मुश्किलें खड़ी कर देते हैं। सवाल यह भी उठ रहा है कि पार्किंग एरिया के आसपास संबंधित विभाग सड़क पर खड़ी गाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करता है।

सुभाष नगर मार्केट के पास दिल्ली नगर निगम द्वारा भूमिगत पार्किंग बनाई गई है, जहां करीब 600 गाड़ियां खड़ी हो सकती हैं। लेकिन यहां 30 प्रतिशत से ज्यादा एरिया खाली रहता है। इसके पीछे की वजह पार्किंग शुल्क है। यहां काम करने वाले एक कर्मचारी ने बताया कि कार पार्किंग का शुल्क प्रत्येक एक घंटे के लिए 20 रुपये है। बाइक की पार्किंग शुल्क 10 रुपये प्रति घंटा है जबकि मासिक पास का शुल्क 2000 रुपये है। लेकिन यहां रहने वाले लोग या फिर मार्केट में आने वाले लोग सड़क पर ही गाड़ी खड़ी कर देते हैं, जिससे सड़क पर लोगों को चलना मुश्किल हो जाता है। पार्किंग का ज्यादातर एरिया खाली होने के चलते हर महीने नुकसान भी हो रहा है। इसके अलावा कमला मार्केट, रानी बाग मार्केट, करोल बाग, लाजपत नगर, अवंतिका मार्केट, तिलक नगर,



राजौरी गार्डन, उत्तम नगर आदि मार्केट का यही हालत है। इसके अलावा दिल्ली गेट स्थित आसफ अली रोड पर एमसीडी ने अंडरग्राउंड पार्किंग बनाई है जहां जगह-जगह धूल फांक रही गाड़ियां और गंदगी है। अन्य पार्किंग की अपेक्षा यहां मासिक शुल्क की कीमत कम है। इसी पार्किंग के बाहर सड़क पर भी पार्किंग चल रही है। इसके चलते सड़क से लेकर फुटपाथ तक गाड़ियां जिससे लोगों को जाम से जूझना पड़ रहा है। लाल किला, परेड ग्राउंड पार्किंग लाल किला स्थित परेड ग्राउंड पार्किंग है। तीन बेसमेंट में बने इस पार्किंग में करीब 1500 गाड़ी खड़ी हो सकती हैं। इसके बावजूद कुछ व्यापारी तो कुछ ग्राहक सड़क किनारे ही गाड़ी खड़ी कर देते हैं जिससे दिनभर यहां जाम लगा रहता है। हालांकि पार्किंग में जगह खाली पड़ी रहती हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत शाम को होती है। पार्किंग से निकलने वाली गाड़ियों को सड़क पर निकलने के काफी समय लग जाता है।

# मुख्यमंत्री ने नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव पखार कर की मातृ शक्ति की आराधना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर





**गोरक्षपीठाधीश्वर** एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मातृ शक्ति के प्रति अपनी अगाध श्रद्धा और उन्हें समाज मे शक्ति स्वरूप में प्रतिष्ठित करने की पहल को एक बार फिर मजबूत करते दिखे। शुक्रवार को शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि पर गोरखनाथ मंदिर में आयोजित कन्या पूजन अनुष्ठान में सीएम योगी ने नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, उनका विधि विधान से पूजन किया, चुनरी ओढाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया, दक्षिणा और उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने परंपरा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी किया। शुक्रवार को गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने मंदिर स्थित अपने आवास परिसर के प्रथम तल पर परंपरागत रूप से पीतल के परात में जल से सभी नौ कुंवारी कन्याओं के बारी-बारी पांव धोये। उनके माथे पर रोली, चंदन, दही, अक्षत और शक्तिपीठ की वेदी पर उगाई गई जई का तिलक लगाया। माला पहनाकर, चुनरी ओढ़ाकर, उपहार एवं दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद लिया। पूजन के बाद इन कन्याओं को मंदिर की रसोई में पकाया गया ताजा भोजन प्रसाद सीएम योगी ने अपने हाथों से परोसा। इन नौ कन्याओं के अतिरिक्त बड़ी संख्या में पहुंची बालिकाओं और बटुकों को भी पूजनोपरांत श्रद्धापूर्वक भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्यार-दुलार पाकर नन्हीं बालिकाओं व बटुकों की प्रसन्नता देखते ही बन रही थी। सत्कार और स्नेह के भाव से मुख्यमंत्री ने एक-एक कर नौ कन्याओं व बटुक भैरव के पांव पखारे और पूजन किया। इस दौरान सीएम योगी के हाथों दक्षिणा मिलने से सभी बालिकाएं काफी प्रफुल्लित दिखीं। पूजन के बाद भोजन परोसते समय सीएम निरंतर संवाद भी करते रहे।

# मिशन शक्ति से गोरक्षपीठ की परंपरा को विस्तार दे रहे सीएम योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए सरकार चला रही अनेक योजनाएं**

**महिलाओं** को सशक्त बनाकर हर क्षेत्र का कायाकल्प संभव है। इसके जरिये हम अधिक संस्कारित, सभ्य, संवेदनशील, जवाबदेह और खूबसूरत समाज का निर्माण कर सकते हैं। क्योंकि, ये सारी खूबियां महिलाओं में होती हैं। शर्त ये है कि समाज उनको सम्मान देना सीखे। गोरखनाथ मंदिर में साल के दोनों नवरात्रि को नवमी तिथि पर विधिविधान से होने वाले कन्या पूजन का भी यही संदेश है।

गोरखनाथ मठ की न जाने कबसे चली आ रही इस परंपरा को मुख्यमंत्री बनने के बाद से योगी आदित्यनाथ मिशन शक्ति के जरिये लगातार विस्तार दे रहे हैं। एंटी रोमियो स्क्वाड, पिंक टॉयलेट, पिंक बूथ, पिंक बसें, पीएसी में महिला बटालियन, थाने में तैनात महिला पुलिसकर्मियों को पहली बार बीट पर तैनाती, लखपति दीदी, बैंक सखी, कृषि सखी, सुकन्या योजना, स्वयं सहायता समूहों का सशक्तिकरण, निराश्रित महिला पेंशन की पात्रता के लिए उम्र की सीमा खत्म करने के साथ धनराशि में वृद्धि जैसी योजनाएं इसका प्रमाण हैं। मुख्यमंत्री का यह काम अपनी परंपरा, संस्कृति, संस्कार एवं इतिहास का सम्मान है। फिलहाल योगी सरकार में मिशन शक्ति का पांचवा चरण चल रहा है। उल्लेखनीय है कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति जितनी ही प्राचीन है अपने देश में नारियों को सम्मान देने की परंपरा। डबल इंजन (मोदी और योगी) की सरकार इसी परंपरा को लगातार आगे बढ़ा रही है। इसमें से मिशन शक्ति सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। शारदीय नवरात्रि के दिन ही मुख्यमंत्री ने मिशन शक्ति के प्रथम चरण की शुरुआत देवीपाटन (देश के प्रमुख शक्तिपीठों में एक) से की थी। समय और स्थान का चयन खुद में एक बड़ा संदेश था। दरअसल योगी आदित्यनाथ गोरखपुर की जिस गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर हैं, उसमें नारियों का बेहद सम्मान रहा है। लिहाजा उनके लिए मुख्यमंत्री बनने के बहुत पहले से ही अबला को सबला बनाना महज नारा नहीं, संकल्प रहा है। हर साल दोनों नवरात्रि में पीठ में इसका जीवंत स्वरूप भी दिखता है। रोज की खास पूजा के बाद नवरात्रि के अंतिम दिन कन्या पूजन से इसका समापन होता है। खुद पीठाधीश्वर के रूप में मुख्यमंत्री कन्यायों का पांव पखारते हैं। उनको भोजन कराते हैं और दक्षिणा देकर विदा करते हैं। महिलाओं की शिक्षा और स्वालंबन पर भी गोरखपुर स्थित गोरक्षपीठ का वर्षों से खासा फोकस रहा है। पीठ की ओर से संचालित शैक्षिक प्रकल्प महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद कई दशकों से आधी आबादी के शैक्षिक पुनर्जागरण और आर्थिक स्वावलंबन का अलग-अलग तरीकों से पूरे पूर्वांचल में अलख जगा रहा है। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के शिक्षण संस्थाओं में से कई में बालिकाओं के लिए सह शिक्षा (को-एजुकेशन) की व्यवस्था है। करीब दर्जन भर ऐसे शिक्षण संस्थान हैं जो विशेष तौर पर बालिकाओं की शिक्षा और उनके स्वावलंबन के लिए ही समर्पित हैं। महाराणा प्रताप बालिका इंटर कॉलेज, महाराणा प्रताप महिला पीजी कॉलेज, महाराणा प्रताप टेलरिंग कॉलेज, दिग्विजयनाथ बालिका पूर्व माध्यमिक विद्यालय, महाराणा प्रताप मीराबाई महिला छात्रावास, दिग्विजयनाथ महिला छात्रावास, गुरु श्रीगोरक्षनाथ स्कूल ऑफ नर्सिंग, योगिराज बाबा गम्भीरनाथ निशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र जैसे संस्थानों से प्रतिवर्ष हजारों बालिकाएं अपने जीवन पथ पर ससम्मान आगे बढ़ रही हैं।

मुख्यमंत्री बनने के बाद भी पीठ की परंपरा के अनुसार विभिन्न योजनाओं के जरिये अबला कही जाने वाली नारी को वह सबला बनाने में जुटे हैं, वह भी पूरी शिद्दत से।

# प्रयागराज में 25 से 27 अक्टूबर तक होगा कुंभ कॉन्क्लेव का आयोजन

**उद्यमिता विकास, कला व संस्कृति को मिलने वाले मंच और धार्मिक स्थलों के प्रचार-प्रसार के साथ पर्यटन की नई संभावनाओं पर होगा विमर्श**




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ प्रयागराज

**महाकुंभ** मात्र एक धार्मिक आयोजन नही बल्कि कुम्भ हमारे देश की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं वैचारिक विविधताओं का संगम का प्रतिबिंब है। कुम्भ की महत्ता के दृष्टिगत यूनेस्को द्वारा इसे 'मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत' के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। वर्ष 2019 के दिव्य-भव्य और सुरक्षित कुंभ के आयोजन के योगी सरकार के बेंच मार्क के बाद महाकुंभ 2025 के आयोजन को देश -विदेश में पहुंचाने के लिए कुंभ कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है।

तीसरा कुंभ कॉनक्लेव 25-27 अक्टूबर तक प्रयागराज के मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित किया जा रहा है। एमएनएनआईटी के इनोवेशन व इनक्यूबेशन हब और इंडिया थिंक काउंसिल की ओर से यह आयोजन होगा। इसमें उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की भी सहभागिता होगी। इंडिया थिंक काउंसिल के निदेशक डॉक्टर सौरभ बताते हैं कि इस तीन दिवसीय कुंभ कॉन्क्लेव में 10 से अधिक तकनीकी सत्र होंगे। उसमें देश और विदेश के विद्वान शामिल होंगे। सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल हो सकते हैं। उनके अलावा सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में पद्म विभूषण और भारत के पूर्व राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय, परमार्थ निकेतन हरिद्वार के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द मुनि, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह प्रमुख वक्ता होंगे। कुम्भ-कॉन्क्लेव 2024-25 के निमित्त देश के 25 प्रमुख स्थानों पर कुम्भ की भव्यता, विशेषता और महत्व के सम्बन्ध में गोलमेज सम्मेलन/रोड-शो का आयोजन होता है। इस अवसर पर विभिन्न विषय विशेषज्ञों एवं विद्वानों के पारस्परिक विचार-विमर्श से उपयोगी एवं रचनात्मक सुझाव समाज के लिए मार्गदर्शन का कार्य करेंगे। इंडिया थिंक काउंसिल के निदेशक का कहना है कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के प्रोत्साहन के बाद 2019 के कुंभ से शुरू हुए इस कुंभ कॉन्क्लेव के आयोजन में विभिन्न सत्रों में आयोजित होने वाले विमर्श और चिंतन-मनन से कुंभ की उस प्राचीन संवाद परंपरा को पुनर्जीवन मिल रहा है जो धीरे धीरे हासिये में आ गई थी। प्राचीन काल से कुंभ धर्म , समाज और व्यवस्था की मौजूदा व्यवस्था को चिंतन की कसौटी में कसने का अवसर रहा है जिससे बेहतर व्यवस्था के मूल मंत्र पहचाना जा सके। इस कुंभ कॉन्क्लेव में तीन दिनों तक चलने वाले 11 सत्रों में अखाड़ा, आश्रम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, फूड सिक्योरिटी, फूड सिक्योरिटी, टेंपल इकोनॉमी और उद्यमिता की थीम पर विचार मंथन होगा।

# बसपा अब किसी भी राज्य में क्षेत्रीय दलों से नहीं करेगी गठबंधनः मायावती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**हरियाणा** विधानसभा चुनाव में पराजय का मुंह देखने के बाद बसपा अध्यक्ष मायावती ने फैसला लिया है कि उनकी पार्टी आगामी चुनावों में किसी भी राज्य में क्षेत्रीय दलों से गठबंधन नहीं करेगी।

मायावती ने शुक्रवार को ट्वीट करके इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि यूपी समेत दूसरे राज्यों के चुनाव में भी बीएसपी का वोट गठबंधन की पार्टी को ट्रांसफर हो जाने पर उनका वोट बीएसपी को ट्रांसफर कराने की क्षमता उनमें नहीं होने की वजह और अपेक्षित चुनाव रिजल्ट नहीं मिलने से पार्टी कैडर को निराशा व उससे होने वाले मूवमेन्ट की हानि को बचाना जरूरी है। इसीलिए अब पार्टी क्षेत्रीय पार्टियों से भी आगे गठबंधन नहीं करेगी जबकि भाजपा/ एनडीए व कांग्रेस/इंडिया गठबंधन से दूरी पहले की तरह ही जारी रहेगी। आगे उन्होंने लिखा कि देश की एकमात्र प्रतिष्ठित अम्बेडकरवादी पार्टी बीएसपी व उसके आत्म-सम्मान व स्वाभिमान मूवमेन्ट के कारवां को हर प्रकार से कमजोर करने की चौतरफा जातिवादी कोशिशें लगातार जारी हैं, जिस क्रम में अपना उद्धार स्वंय करने योग्य व शासक वर्ग बनने की प्रक्रिया पहले की तरह ही जारी रखनी जरूरी है। बीएसपी विभिन्न पार्टियों/ संगठनों व उनके स्वार्थी नेताओं को जोड़ने के लिए नहीं, बल्कि बहुजन समाज के लोगों को आपसी भाईचारा व सहयोग के बल पर संगठित होकर राजनीतिक शक्ति बनाने व उनको शासक वर्ग बनाने का आंदोलन है, जिसे अब इधर-उधर में ध्यान भटकाना अति-हानिकारक है।

# मेगा ई-नीलामी के जरिए औद्योगिक भूखंडों के बड़े स्तर पर आवंटन का मार्ग होगा प्रशस्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**18 को आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर को होगी ई-नीलामी**

**उत्तर** प्रदेश में औद्योगिक व व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत योगी सरकार ने एक नई पहल की है। सीएम योगी के विजन अनुसार, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) 43 औद्योगिक व व्यवसायिक भूखंडों की मेगा ई-नीलामी प्रक्रिया को जल्द ही मूर्त रूप देने जा रही है। यूपीसीडा की इस मौजूदा प्रक्रिया में बरेली, जालौन, बाराबंकी, प्रयागराज, मुरादाबाद, व ट्रांस गंगा सिटी उन्नाव के विभिन्न व्यवसायिक प्लॉट्स की होगी नीलामी का मार्ग प्रशस्त होगा। इन व्यवसायिक भूखंडों का वेयर हाउस, होटल, ग्रुप हाउसिंग, मल्टीप्लेक्स, पेट्रोल पंप हॉस्पिटल समेत विभिन्न प्रकार की व्यवसायिक गतिविधियों के संचालन के लिए इस्तेमाल हो सकेगा। इतना ही नहीं, यूपीसीडा द्वारा अमेठी, अमरोहा, बांदा व हमीरपुर में मेगा ई-नीलामी के जरिए औद्योगिक भूखंडों के आवंटन का भी मार्ग प्रशस्त किया जाएगा। इस मेगा ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आवेदन प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई है। मेगा ई-नीलामी में सम्मिलित सभी प्लॉट्स का रिजर्व प्राइस तय है और इसी आधार पर आवेदनकर्ता इन भूखंडों को प्राप्त करने के लिए करोड़ों की बोली लगा सकेंगे। प्रक्रिया के अंतर्गत कैटलॉग फीस, प्रोसेसिंग फीस व ईएमडी भुगतान करने की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर निर्धारित की गई है। वहीं, सभी प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 18 अक्टूबर निर्धारित की गई है। 25 अक्टूबर को मेगा ई-नीलामी का आयोजन प्रस्तावित है जिसके जरिए भूखंड आवंटन प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। इस विषय में अधिक जानकारी के लिए यूपीसीडा की आधिकारिक वेबसाइट पर क्लिक करके जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# ग्रीनफील्ड परियोजना में होगा 16.75 किलोमीटर लंबे वृंदावन बाईपास का निर्माण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**स्थानीय व्यापार और उद्योग को मिलेगी रफ्तार, श्रद्धालुओं के लिए बांके बिहारी के दर्शन होंगे आसान**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचे के विकास को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। योगी सरकार की विकासोन्मुखी प्रयासों को देखते हुए केंद्र सरकार भी यूपी में विकास में सहयोग करने से पीछे नहीं है। वृंदावन में 16.75 किलोमीटर लंबे बाईपास का निर्माण, पीएम गति शक्ति पहल के तहत प्रस्तावित है। इस परियोजना से जहां श्रद्धालुओं के लिए बांके बिहारी के दर्शन आसान होंगे, वहीं व्यापार और उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा। नई दिल्ली में आयोजित नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) की 81वीं बैठक में प्रस्तावित वृंदावन बाईपास के निर्माण और उससे वृंदावन पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सहूलियतों की समीक्षा की गई।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों के विकास को लेकर विशेष रूप से सक्रिय हैं। उनके नेतृत्व में राज्य के प्रमुख धार्मिक स्थलों का नवीनीकरण और विकास तेजी से हो रहा है। योगी सरकार की इस दिशा में की गई पहल से न केवल श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं, बल्कि इन स्थलों के आसपास के क्षेत्रों में भी व्यापार, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। प्रदेश में बुनियादी ढांचे का विस्तार तीव्र गति से हो रहा है। पिछले सात सालों में योगी सरकार की नीतियों और विकास योजनाओं ने उत्तर प्रदेश को आर्थिक रूप से मजबूत किया है। बांके बिहारी के दर्शन के लिए हर साल देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु वृंदावन पहुंचते हैं, लेकिन हाल के वर्षों में गाड़ियों की संख्या में बढ़ोतरी के कारण वृंदावन में जाम की समस्या विकराल हो गई है। प्रस्तावित वृंदावन बाईपास का निर्माण इस समस्या का समाधान करेगा। इसके चलते श्रद्धालुओं को बांके बिहारी के दर्शन करने में आसानी होगी और यात्रा का समय भी कम होगा। वृंदावन बाईपास राष्ट्रीय राजमार्ग-44 को यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़ते हुए क्षेत्र की कनेक्टिविटी को और मजबूत करेगा। इस बाईपास के माध्यम से यात्रा का समय, जो पहले डेढ़ घंटे का था, सिर्फ 15 मिनट रह जाएगा। इसके साथ ही यह परियोजना वृंदावन में यातायात दबाव को कम करेगी, जिससे पर्यटन और औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। वृंदावन बाईपास परियोजना का मुख्य उद्देश्य कनेक्टिविटी को बढ़ाना और क्षेत्रीय विकास को गति देना है। इससे परिवहन चुनौतियों में कमी आएगी और सामाजिक-आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। बाईपास से पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे स्थानीय व्यापार में तेजी आएगी। इसके साथ ही, क्षेत्रीय विकास और औद्योगिक गतिविधियों को भी नया बल मिलेगा।

इंडियन बैंक
(भारत सरकार का उपक्रम)
इलाहाबाद
Indian Bank
(A Govt. of India Undertaking)
ALLAHABAD

**कब्जा नोटिस (अचल सम्पत्ति हेतु)**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन)अधिनियम 2002 के नियम-8(1) के अंतर्गत**

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **इंडियन बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002, (धारा 54, 2002) की धारा 13 (12) प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (प्रवर्तन) की सपठित नियम 3, 8 व 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऋणी को मांग सूचना पत्र से यहाँ विस्तृत रूप से नीचे दी गयी राशि 60 दिनों के भीतर लौटाने के लिए निर्गमित किया।

ऋण-ग्रहिता / जमानतकर्ता के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋण-ग्रहिता / जमानतकर्ता और सर्वसाधारण को एतद्वारा सूचना दी जाती है की अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 व 9 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में निम्नलिखित सम्पत्तियों का आधिपत्य ग्रहण कर लिया गया है। ऋण-ग्रहिता / जमानतकर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्व-साधारण को सामान्य रूप से एतद्वारा संपत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त संपत्ति का किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय **इंडियन बैंक** के अधीन रहेगा।

**उधारकर्ता / जमानतकर्ता का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।**

यह सूचना इस अधिग्रहण के आयोजन के सम्बन्ध में कर्जदारों, जमानतकर्ताओं और बंधककर्ताओं को बकाया जमा करने के लिए कहा जा रहा है।
**विवरण निम्नुसार हैं:-**

| क्र. सं. | ऋणी / प्रोपराइटर / जमानतकर्ता / बंधककर्ता का नाम एवं पता | अचल सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि / कब्जा की तिथि / बकाया धनराशि |
|---|---|---|---|
| | **शाखाः कैसरबाग शाखा** | | |
| 1. | 1. **श्री मोहम्मद रिज़वान खान पुत्र स्वर्गीय नन्हे खान (ऋणी, बंधककर्ता) पताः** 298 / 13के गली मीर माता, नक्खास थाना चौक लखनऊ<br>2. **श्रीमती सना रिज़वान खान पत्नी मोहम्मद रिज़वान खान (ऋणी, बंधककर्ता) पताः** 298 / 13के गली मीर माता, नक्खास थाना चौक लखनऊ<br>3. **श्री मोहम्मद अरफात पुत्र श्री चांद मोहम्मद (जमानतकर्ता), पताः** मकान सं. 421 / 5 बंधुवा खाना अंबर गंज लखनऊ<br>4. **श्री जियाउद्दीन पुत्र जमीलुद्दीन (जमानतकर्ता), पताः** मकान सं. 417 / 488 निवास गंज लखनऊ | प्लॉट सं. 45 एवं 45ए पर निर्मित मकान, खसरा सं. 367 का भाग, क्षेत्रफल 1575 वर्ग फीट यानी 146.37 वर्ग मीटर, कवर्ड एरिया 1200 वर्ग फीट यानी 111.524 वर्ग मीटर स्थित बरौरा हुसैन बाड़ी, वार्ड कन्हैया मधायपुर जिला लखनऊ, **डीड विवरणः** बही सं. 1, जिल्द सं. 10253 पेज 371 से 416, क्रमांक 1419, उप रजिस्ट्रार-पंचम लखनऊ, दिनांक 20.02.2015 को पंजीकृत, **चौहद्दीः पूर्व**- सड़क 12 फीट चौड़ी, **पश्चिम**- प्लॉट सं. 44, **उत्तर**- सड़क 20 फीट चौड़ी, **दक्षिण**- प्लॉट सं. 46 | 11.07.2024<br>09.10.2024<br>रु. 35,78,816.00 एवं उसपर ब्याज |

दिनांकः 12.10.2024 स्थानः लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

# 'शक्ति सारथी' को हरी झंडी दिखाकर रचा इतिहास

**गोण्डा में की गई ऐतिहासिक पहल, पिंक कलर के 1000 ई-रिक्शा को किया गया रवाना, ई-रिक्शा को दिया गया है 'शक्ति सारथी' का नाम**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ /गोण्डा



**गोण्डा** जिले ने ऐतिहासिक पहल की है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप प्रदेश में पहली बार गोण्डा में 'शक्ति सारथी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत 1000 पिंक कलर के ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इन ई-रिक्शा को 'शक्ति सारथी' नाम दिया गया है, जिनका उपयोग 90 प्रतिशत से अधिक महिलाओं द्वारा किया जाएगा। सभी ई-रिक्शा चालकों को सुरक्षा के दृष्टिगत प्रशिक्षित किया गया है और उन्हें महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में 108 कन्याओं का कन्या पूजन और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 9 महिलाओं को भी सम्मानित किया गया।

गोण्डा की डीएम नेहा शर्मा ने बताया कि दुर्गा अष्टमी के अवसर पर जनपद में शक्ति वंदन 2.0 के तहत 'शक्ति सारथी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'शक्ति सारथी' कार्यक्रम एक अनूठा प्रयास है, जिसमें ई-रिक्शा चालकों को 'सारथी शक्ति' की उपाधि दी गई है, जिससे वे महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने में योगदान कर सकें। 'शक्ति सारथी' पहल के तहत ऑटो चालकों का प्रशिक्षण महिला सुरक्षा को मजबूत बनाएगा और समाज में एक नया संदेश प्रस्तुत करेगा। यह पहल इस बात पर आधारित है कि 90 प्रतिशत से अधिक महिलाएं यात्रा के लिए ऑटो या ई-रिक्शा का इस्तेमाल करती हैं। शुरुआत में 1000 से अधिक ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को इस पहल के अंतर्गत शामिल किया गया है, जिन्हें महिलाओं की सुरक्षा और आपातकालीन स्थितियों में सहायता प्रदान करने का प्रशिक्षण दिया गया है। भविष्य में इस कार्यक्रम को और भी विस्तारित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि शक्ति वंदन 2.0 के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी सुरक्षा के प्रति समाज को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। 'शक्ति सारथी' पहल के अंतर्गत ऑटो चालकों को प्रशिक्षित किया गया है, ताकि महिलाएं बिना किसी डर के यात्रा कर सकें। यह कार्यक्रम समाज में महिलाओं के प्रति सकारात्मक बदलाव लाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। यह कार्यक्रम जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में आयोजित किया गया है, जिसमें कार्यक्रम स्थल पर उत्पन्न कचरे का समुचित निस्तारण सुनिश्चित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विकास कार्यों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, और आधारभूत ढांचे में हुए सुधारों को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों से आई 108 कन्याओं का कन्या पूजन किया गया और उन्हें उपहार भेंट किए गए। वहीं, नवदेवी सम्मान समारोह के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का भी सम्मान किया गया। इसके अतिरिक्त हवन, प्रसाद वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत आकांक्षा समिति उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष डॉक्टर गरिमा सिंह ने वर्चुअल माध्यम से की, जबकि गोण्डा की डीएम नेहा शर्मा, सीडीओ अंकिता जैन और जिले के अन्य जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इससे पूर्व पिछले वर्ष गोण्डा जिला प्रशासन ने शक्ति वंदन कार्यक्रम की शुरुआत की थी। तब करीब 12 हजार कन्याओं का पूजन कर रिकॉर्ड स्थापित किया गया था।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शादी से पहले मेरा नाम Mayanka Vinay Sinha था जो कि शादी के बाद मेरा नाम Mayanka Srivastava पत्नी Rohan Srivastava हो गया है भविष्य मैं मुझे Mayanka Srivastava के नाम से जाना पहचाना जाए Mayanka Srivastava पुत्री Vinay sankar Shinha निवासी -126/98 भूसा मंडी फतेहगंज अमीनाबाद रोड लखनऊ उत्तर प्रदेश-226018

**सूचना**

**सूचना**

मै, प्रकाश रॉय पुत्र स्व बिनोद बिहारी रॉय निवासी भूतल ग्राउण्ड एल डी -30, सेक्टर-एफ, एल. डी. ए. कॉलोनी, कानपुर रोड, लखनऊ, अपनी सम्पत्ति भूतल पर स्थित भवन संख्या एल डी-30 सेक्टर-एफ, एल.डी.ए. कॉलोनी, कानपुर रोड योजना, लखनऊ से सम्बन्धित दस्तावेज लेकर दिनाँक 10.10.2024 को सुबह 11.30 से 12.30 बजे के मध्य लखनऊ कैन्ट से सरोजनी नगर उप निबन्धक के कार्यालय लखनऊ के लिए जा रहा था कि रास्ते में सम्पत्ति से सम्बन्धित मूल दस्तावेज कब्जा प्रमाण पत्र व आबंटन पत्र कही गिर गये बहुत खोजने के बाद भी नहीं मिला अगर किसी व्यक्ति को उक्त दस्तावेज मिलते है सूचना देने का कष्ट करें। मो. 8777572966

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक
(भारत सरकार का उपक्रम)
INDIAN OVERSEAS BANK
(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)
क्षेत्रीय कार्यालय-लखनऊ | केन्द्रीय कार्यालय-चेन्नई

**कब्ज़ा नोटिस [नियम 8(1)]**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002, (अचल सम्पत्ति हेतु)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने इण्डियन ओवरसीज़ बैंक का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (12) के सपठित नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचनापत्र से यहाँ विस्तृत रूप से नीचे दी गयी राशि 60 दिनों के भीतर लौटाने के लिए निर्गमित किया।

ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर **ऋणी / बंधककर्ता / ज़मानतकर्ता** और सर्वसाधारण को एतद्वारा सूचना दी जाती है की अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में निम्नलिखित सम्पत्तियों का प्रतीकात्मक आधिपत्य ग्रहण कर लिया गया है।

**ऋणी / बंधककर्ता / ज़मानतकर्ता** को विशिष्ट रूप से और सर्व-साधारण को सामान्य रूप से एतद्वारा संपत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त संपत्ति का किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय **इण्डियन ओवरसीज़ बैंक,** के प्रभारों के अधीन होगा, जैसा कि बकाया राशि व ब्याज़ खातें के सामने उल्लिखित हैं।

**ऋणी / बंधककर्ता / ज़मानतकर्ता का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।**
**विवरण निम्नुसार हैं:-**

| क्र. सं. | ऋणी / बंधककर्ता का नाम एवं पता | अचल सम्पत्तियों का विवरण | डिमाण्ड नोटिस की तिथि / कब्जा की तिथि / बकाया धनराशि |
|---|---|---|---|
| | **शाखा-झांसी मुख्य शाखा(0565), 43-44, आजाद गंज, सुभाष मार्केट, सीपरी बाजार, झांसी, उ.प्र.-0510-2361238 फोन 0510-2361238, ई-मेलः iob0565@iob.in** | | |
| 1. | आवास ऋण-<br>**ऋणी-: श्री राजेश साहू पुत्र देवी दास साहू,** पता मकान नं. 241, (पुराना) /291 (नया) वार्ड नं. 25, हीरापुरा, मौजा-गड़ियागांव, प्रतापपुरा, शिव मंदिर के पीछे, नगरा झांसी<br>**ज़मानतकर्ता-: श्रीमती. सविता साहू पत्नी श्री राजेश साहू,** पता मकान संख्या 241, (पुराना) /291 (नया) वार्ड संख्या 25, हीरापुरा, मौजा-गड़ियागांव, प्रतापपुरा, शिव मंदिर के पीछे, नगरा झांसी<br>**टर्म लोन-**<br>**श्री राजेश साहू पुत्र देवी दास साहू, (ऋणी)**<br>**श्रीमती सविता साहू पत्नी श्री राजेश साहू, (सह-ऋणी)** पता मकान संख्या 241, (पुराना) /291 (नया) वार्ड संख्या 25, हीरापुरा, मौजा-गड़ियागांव, प्रतापपुरा, शिव मंदिर के पीछे, नगरा झांसी | डबल मंजिला आवासीय मकान स्थित म. नं. 241, (पुराना)/ 291 (नया) वार्ड नं. 25, हीरापुरा, मौजा-गड़ियागांव, प्रतापपुरा, नगरा झांसी उ.प्र., **क्षेत्रफल-49.17 वर्ग मीटर मालिक- श्री राजेश साहू पुत्र श्री देवी दास साहू, चौहद्दी-: उत्तर-** 4 फीट चौड़ी सड़क, **दक्षिण-** श्री मनोज का मकान, **पूर्व-** रेलवे भूमि, **पश्चिम-** श्रीमती राम कली का मकान<br>(अधिक विवरण बिक्री विलेख संख्या 3931 दिनांक 01.08.2012 में) | 03.12.2022<br>09.10.2024<br>रू. 5,57,999.32 + भविष्य का ब्याज संविदात्मक दर पर एवं अन्य खर्चे आदि |
| 2. | आवास ऋण-<br>**ऋणी-: मेसर्स देव साड़ी एंड सूट, प्रोपः श्री आलोक कुमार पुत्र श्री राम मनोहर बिलगैयां,** स्थायी पताः मकान नं. ए-137, आवास विकास कॉलोनी, नंदनपुरा, झांसी, उत्तर प्रदेश-284003<br>पत्राचार / दुकान का पताः दुकान नं. 77 / 20, सुभाष मार्केट, सीपरी बाजार, झांसी-284003<br>**ज़मानतकर्ताः श्री प्रदीप कुमार तिवारी,** पत्राचार / स्थायी पताः मकान नं. 280, राजभवन, गली नं.- 2, नंदनपुरा, झांसी, उत्तर प्रदेश- 284003 | तीन मंजिला व्यावसायिक भवन स्थित "देव साड़ी एंड सूट", दुकान संख्या 77 / 20, आजाद गंज-सुभाष मार्केट, सीपरी बाजार, झांसी **श्री आलोक कुमार पुत्र श्री राम मनोहर बिलगैयां के नाम पर, क्षेत्रफल-14.78 वर्ग मीटर, चौहद्दी-: उत्तर-** दुकान संख्या 77 / 21, **दक्षिण-**दुकान संख्या 77 / 19, **पूर्व-**रोड, **पश्चिम-**सब्जी मंडी | 06.05.2024<br>09.10.2024<br>रू. 14,46,460.69 + भविष्य का ब्याज संविदात्मक दर पर एवं अन्य खर्चे आदि |

दिनांकः 09.10.2024 स्थानः झांसी प्राधिकृत अधिकारी, इण्डियन ओवरसीज़ बैंक

# भाजपा सरकार षडयंत्र करके जेपी एनआईसी को बेचना चाहती है: अखिलेश

## सड़क पर उतरे सपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जयप्रकाश** नारायण की जायंती के मौके पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को जयप्रकाश नारायण कन्वेंशन सेंटर पर जाने से रोकने पर प्रदेश भर में सपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सपा मुख्यालय के समक्ष पुलिस प्रशासन द्वारा भारी मात्रा में पुलिस बल तैनातकर बैरिकेडिंग लगाई गई थी जहां पर पुलिस व सपा कार्यकर्ताओं के मध्य झडप भी हुई। भाजपा सरकार के विरोध के बावजूद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सड़क पर उतर कर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाजवादी नेता भारतरत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

भाजपा सरकार ने बीती रात से ही अखिलेश यादव को जयप्रकाश नारायण इंटर नेशनल सेंटर में स्थापित जयप्रकाश की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने से रोका। इसके बावजूद भी अखिलेश यादव रात में ही जेपी एनआईसी पहुंच गये। जयप्रका की प्रतिमा पर माल्यार्पण रोकने के लिए सरकार ने अखिलेश यादव के घर को चारों ओर से सील कर दिया। पार्टी कार्यालय एवं आसपास के इलाकों में बैरिकेडिंग लगाकर कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए हजारों पुलिस कर्मियों का पहरा लगा दिया। पुलिस के हर हथकंडे के बाद भी अखिलेश यादव ने घर से निकल कर सड़क पर ही हजारों कार्यकर्ताओं के साथ जयप्रकाश नारायण जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस मौके पर उनके साथ नेता विरोधी दल विधान परिषद माता प्रसाद पाण्डेय, नेता विरोधी दल विधान परिषद लाल बिहारी यादव, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, पूर्व नेता विरोधी दल रामगोविन्द चौधरी समेत अन्य नेताओं ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण को माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सड़क पर ही मौजूद समाजवादी पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार विनाशकारी सरकार है। इनके नेताओं के चेहरे के भाव विनाशकारी हैं। भाजपा सरकार हर अच्छे काम को बर्बाद कर रही है।





## सपा मुखिया ने अपने आवास के बाहर जेपी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**लखनऊ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने विक्रमादित्य मार्ग स्थिति आने आवास के बाहर ही जेपी नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। अखिलेश ने कहा कि जयप्रकाश नारायण के नाम पर जो इमारत बनाई गई है उसे इस लिए ढका गया है क्योंकि उसके पीछे साजिश है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि यादव ने कहा कि भाजपा सरकार जेपी एनआईसी में क्या छिपाना चाहती है? वहां क्यों नहीं जाने देना चाहती है? अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार साजिश और षडयंत्र करके जेपी एनआईसी को बेचना चाहती है। इसके पहले इस सरकार ने किसान बाजार और शापिंग काम्पलेक्स को बेच दिया। भाजपा के लोगों का देश की आजादी की लड़ाई में कोई योगदान नहीं है, इसीलिए वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सम्मान का विरोध करते हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जेपी आंदोलन से निकले हुए हैं। उनके साथ काम किये हैं। वे देखे कि भाजपा सरकार लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की जयंती पर माल्यार्पण भी नहीं करने दे रही है। नीतीश कुमार के पास मौका है, वे भाजपा की तानाशाही सरकार से समर्थन वापस लेकर बाहर आ सकते हैं। अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि त्यौहार होने के बाद भी वे आज सड़क पर उतरकर संघर्ष में शामिल हुए। भाजपा सरकार उन्हें रोकना चाहती थी लेकिन समाजवादियों को सड़क पर उतरने से नहीं रोक सकती है। समाजवादी लोग हर समय संघर्ष के लिए तैयार रहते हैं। आज अगर लोग त्योहार नहीं मना पा रहे हैं पूजा नहीं कर पा रहे है तो उसकी दोषी खुद मुख्यमंत्री हैं। सारा पाप इन्ही को पड़ेगा। भाजपा सरकार के रवैये और कार्यप्रणाली से प्रदेश की जनता बहुत नाराज है। इस अवसर पर आरके चौधरी एवं वीरेन्द्र सिंह सांसद, रविदास मेहरोत्रा विधायक, हसन रूमी विधायक, अनिल वर्मा विधायक, आशुतोष सिन्हा एमएलसी, वंदना मिश्रा पूर्व मेयर प्रत्याशी, श्रीमती मीरा वर्धन, विशाल वर्मा, जूही सिंह, नेहा यादव, पूजा शुक्ला, अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, संतोष यादव सनी, उदयवीर सिंह, डॉ0 राजपाल कश्यप, रामवृक्ष यादव, सिद्धार्थ सिंह, नाहिद लारी खान, अरविन्द गिरि, विनीत कुशवाहा, सिकन्दर यादव, राम करन निर्मल, अनीस राजा, डॉ0 इमरान, अभिषेक यादव, मणेन्द्र मिश्र, फाकिर सिद्दीकी, जयसिंह जयंत, शकील नदवी, विकास यादव, संजय सविता विद्यार्थी, फखरूल हसन चांद, नवीन धवन बंटी, अनुराग मिश्र, राजेश यादव, सुशील दीक्षित, कामरान बेग, मोहम्मद एबाद, सतीश निगम, वंदना चतुर्वेदी, अनिल वर्मा, व्यासजी गोंड, एसके राय, अमर जीत यादव, इरशाद अहमद गुड्डू, अदनान चौधरी, राजबाला रावत, सरवर आलम, धीरज यादव एडवोकेट, मोहसिन चौधरी, मंजीत, दिलीप कमलापुरी, लता जायसवार, शबनम खान, यशवर्धन सिंह, ब्रजेश सिंह बैचलर, अरविन्द यादव, राजा मान सिंह, शोभित वर्मा, अमर यादव, के.के. श्रीवास्तव, कांची सिंह, मिष्ठी खरे, शिला यादव, अनिल यादव मास्टर, शिवम सिंह, अनिल यादव, आदर्श सिंह, अवधेश यादव, शिवा सिंह, दिलीप कृष्णा, विशाल चौरसिया, सुमित तंतुआ, राजकुमार सोनकर, अवनीश यादव, अवधेश यादव, राजेन्द्र यादव, उदय प्रकाश, राघवेन्द्र यादव, अजीत विधायक, सर्वेश यादव, कुलदीप यादव, गौरव भैया, परमानंद, विनोद, राजन कन्नौजिया, प्रदीप कन्नौजिया, जयराम कन्नौजिया, शुभांगी द्विवेदी, निकहत सिद्दीकी एडवोकेट, मोहम्मद सईद हुसैन, हाजी बिलाल हमजा, शब्बीर खां, इब्राहिम मंसूरी, शशिलेन्द्र यादव, अकील अहमद खां, सूरज सिंह, पवन कुमार यादव, डॉ. दिवाकर यादव, डॉ. हरिश्चन्द्र, राधेश्याम सिंह, फिरासत हुसेन गामा, रूबी खान, हाजी इमरान अहमद, समेत हजारों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## बैरिकेड पर चढ़कर सपा कार्यकर्ताओं ने किया विरोध

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के आवास के बाहर लगाए गए बैरिकेड्स को लांघने का भरसक प्रयास करते रहे। सपा कार्यकर्ता बैरिकेडस पर चढ़कर नारे बाजी करते दिखाई दिए। प्रदर्शन को उग्र होता देख पुलिस काफी सकर्तक थी। समाजवादी पार्टी के एक कार्यकर्ता ने खुद को जंजीरों में बांधकर पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के आवास के बाहर प्रदर्शन किया। उनके आवास के बाहर पुलिस बैरिकेडिंग कर दी गई है, जबकि जय प्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर (जेपीएनआईसी) को सील कर बैरिकेडिंग कर दी गई है। इसके विरोध में अब सपा कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए हैं।

अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, भाजपाई लोग हों या इनकी सरकार, इनका हर काम नकारात्मक का प्रतीक है। पिछली बार की तरह समाजवादी लोग कहीं 'जय प्रकाश नारायण जी' की जयंती पर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण करने न चले जाएं, इसीलिए उन्हें रोकने के लिए हमारे निजी आवास के आसपास बैरिकेडिंग कर दी गयी है। भाजपाई हमेशा स्वतंत्रता-सेनानियों और स्वतंत्रता आंदोलन के विरोधी रहे हैं। रास्ते रोकना इन्होंने औपनिवेशिक शक्तियों के साथ रहने और दबे-छुपे उनका साथ देने से सीखा है।

# नारी को सम्मान देने वाला समाज होता है समर्थ और शक्तिमान: मुख्यमंत्री

● सीएम योगी ने प्रदेशवासियों को दी महापर्व शारदीय नवरात्र की महानवमी व विजयादशमी की बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने समस्त प्रदेशवासियों को महापर्व शारदीय नवरात्र की पावन महानवमी एवं विजयादशमी की बधाई देते हुए कहा कि शारदीय नवरात्र नारी गरिमा की प्रतिष्ठा का पर्व है। जिस समाज में नारी की पूजा होती है तथा सम्मान दिया जाता है वह समाज स्वयं ही समर्थ और शक्तिमान होता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश-दुनिया में रहने वाले सनातन धर्मावलंबी वर्ष में दो बार शारदीय और वासंतिक नवरात्र में जगतजननी मां भगवती दुर्गा के नौ स्वरूपों के पूजन व अनुष्ठान के कार्यक्रम से श्रद्धा, उल्लास व उमंग से जुड़ते हैं। सनातन धर्म की पर्व और त्योहार से जुड़ी समृद्ध परंपरा सबका ध्यान आकर्षित करती है। आज शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि पर सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाली मां सिद्धिदात्री के स्वरूप के पूजन के साथ कन्या पूजन का अनुष्ठान हो रहा है। वह सौभाग्यशाली हैं कि गोरक्षपीठ की पवित्र परंपरा के अनुसार उन्हें भी कन्या पूजन का अनुष्ठान करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्र का पर्व शक्ति की आराधना के साथ आधी आबादी के सम्मान का भी प्रतीक पर्व है। भारतीय मनीषा ने प्राचीनकाल से ही 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता' अर्थात जहां नारी की पूजा की जाती है, उसका सम्मान किया जाता है वहां दैवीय शक्तियों का वास होता है की मान्यता और इसके भाव को अंगीकार किया है। नवरात्र में जगतजननी भगवती मां दुर्गा के पावन नौ स्वरूपों की आराधना सनातन धर्म की उदात्त और पवित्र परंपरा का महत्वपूर्ण अवसर है। यह आधी आबादी की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की नई प्रेरणा देने का भी माध्यम है। सीएम योगी ने कहा कि आधी आबादी की सुरक्षा के साथ पूरे समाज की सुरक्षा जुड़ी होती है। उन्होंने कहा कि जब हम आधी आबादी को सामर्थ्यवान बनाकर उनकी गरिमा और सम्मान की सुरक्षा करेंगे तो प्रदेश और देश सभी नागरिकों के जीवन मे खुशहाली लाने के लक्ष्यों को प्राप्त करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मां जगतजननी की नौ तिथियों में पूजन के बाद कल शनिवार को विजयादशमी का पावन पर्व है। विजयादशमी भगवान श्रीराम द्वारा रावण पर विजय प्राप्त करने के उल्लास का पर्व है। इसमें यह संदेश भी निजी है कि जहां शक्ति की साधना होगी तो वहां सिद्धि के रूप में विजयश्री का वरण अवश्य होगा। सीएम योगी ने कहा कि विजयादशमी त्रेतायुग के बलशाली राजा, अधर्म, अत्याचार और अन्याय के प्रतीक रावण पर प्रभु श्रीराम के विजय का उत्सव है। इस अवसर पर भगवान श्रीराम के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव व्यक्त करने के लिए सनातन धर्मावलंबी रामलीलाओं के माध्यम से श्रीराम के राज्याभिषेक के कार्यक्रम से जुड़ेगा। इस अवसर पर अन्याय के प्रतीक रावण के पुतला दहन की परंपरा भी देखने को मिलती है। मुख्यमंत्री ने विजयादशमी के पावन पर्व पर सभी लोगों के मंगलमय जीवन की कामना की।

### राज्यपाल ने विजयादशमी पर दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विजयादशमी के पावन पर्व पर सभी प्रदेशवासियों और देशवासियों के सुखी, समृद्ध और सुरक्षित जीवन की मंगलकामना करते हुए शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि यह पर्व देश में एकता, सद्भाव और आपसी मेलजोल की भावना को और मजबूत करेगा। इस अवसर पर हमें बुराइयों को त्याग कर समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे की भावना को प्रबल बनाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें प्रेरित करता है कि हम एकजुट होकर बुराइयों के खिलाफ लड़ें और समाज को एक नई दिशा देने का प्रयास करें।

## सत्य व धर्म की विजय का पुण्य पर्व विजयादशमी: भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठनी धर्मपाल सिंह ने प्रदेशवासियों को विजयादशमी पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए लोकमंगल की कामना की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धर्म और सत्य की शाश्वतता पर्व के मूल में है। आसुरी शक्तियों के विनाश तथा अधर्म, अनाचार, असत्य के अंत से स्थापित सत्य की सार्वभौमिकता सदाचरण के लिए प्रेरित करती है। मर्यादापुरूषोत्तम प्रभु श्रीराम के द्वारा अत्याचारी रावण के अंत से सत्य तथा धर्म की विजय का पुण्य पर्व विजयादशमी है। श्री चौधरी ने कहा कि मर्यादापुरूषोत्तम प्रभु श्रीराम के जन्म स्थान पर भव्य मंदिर निर्माण से राष्ट्र की सदियों की अभिलाषा पूर्ण हुई है। राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रतीक भव्य राम मंदिर निर्माण से देश आनंदित है। सभी प्रदेशवासी उत्साह, उल्लास, उमंग, स्वच्छता तथा सदभावना के साथ विजयादशमी पर्व मनाते हुए अध्यात्मिकता का संदेश देने का काम करें। यह पर्व सामाजिक, पारिवारिक, धार्मिक व राष्ट्रीय दायित्वों के साथ सत्य, धर्म, नीति व नैतिकता का संचार करता है। विजयादशमी पर्व पर सभी को मंगलकामनायें।

## सपा प्रमुख ने दी विजयादशमी की बधाई

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विजयादशमी पर्व पर देशवासियों को बधाई देते हुए कहा है कि यह दिन हमें अन्याय पर न्याय की विजय का संदेश देता है। यह सबक भी मिलता है कि अहंकार और अत्याचार का परिणाम सदैव बुरा होता हैं। बुराई और असत्य के मुकाबले हमेशा सत्य की जीत होती है।

## सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट करने वाले के खिलाफ डीजीपी के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● आरोपी मध्य प्रदेश की घटना को यूपी के काशी की बताकर बिगाड़ रहा था जातिगत सद्भाव

**सोशल** मीडिया (एक्स) पर एक भ्रामक पोस्ट डालने वाले लोटन राम निषाद के खिलाफ डीजीपी प्रशांत कुमार के आदेश पर वाराणसी के आदमपुर थाने में एससीएसटी और आईटी एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। डीजीपी मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बीती 10 अक्टूबर को लोटन राम निषाद नामक व्यक्ति ने एक्स हैंडिल पर एक वीडियो अपलोड करते हुए लिखा कि 'जब अपने मंदिर को छोड़कर दूसरे के मंदिर में जाएंगे तो नंगे करके ही पीटे जाएंगे। यूपी चमार समाज के लोग हिन्दू बनकर गंगा में स्नान करके काशी के मंदिर में महादेव के दर्शन करने गए थे, तब ऊंची जाति वालों ने नंगे करके पीटे। और जाओ मंदिर में दर्शन करने के लिए।' जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त वीडियो काशी (वाराणसी) का न होकर मध्यप्रदेश के जनपद खरगौन स्थित महेश्वर घाट का है। डीजीपी मुख्यालय स्थित सोशल मीडिया सेन्टर द्वारा उक्त भ्रामक ट्वीट के सम्बन्ध में तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित किया गया। डीजीपी प्रशांत कुमार द्वारा उक्त भ्रामक ट्वीट का तत्काल खण्डन करते हुए आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने के आदेश दिए गए। उप्र पुलिस के फैक्टचेक हेतु बनाये गए ट्विटर अकाउन्ट से तत्काल उक्त भ्रामक ट्वीट का खण्डन करते हुए वाराणसी पुलिस को पोस्ट करने वाले के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने के आदेश दिए गए। वाराणसी पुलिस द्वारा अवगत कराया गया कि सम्बन्धित ट्विटर अकाउन्ट के विरुद्ध थाना आदमपुर में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर भ्रामक खबरों एवं अफवाहों के खण्डन के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस सतत् प्रयत्नशील है। गलत व भ्रामक खबरों के खण्डन एवं सत्यता को सोशल मीडिया के माध्यम से जन सामान्य तक पहुंचाने के उद्देश्य से डीजीपी निर्देशन में उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा 7 दिसम्बर 2017 को एक ट्विटर (एक्स) हैण्डिल लांच किया गया। उक्त ट्विटर हैंडल के आरम्भ से अब तक लगभग 212 भ्रामक खबरों एवं अफवाहों का खण्डन, इसके माध्यम से कराया जा चुका है।

# समाजवादी पार्टी की सोच विनाशकारी है: भूपेन्द्र सिंह चौधरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने जननायक जय प्रकाश नारायण की जयंती पर सपा प्रमुख द्वारा किए गये व्यवहार को बचकाना एवं अपरिपक्वता का परिचायक बताया। उन्होंने कहा कि सपा की सोच विनाशकारी है। उन्हें सत्ता से गए हुए पूरे साढ़े सात साल हो गए, लेकिन उनकी अकड़, पुलिस के साथ बदसुलूकी और धमकी यही दिखाती है कि जनता ने उन्हें जिस हाल में पहुंचा दिया है, उसके बाद भी उनकी गुंडागर्दी, दंगाई और अराजकता बरकरार है। उन्होंने कहा कि वे खुद को मुख्यमंत्री समझने का मुग़ालता अभी भूल नहीं पाये हैं, वे प्रदेश को वापस अराजकता की ओर लौटाने की मंशा रखते हैं, वे प्रदेश का विकास नहीं विनाश ही चाहते हैं। उत्तर प्रदेश के निवासी यह भूले नहीं हैं कि उनके शासन में उनकी नहीं बल्कि गुंडे,दंगाइयों और बलात्कारियों की ही पूछ होती थी। आज वे जननायक के नाम पर राजनीतिक स्वाँग रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि जेपी की जयंती के नाम पर राजधानी लखनऊ में बड़ा बवाल खड़ा करने की सपा की कोशिशों को योगी सरकार ने नाकाम कर दिया है तो बौखलाए अखिलेश यादव पुलिस को धमका रहे हैं। पिछले साल भी अखिलेश यादव जी ने अर्ध निर्मित जेपीएनआईसी में जाकर राजनीतिक नौटंकी कर सस्ती लोकप्रियता पाने का प्रयास किया था ऐसा ही कृत्य इस बार भी उनके द्वारा किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अखिलेश यादव जेपी का नाम लेकर नौटंकी कर रहे है। वो जेपी के बारे में जानते ही क्या हैं। अगर वो जननायक जय प्रकाश नारायण के बारे में थोड़ा भी जानते तो उन्हीं लोगों की गोद में न बैठे होते जिनके खिलाफ ही जय प्रकाश नारायण ने पूरा आंदोलन खड़ा किया था। उन्हें पता भी है कि कांग्रेस सरकार ने जेपी के साथ क्या किया था। ये सिर्फ सत्ता लोभी लोग हैं जो आदर्शों और मूल्यों के लिए नहीं बल्कि निजी स्वार्थ के लिए राजनीति में हैं। उन्होंने कहा कि जेपी ने ही कांग्रेस की तानाशाही को हटाने के लिए संपूर्ण क्रांति आंदोलन चलाया था। उसी कांग्रेस के साथ सत्ता के स्वार्थ में सपा ने गठबंधन किया है। जनता मूर्ख नहीं है, चरित्र देखकर हिसाब बराबर कर देती है। यही कारण है कि आज दोनों सत्ता से बाहर बैठे हैं। सपा को जेपी की जयंती मनाने का नैतिक अधिकार नहीं है। उनकी सरकार के कार्यकाल में बनाया गया अर्धनिर्मित जेपीएनआईसी भ्रष्टाचार का सजीव उदाहरण है।

# पिता की हत्या में बीते आठ साल से फरार अपराधी प्रदीप कुमार चारबाग से गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● गाजीपुर जिले की पुलिस ने गिरफ्तारी पर घोषित कर रखा था 50000 का ईनाम

**गाजीपुर** जिले के थाना खानपुर थाना क्षेत्र में आठ साल पूर्व अपने ही पिता की हत्या कर फरार हुए सिंहपुर रकैचा, थाना तरवां, जनपद आजमगढ निवासी प्रदीप कुमार को एसटीएफ ने लखनऊ के चारबाग स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है।

अभिसूचना संकलन के लिए एसटीएफ फील्ड इकाई, वाराणसी की टीम जनपद लखनऊ में मौजूद थी कि विश्वस्त सूत्र के माध्यम से ज्ञात हुआ कि थाना खानपुर, जनपद गाजीपुर में धारा 302/201/364/120बी/34 भादवि के तहत दर्ज मुकदमे में वांछित 50,000 का पुरस्कार घोषित शातिर अपराधी प्रदीप कुमार चारबाग रेलवे स्टेशन लखनऊ के पास मौजूद है। इस सूचना पर प्रदीप कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया।अभिसूचना संकलन एवं पूछताछ से पाया गया कि प्रदीप कुमार के पिता रामअवध राम कस्बा व थाना



चिरैयाकोट, जनपद मऊ में आशीष नर्सिंग होम के नाम हास्पिटल चलाते थे। रामअवध राम का अपने हास्पिटल के ही एक महिला सहकर्मी से संबंध हो गया था, जिसको लेकर रामअवध का अपने परिवार से विवाद रहने लगा। जिसके कारण कुछ दिनों के बाद चिरैयाकोट में अपना हास्पिटल बन्द कर रामवअवध राम अपने महिला सहकर्मी के साथ जहानागंज, जनपद आजमगढ़ में हास्पिटल खोल लिया। इसके कुछ दिन के उपरान्त रामअवध राम 11 जुलाई 2016 को अचानक गायब हो गया। इसी दौरान 11 जुलाई 2016 को ही एक अज्ञात शव जनपद गाजीपुर के थाना खानपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्रामसभा क्षेत्र सादीभादी में मिला था। इस संबंध ग्राम प्रधान सादीभादी की सूचना पर थाना खानपुर पर मुकदमा पंजीकृत हुआ था। उक्त अज्ञात शव की शिनाख्त कुछ माह बाद रामअवध राम के रूप में हुई थी। स्थानीय पुलिस की विवेचना से उक्त घटना में रामअवध राम की पत्नी व इसके बेटे प्रदीप कुमार, संदीप कुमार व आशीष कुमार का नाम प्रकाश में आए। जिसमें से प्रदीप कुमार को छोडकर शेष अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर स्थानीय पुलिस द्वारा जेल भेजा जा चुका था। प्रदीप कुमार वर्ष 2016 से ही फरार चल रहा था। अभियुक्त ने घटना के संबंध में बताया कि उसके पिता घर आए जहां महिला सहकर्मी को लेकर घर में विवाद हो गया। जिसके दौरान वह और उसके भाई व मां ने मिलकर रामअवध की रस्सी से गला दबाकर हत्या कर शव को बोरे में भर कर औडिहार वाले रोड पर सादीभादी गांव के पास फेंक दिया था। उक्त घटना के खुल जाने पर जब उसके भाई व मां जेल चले गए तो वह तभी से लुकछिप कर रह रहा था।

# युवाओं को रामलीला से मिलती है सम्मान देने की शिक्षा: डॉ. राजेश्वर सिंह

## दुर्गा पांडालों में पहुंचे सरोजनी नगर विधायक, लिया आदिशक्ति मां दुर्गे का आशीर्वाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शारदीय** नवरात्रि के अवसर पर सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने विभिन्न दुर्गा पांडालों में पहुंचकर मां दुर्गा का पूजन अर्चन किया। साथ ही गरबा डांडिया कार्यक्रमों और रामलीला कार्यक्रमों में भी सहभागिता की। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने एलडीए कॉलोनी स्थित गीतांजलि दुर्गा पूजा पार्क एवं कम्युनिटी हॉल तथा नादरगंज में अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया कल्चरल सोसायटी द्वारा आयोजित दुर्गा पांडालों में दर्शन पूजन किया। इसके साथ ही आशियाना स्थित अमराल्ड मॉल में डांडिया एवं गरबा नाइट्स में पहुंचे डॉ. सिंह ने गरबा और डांडिया को समाज में सामूहिकता, आनंद और आदिशक्ति के प्रति समर्पण भाव व्यक्त करने का अनुपम माध्यम बताया।

विधायक ने आशियाना स्थित मल्टी एक्टिविटी सेंटर में आयोजित डांडिया नाइट्स में भी सहभागिता की। डॉ. सिंह ने जागरण पार्क, हाउसिंग सोसाइटी में आयोजित देवी जागरण में पहुंचकर माता रानी के मनमोहक भजन सुनें।



सार्वजनिक पार्क, तेलीबाग में पर्वतीय रामलीला समिति तेलीबाग द्वारा आयोजित रामलीला कार्यक्रम में पहुंचे डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि रामलीला संस्कृति कला और संस्कारों का संगम है, रामलीलाओं का मंचन वर्तमान पीढ़ी को हमारे इतिहास, सभ्यता और परंपराओं से जोड़ने का अनुपम मंच है।

रामलीला का मंच युवाओं को मर्यादा में रहने, माता पिता की सेवा करने, परिवार और रिश्तों को महत्व देने, प्रतिकूल समय में भी संयम और शांति से कम लेने की शिक्षा देता है। कौशिक बैनर्जी जी, पार्षद कौशलेंद्र द्विवेदी, दुर्गेश पांडे, ए के बैरल, डॉ एस के सिन्हा सेक्टर संयोजक, पी के भट्टाचार्या, गुड्डू दीक्षित, दीपेश चौधरी, संजय पांडे जी, हेमंत पांडे, हरदेव सिंह, डॉ एस के सिंह एवं भगवान शंकर त्रिवेदी, अमियो सरकार, संदीप कुमार सरस्वती, दिलीप कुमार गुहा चौधरी, डॉ संजीत कुमार सिन्हा, पार्षद सौरभ सिंह मोनू, दिनेश सिंह राठौर, विपिन सिंह, नितिन अग्रवाल, पार्षद हिमांशु अम्बेडकर, दीपाल गुप्ता, सुमित दस, केके श्रीवास्तव, पर्वतीय समाज से गणेश चंद्र जोशी, जानकी अधिकारी जी उपस्थित रहे!

# 51 हजार निराश्रित महिलाओं को दिए गए पक्के मकान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

## मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण



**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर मुख्यमन्त्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत प्रदेश में 51 हजार पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला (आयु 18 से 40 वर्ष) को इस वर्ष आवास आवंटित किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री की पहल पर इस तरह की निराश्रित महिलाओं को मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की पात्रता की प्राथमिकता श्रेणी में सम्मिलित किया गया है।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला (आयु 18 से 40 वर्ष) एक अत्यन्त ही संवेदनशील वर्ग है, जिससे सामाजिक एवं सरकारी स्तर पर बेहद सुरक्षा की आवश्यकता होती है। इस उम्र की विधवा महिलाएं प्रायः ऐसी होती है ,जिनमें से अधिकांश के बहुत छोटे-छोटे बच्चे होते हैं, जिससे इनके सुरक्षा एवं सहयोग की आवश्यकता और बढ़ जाती है। राज्य सरकार ने इस आयु वर्ग के लाभार्थियों को समस्या के दृष्टिगत इन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के पात्रता/प्राथमिकता सूची में सम्मिलित कर एक क्रांतिकारी कदम उठाया है ,जो समाज के हर जरूरतमंद के साथ खड़े होने की राज्य सरकार की मंशा को दर्शाता है। उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि मिशन शक्ति की दिशा में ग्राम्य विकास विभाग का यह क्रान्तिकारी कदम हैं। इससे ग्राम्य विकास विभाग द्वारा मातृ शक्ति को बहुत बड़ा सम्बल मिला है। महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री जी के यशस्वी मार्गदर्शन में केंद्र और राज्य की सरकार, महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं। हमारी माताओं, बहनों व बेटियों ने हर क्षेत्र में कदम से कदम मिलाकर नए भारत के निर्माण में अपना योगदान सुनिश्चित किया है। हम अपनी नारी शक्ति की ताकत, साहस, और दृढ़ता को नमन करते हैं और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हैं। हमारी सरकार शिक्षा, उद्यमिता, कृषि, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में पहलों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण राज्य सरकार द्वारा संचालित ग्रामीण आवासीय योजना है, जिसे वर्ष-2018 से प्रारम्भ किया गया। इस योजना में प्राकृतिक आपदा, कुष्ठ रोग एवं कालाजार आदि रोगों से प्रभावित परिवार, आर्थिक दृष्टि से पिछडे जनजाति परिवार, दिव्यांगजन तथा मुसहर, वनटांगिया, बंजारा आदि कई वर्ग के आवास विहीन परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्राथमिकता श्रेणी में जोडते हुए इस योजना से बडी संख्या में लाभ दिया जा रहा है। अब तक 3.51 लाख परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत आवास आवंटित किये गये हैं। आपको बताते चलें कि इस योजना में वर्ष 2024-25 में पात्रता की प्राथमिकता श्रेणी में पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला (आयु 18 से 40 वर्ष) को सम्मिलित करते हुए राज्य सरकार द्वारा इस श्रेणी के आवासविहीन पात्र परिवारों का जनपद स्तर से सर्वेक्षण कराया गया। प्रदेश के जनपदों से लगभग 51 हजार घरों की मांग इस श्रेणी में की गयी। सभी 51 हजार पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला (आयु 18 से 40 वर्ष) को इस वर्ष आवास आवंटित कर दिये गये हैं। इन आवासों के स्वीकृति एवं प्रथम किस्त निर्गत कराने की कार्यवाही प्रक्रिया में है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा विभागीय अधिकारियों को इन परिवारों के शीघ्रता से आवास स्वीकृत कर इन्हें पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये हैं। कहा है इतनी बड़ी संख्या में पति की मृत्यु के उपरान्त कम उम्र की निराश्रित महिलाओं को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की संवेदनशीलता एवं मिशन शक्ति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

आयुक्त ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि अब तक 3.51 लाख परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत आवास आवंटित किए गए हैं।

# गुरु गोरखनाथ का पूजन कर विजयादशमी शोभायात्रा की अगुवाई करेंगे गोरक्षपीठाधीश्वर

- गोरखनाथ मंदिर में पूर्वाह्न होगा गुरु गोरखनाथ का विशिष्ट पूजन
- तिलकोत्सव कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देंगे गोरक्षपीठाधीश्वर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर

**विजयादशमी** के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार पूर्वाह्न शिवावतार गुरु गोरखनाथ का विशिष्ट पूजन करेंगे तो सायंकाल गोरखनाथ मंदिर से निकलने वाली पारंपरिक विजयादशमी शोभायात्रा की अगुवाई करेंगे। शोभायात्रा का समापन मानसरोवर रामलीला मैदान में होगा जहां गोरक्षपीठाधीश्वर प्रभु श्रीराम का पूजन व राज्याभिषेक करेंगे।

सामाजिक समरसता के ताने-बाने को मजबूत कर समग्र रूप में लोक कल्याण की भावना को संजोए गोरक्षपीठ से प्रति वर्ष विजयादशमी को निकलने वाली विजय शोभायात्रा अनूठी होती है। गोरक्षपीठाधीश्वर की अगुवाई वाली परंपरागत शोभायात्रा में हर वर्ग के लोग तो शामिल होते ही हैं, इसका अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों द्वारा भव्य स्वागत भी किया जाता है। वास्तव में विजयदशमी का पर्व गोरक्षपीठ की विशिष्टता और इसके ध्येय की व्यापकता को एक बड़े फलक पर अवलोकन करने का भी अवसर होता है। गोरखनाथ मंदिर की विजयादशमी शोभायात्रा इसलिए भी आकर्षक और अनूठी होती है कि अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भी इसके स्वागत के लिए गोरखनाथ मंदिर के मुख्य द्वार से थोड़ी दूरी पर घंटों पहले फूलमाला लेकर खड़े रहते हैं। गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी विजयादशमी के दिन, शनिवार सायंकाल गोरखनाथ मंदिर से गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। विजयादशमी पर गोरक्षपीठाधीश्वर नाथपंथ की परंपरा के अनुसार विशेष परिधान में होते हैं। पीठाधीश्वर, गुरु गोरक्षनाथ का आशीर्वाद लेकर अपने वाहन पर सवार होंगे। तुरही, नगाड़े व बैंड बाजे की धुन के बीच शोभायात्रा मानसरोवर मंदिर पहुंचेगी। यहां पहुंचकर गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ गोरक्षपीठ से जुड़े मानसरोवर मंदिर पर देवाधिदेव महादेव की पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद उनकी शोभायात्रा मानसरोवर रामलीला मैदान पहुंचेगी। यहां चल रही रामलीला में वह प्रभु श्रीराम का राजतिलक करेंगे। इसके साथ ही प्रभु श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मण व हनुमानजी का पूजन कर आरती भी उतारी जाएगी। रामलीला मैदान में गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संबोधन भी होगा। विजयादशमी के दिन पूर्वाह्नकाल गोरक्षपीठाधीश्वर गुरु गोरखनाथ का विशिष्ट पूजन करेंगे। साथ ही मंदिर परिसर के सभी देव विग्रहों की पूजा की जाएगी। इसके बाद गोरखनाथ मंदिर में होने वाले पारंपरिक तिलकोत्सव कार्यक्रम में गोरक्षपीठाधीश्वर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देंगे। सायंकाल विजयादशमी शोभायात्रा निकाली जाएगी। देर शाम को गोरखनाथ मंदिर में परंपरागत भोज का भी आयोजन होगा जिसमें अमीर-गरीब और जाति-मजहब के विभेद से परे बड़ी संख्या में सर्वसमाज के लोग शामिल होंगे।

### लगेगी संतों की अदालत, दंडाधिकारी की भूमिका में होंगे गोरक्षपीठाधीश्वर

**गोरक्षपीठ** में विजयादशमी का दिन एक और मायने में भी विशेष होता है। इस दिन यहां संतों की अदालत लगती है और दंडाधिकारी की भूमिका में होते हैं गोरक्षपीठाधीश्वर। नाथपंथ की परंपरा के अनुसार हर वर्ष विजयदशमी के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर में पीठाधीश्वर द्वारा संतों के विवादों का निस्तारण किया जाता है। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ नाथपंथ की शीर्ष संस्था अखिल भारतवर्षीय अवधूत भेष बारह पंथ योगी महासभा के अध्यक्ष भी हैं। इसी पद पर वह दंडाधिकारी की भूमिका में होते हैं। गोरखनाथ मंदिर में विजयादशमी को पात्र पूजा का कार्यक्रम होता है।

# नौ वर्षीय अर्यमा ने संपूर्ण श्री दुर्गा सप्तशती का किया पाठ



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कक्षा** चार की छात्रा नौ वर्षीय अर्यमा शुक्ला ने बक्शी का तालाब स्थित 51 शक्तिपीठ में संपूर्ण श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ बगैर पुस्तक के किया। पाठ सुबह 10 बजे से शुरू होकर दोपहर सवा 12 बजे तक चला। अर्यमा ने बिना किसी विराम के अखण्ड पाठ पूर्ण किया। छोटी सी बच्ची को संपूर्ण श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ करते देख सभी चकित रह गए। ज्ञात हो कि अर्यमा लखनऊ स्थित सिटी मॉन्टेसरी स्कूल की अलीगंज शाखा की कक्षा 4 की छात्रा हैं और लगातार नए- नए कीर्तिमान स्थापित करती रहती हैं।

अर्यमा को संस्कृत में अनेक महामंत्र कंठस्थ हैं जैसे कि महिषासुर मर्दिनी स्तोत्रम, श्री कनकधारा स्तोत्रम, श्री विष्णू सहस्त्रनाम,श्री राम स्तुति, सरस्वती वंदना,शिव रक्षास्तोत्रम, शिव तांडव, श्री गणेशपंचरत्नम, नवदुर्गा स्तोत्रम, श्री हरि स्तोत्रम ,अष्टलक्ष्मी स्तोत्रम, रुद्राष्टकम, शिवाष्टकम, निर्वाण षटकम,शिव षडक्षर स्तोत्रम, श्री राम सहस्त्रनाम, संपूर्ण श्रीमद् भगवत गीता। अर्यमा प्रधानमंत्री मोदी से बहुत प्रभावित हैं और उनसे मिलकर आशीर्वाद प्राप्त करने की इच्छा रखती हैं। अर्यमा को देश की अनेक विभूतियों समेत उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल और जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने भी आशीर्वाद और अपना स्नेह प्रदान किया है, अर्यमा की स्मरण शक्ति और शुद्ध उच्चारण की सभी ने तारीफ की है जबकि अर्यमा अंग्रेजी माध्यम स्कूल की मेधावी छात्रा है और कक्षा में अव्वल आती है किंतु घर पर कोई संस्कृत भाषा का ज्ञाता नही है और वह मात्र सुनकर ही कठिन से कठिन महामंत्रो को शुद्ध उच्चारण सहित कंठस्थ कर लेती हैं।

# रचनात्मक लोकतंत्र के पर्याय हैं जेपी के विचारः यशवंत सिंह



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लोकतंत्र** सेनानी कल्याण समिति, उत्तर प्रदेश के संरक्षक पूर्व मंत्री यशवंत सिंह ने कहा है कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण केवल संघर्ष के नहीं, रचनात्मक लोकतंत्र के पर्याय भी थे. उनके विचार कल भी प्रासंगिक थे, आज भी प्रासंगिक हैं और कल भी प्रासंगिक रहेंगे।

शुक्रवार को चंद्रशेखर चबूतरा (दारुल शफा) पर आयोजित जेपी जयंती सभा में लोकतंत्र सेनानी कल्याण समिति, उत्तर प्रदेश के संरक्षक पूर्व मंत्री यशवंत सिंह ने कहा कि इस महान देश में जेपी एक मात्र ऐसे महामानव हैं जो 1942 के करो या मरो आंदोलन के भी महानायक थे और 1974 -75 के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के भी. उन्होंने कहा कि आज हम आप जिस लोकतान्त्रिक वातावरण में ज़ी रहे हैं, उसमें जयप्रकाश नारायण का सर्वाधिक बड़ा योगदान है। इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानी कल्याण समिति, उत्तर प्रदेश के संयोजक धीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार अनिल त्रिपाठी, राघवेंद्र त्रिपाठी ,इशहाक ,सामाजिक सेनानी अतुल चौबे, संजय गुप्ता, राहुल पाल और पप्पू पाल आदि ने भी जेपी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया।

# एसीपी बोले अफवाह फैलाना है जुर्म,रात में बेवजह घूमते मिले तो ब्योरा नोट करेगी पुलिस



**संवाददाता।** मोहनलालगंज

- नगर पंचायत के मऊ गांव में आयोजित चौपाल में अफसरों ने दी लोगों को सीख

**सोशल** मीडिया के जरिए चोरी की अफवाहें फैला रहे लोगों को एसएचओ आलोक राव और एसीपी रजनीश वर्मा ने शुक्रवार को कड़ी चेतावनी दी। अफसरों ने कहा अफवाहें फैलाना कानूनन जुर्म है और सच्चाई जाने बिना अफवाहें फैलाने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार को नगर पंचायत के मऊ में बंशी बाबा मंदिर प्रांगण में आयोजित चौपाल को संबोधित करते हुए एसीपी ने कहा सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर पुलिस पैनी नजर रख रही है। लोगों को अफवाहों पर ध्यान देने की जरूरत नही है। कुछ भी संदिग्ध नजर आने पर फौरन यूपी 112 और अधिकारियों के नंबर पर सूचना देकर पुलिस की मदद करें। देर रात तक गांव की गलियों में घूमने वाले लोगों को आगाह करते हुए एसीपी ने कहा रात में देर से सोने वाले लोग घरों में ही रहें तो बेहतर रहेगा। आपकी छोटी सी भूल दूसरों को दहशत में डाल सकती है। उन्होंने कहा पुलिस कर्मियों को गश्त के दौरान ऐसे लोगों को कड़ी हिदायत देने और ब्योरा नोट करने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि दूसरी बार बेवजह घूमते मिलने पर पुलिस उनके परिवार को अल्टीमेटम दे सके। ट्रैफिक नियमों और महिला अपराध के बारे में सचेत करते हुए एसीपी रजनीश वर्मा ने लोगों को साइबर फ्रॉड से बचने के लिए कोई अनजान एप डाउनलोड नही करने की सलाह दी। एसीपी ने कहा ब्लैकमेलिंग से बचने के लिए अनजान व्हाट्सएप कॉल बिल्कुल भी न उठाएं। किसी इंटरनेट लिंक पर बिना जाने बूझे क्लिक न करें और एटीएम व बैंक एकाउंट की डिटेल किसी से साझा न करें। बीट सिपाही विकास जायसवाल ने लोगों को नशे की लत से दूर रहकर जिंदगी तबाह होने से बचाने के लिए जागरूक किया।

# 2019 के भी रिकॉर्ड तोड़ेगा महाकुंभ 2025

## गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के माध्यम से दुनिया को दिया जाएगा ग्रीन व स्वच्छ महाकुंभ का संदेश, आयोजन के लिए 5 करोड़ का बजट स्वीकृत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ प्रयागराज



**महाकुंभ**-2025 को भव्य और दिव्य बनाने के साथ ही योगी सरकार दुनिया के सबसे बड़े आयोजन को पूरी दुनिया सामने मिसाल के रूप में भी प्रस्तुत करने जा रही है। करीब दो माह तक चलने वाले इस बड़े आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के साथ ही इस बार कुंभ 2019 की तर्ज पर कई बड़े वर्ल्ड रिकॉर्ड्स भी स्थापित किए जाएंगे। ये रिकॉर्ड्स कुंभ 2019 में बनाए गए रिकॉर्ड्स में सुधार करेंगे और सार्वजनिक गतिविधियों में जनभागीदारी की भावना को प्रोत्साहित करेंगे। 2019 में जहां इन गतिविधियों पर योगी सरकार ने 3.5 करोड़ रुपए खर्च किए थे तो वहीं इस बार 5 करोड़ रुपए के बजट का प्राविधान किया गया है। इन रिकॉर्ड्स के जरिए योगी सरकार पूरी दुनिया को ग्रीन एवं स्वच्छ महाकुंभ का संदेश भी देगी।

योगी सरकार ने महाकुंभ-2025 के पावन अवसर पर आम लोगों की सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए व्यापक पैमाने पर तैयारियां की हैं। इसी क्रम में जनसहभागिता के माध्यम से चार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड भी स्थापित किए जाने की योजना है। इन सभी गतिविधियों को वर्ल्ड रिकॉर्ड के रूप में स्थापित करने के लिए योगी सरकार की ओर से कुल 4.87 करोड़ रुपए के बजट का प्राविधान किया गया है। इसमें गतिविधियों के प्रबंधन पर सवा दो करोड़ रुपए खर्च होंगे, जबकि अन्य विकास कार्यों पर भी 1.62 करोड़ रुपए का खर्च किया जाएगा। इससे पूर्व 2019 कुंभ में भी कई बड़े वर्ल्ड रिकॉर्ड्स स्थापित किए गए थे, जिन पर योगी सरकार ने 3.53 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि खर्च की थी। इस तरह महाकुंभ 2025 में विभिन्न रिकॉर्ड्स के लिए आयोजित होने वाली गतिविधियों में 1.25 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च की जाएगी।

कुंभ 2019 में योगी सरकार द्वारा सर्वाधिक हैण्डप्रिंट प्रिंटिंग का रिकॉर्ड्स स्थापित किया गया था। उस दौरान 8 घंटे में 60 फीट के कैनवास पर 7,664 लोगों के द्वारा हस्ताक्षर पेंटिंग में योगदान दिया गया था। यह रिकॉर्ड एक सामुदायिक भागीदारी गतिविधि थी, जिसमें दुनिया भर के लोगों ने भाग लिया। इस गतिविधि ने दक्षिण कोरिया द्वारा बनाए गए 4675 हस्ताक्षरों के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा। महाकुंभ 2025 में योगी सरकार ने इस गतिविधि में 10 हजार लोगों को सम्मिलित कर नया रिकॉर्ड स्थापित करने की योजना बनाई है।

इसी तरह कुंभ 2019 में योगी सरकार की ओर से मेला क्षेत्र में 28 फरवरी 2019 को सबसे बड़ी बस परेड का आयोजन किया गया था। प्रयागराज मेला प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की परिवहन क्षमता के कुशल प्रबंधन को प्रदर्शित करने के लिए इस गतिविधि के माध्यम से 503 बसों के बेड़े ने शानदार परेड निकाली थी, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया था। इसने अबुधाबी द्वारा बनाए गए 390 बसों के पिछले रिकॉर्ड को ध्वस्त किया था। महाकुंभ 2025 में ग्रीन एनर्जी और हेल्दी इनवायर्नमेंट के प्रति जागरूकता संदेश देने के लिए एक हजार इलेक्ट्रिक रिक्शा (ई-रिक्शा) की परेड़ निकालने की योजना है। कुंभ 2019 में घाटों और मेला क्षेत्र की एक साथ सफाई को लेकर भी रिकॉर्ड स्थापित किया गया था, जो योगी सरकार की स्वच्छता और कचरा निपटान प्रणाली के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उस दौरान 10,180 लोगों ने इसमें सहभागी बनकर एक ही समय में कई स्थानों पर सफाई अभियान चलाया, जो गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ। महाकुंभ 2025 में इस रिकॉर्ड को भी तोड़ने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। योजना के अनुसार इस बार 15 हजार लोग एक साथ मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों और घाटों पर सफाई अभियान चलाएंगे। स्वच्छता के इस कार्यक्रम में एक और नया रिकॉर्ड स्थापित किया जाएगा, जिसके तहत 300 लोग एक साथ नदी में उतरेंगे और सफाई अभियान को अंजाम देंगे।

# एसडीएम ने तलब किया स्पष्टीकरण

**मोहनलालगंज।** भाजपा सभासद की शिकायत पर एसडीएम ने नगर पंचायत के ईओ से स्पष्टीकरण तलब किया है। सभासद ने प्लॉटिंग कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए सरकारी भूमि से बिना अनुमति रोड बनाने का आरोप लगाकर कमिश्नर से शिकायत की थी। हालांकि विरोध के बावजूद रोड निर्माण शुरू होने का मुद्दा सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बर्निंग टॉपिक बना हुआ है। मोहनलालगंज नगर पंचायत के भाजपा सभासद हिमांशु तिवारी ने ईओ पर प्लॉटिंग कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए मऊ में अतिक्रमण मुक्त कराई गई सरकारी भूमि से बिना अनुमति रोड निर्माण का टेंडर कराने का आरोप लगाकर कमिश्नर डॉक्टर रोशन जैकब से शिकायत की थी। कमिश्नर के आदेश पर एसडीएम ने शिकायत के आधार पर ईओ से तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। उधर सभासद हिमांशु तिवारी ने शुक्रवार को जांच से पूर्व ही रोड निर्माण शुरू कराए जाने का आरोप लगाकर अधिकारियों से शिकायत की। मामला सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो लोगों में चर्चा का विषय बन गया। हालांकि अधिकारियों की मानें तो जांच के बाद ही पूरे मामले की तस्वीर साफ हो सकेगी।

# बुजुर्ग को प्रेमजाल में फंसाकर धोखे से हड़पी लाखों की जमीन, पुलिस ने भेजा जेल

**मोहनलालगंज।** बुजुर्ग को प्रेमजाल में फंसाकर शातिर महिला ने निकाह के बाद वसीयत के बहाने धोखे से लाखों की जमीन अपने नाम करा ली। फिर बुजुर्ग को धोखा देकर घर से नकदी और जेवरात समेत अन्य कीमती सामान लेकर चुपके से भाग निकली। पीड़ित बुजुर्ग को धोखाधड़ी की भनक लगी तो उन्होंने पूरे मामले की शिकायत पुलिस से की।एफआईआर दर्ज कर जांच कर रही पुलिस टीम ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मोहनलालगंज के 80 वर्षीय बुजुर्ग निहाल अहमद को प्रेमजाल में फंसाकर परवीन बानो ने उनसे निकाह किया। फिर जीवन को सुरक्षा देने के लिए बुजुर्ग को राजी कर वसीयत के बहाने ले जाकर 10 फरवरी 2023 को धोखे से लाखों की जमीन की अपने नाम रजिस्ट्री करा ली। परवीन ने 8 दिसंबर 2023 को वही जमीन 17 लाख में बेंच दी। यही नही इसी बीच चुपके से 50 हजार की नकदी और जेवर समेत अन्य कीमती सामान लेकर परवीन बानो बुजुर्ग को धोखा देकर भाग निकली। जमीन की दाखिल खारिज की भनक लगने पर बुजुर्ग निहाल अहमद खान को धोखाधड़ी का अहसास हुआ और उन्होंने पुलिस से पूरे मामले की शिकायत कर एफआईआर दर्ज कराई। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया आरोपी परवीन बानो बाराबंकी में तीसरा निकाह कर रही थी। उसका पता लगाकर पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया।

# मूर्ति विसर्जन को लेकर बैठक संपन्न, रुट को लेकर हुई चर्चा

**हमीरपुर।** नवदुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर पुलिस ने शांति कमेटी कीबैठक कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गयी। यह बैठक नवदुर्गा प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई थी। इस दौरान कमेटी के सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा की जिसमें प्रतिमा विसर्जन के मार्ग समय और सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी साझा की गई। पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा निर्देशित दिशा.निर्देशों के तहत सुरक्षा के लिए पुलिस बल की तैनाती ट्रैफिक्र व्यवस्था और संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही कमेटी के सदस्यों से अपील की गई कि वे स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर शांतिपूर्ण तरीके से आयोजन संपन्न कराने में सहयोग करें। प्रतिमा विसर्जन के दौरान शांति और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए विशेष योजनाएं बनाई गई हैं। इसके अंतर्गत ड्रोनों और सीसीटीवी कैमरों की मदद से निगरानी भी की जाएगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और धार्मिक आयोजनों को सफ्लतापूर्वक एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना था।

### सभी देवी भक्त शांतिपूर्वक निकाले जुलूस-पुलिस

**राठ (हमीरपुर)।** नवरात्रि पर्व पर देवी विसर्जन को लेकर कोतवाली में देवी समिति के लोगों के साथ कोतवाल उमेश सिंह ने कोतवाली परिसर में बैठक की। बैठक में कोतवाल ने सभी देवी भक्तों को शांति पूर्ण तरीके से जूलूस निकालने की अपील की।

कोतवाल उमेश सिंह ने कहा कि जूलूस के दिन शांति बनाए रखें। कोई भी अराजकता न फैलाएं। कोई भी भारी डीजे की गाड़ी न लगाएं। कहा कि अगर कोई भी अराजकता फैलाएं तो तुरंत पुलिस को सूचना दे। कहा क्रम से देवी प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। कोई भी नई परंपरा न हो। सभी की परमिशन होनी चाहिए। इस दौरान दो दर्जन से अधिक देवी भक्त मौजूद रहे।

# यज्ञ-कन्या भोज के साथ शारदीय नवरात्र का समापन

**फतेहपुर।** महानवमी पर मां सिद्धिदात्री की जिले में विधि विधान से भक्तों ने पूजा अर्चना की। मंदिरों में भक्तों की काफी भीड़ उमड़ी। घरों में कन्या पूजन के साथ ही जगह-जगह देवी जागरण व भंडारों के भी आयोजन किए गए। शहर के दुर्गा मंदिर में हवन, कन्या पूजन व भंडारे का आयोजन किया गया। शारदीय नवरात्र शुक्रवार को हवन व कन्या भोज के साथ संपन्न हो गए। नवमी पर देवी भक्तों ने शक्ति के नौवें स्वरूप माता सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना कर घर परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। शहर के देवी मंदिरों में व पांडालों में माता की पूजा अर्चना के लिए भोर से देर रात्रि तक श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा। जगह जगह हवन पूजन के साथ कन्या व लंगुरों को भोज कराया गया। इस बार शारदीय नवरात्र का विशेष महत्व था। नवरात्र के नौ दिनों में विशेष योग भी पड़े। इन योगों का अपने आप में विशेष महत्व था। लोगों की भीड़ प्रमुख देवी मंदिरों के साथ दुर्गा पांडालों में नजर आया। सुबह शाम हुई माता की आरती के समय तो तिल रखने की भी जगह नहीं थी। नवमी पर माता सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की गई। आचार्यों का कहना है कि मार्कण्डेय पुराण के अनुसार माता के पास आठ प्रकार की सिद्धियां पाई जाती हैं जिस साधक ने इन सिद्धियों को प्राप्त कर लिया समझो व सुख समृद्धि का प्रतीक बन गया। माता सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना के साथ साथ कन्या भोज और यज्ञ का भी विशेष फ्ल मिलता है।

### दुर्गा पंडाल में स्वयंसेविकाओं ने चलाया सड़क सुरक्षा अभियान

**फतेहपुर।** डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योति एवं सड़क सुरक्षा समिति प्रभारी अनुष्का छौंकर के दिशा निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना, सड़क सुरक्षा समिति एवं महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में छात्राओं ने दशहरे के मेले में आए हुए लोगों को सड़क-सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का कार्य किया।

# पूजा अर्चना व विशाल भंडारों के बीच मनाया गया नवमी का पर्व

## एनटीपीसी विंध्याचल में धूमधाम से मनाया जा रहा दुर्गोत्सव

संवाददाता। बीजपुर, सोनभद्र





**नवरात्रि** के नवें दिन शुक्रवार को सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना भजन कीर्तन हवन व जगह जगह आयोजित किए गए विशाल भंडारों से समूचा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में रहा। भोर से ही बीजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सिरसोती बीजपुर डोड़हर नेमना जरहाँ राजमिलान महुली लीलाडेवा अनजानी पिंडारी झीलो व खम्हरिया समेत अन्य स्थानों पर प्रतिस्थापित की गई माँ दुर्गा की मूर्ति के समक्ष पूजा पंडालों में भक्तों ने मत्था टेककर परिजनों व देश की सलामती के लिए दुआ मांगी। इस दौरान आयोजित किए गए विशाल भंडारों में काफी तादाद में भक्तजनों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। साथ ही आयोजित किए जा रहे भजन कीर्तन का भी दर्शकों ने जमकर लुत्फ उठाया। पूजा पंडालों में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए, एक तरफ जहां वहां के समिति के पदाधिकारी व सदस्यगण जुड़े हुए देखे गए। वहीं दूसरी तरफ समूचे क्षेत्र में किसी भी अप्रिय घटना से निपटने व शान्ति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए प्रभारी निरीक्षक बीजपुर अखिलेश कुमार मिश्र के दिशा निर्देशन में पुलिस की टुकड़ियां जगह-जगह मुस्तैदी से तैनात देखी गई।

एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना में दुर्गा उत्सव कार्यक्रम 03 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2024 तक बड़े ही धूम धाम से मनाया जा रहा है। जिसमे विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में एनटीपीसी विंध्याचल पुजा समिति द्वारा दुर्गा अष्टमी के अवसर पर सर्वप्रथम सब्जी, खीर, पूड़ी, हलवा का भोग माँ दुर्गा को लगाया गया। तत्पश्चात पुजा समिति द्वारा कन्या पूजन कर कन्याओं को कन्या भोज कराया गया। कन्या भोजन के बाद सभी कन्याओं को प्रसाद के रूप में फ्ल एवं उपहार प्रदान कर सभी ने आशीर्वाद ग्रहण किया।

# मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत चलाया गया जागरूकता अभियान



**सोनभद्र।** मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र के अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव कस्बा स्कूल कालेज बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला बालिकाओं को जागरूक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वूमेन पॉवर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड लाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में साइबर अपराधों के बारे में साइबर हेल्पलाइन 1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारे में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया।

# हिन्डाल्को में दिशिता एवं दृष्टि महिला मंडल के कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब

संवाददाता। सोनभद्र



**हिण्डालको** रेणुसागर में दिशिता महिला मंडल की अध्यक्षा इंदु सिंह के नेतृत्व में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर हिण्डालको रेणुसागर प्रेक्षागृह के प्रांगण में आयोजित भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखने के लिये श्रद्धालुआ का जनसैलाब उमड़ा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि हिण्डालको रेणुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुय कहा कि दृष्टि एवं दिशिता मण्डल की अध्यक्षा के मार्गदर्शन में इस तरह के आयोजनों ने न केवल स्टाफ अधिकारियों के महिलाओं एवं श्रमिक कर्मचारियों के महिलाओं,युवतियों एवं बच्चों को मंच प्रदान किया, बल्कि उनकी प्रतिभाओं को निखारने और उनका आत्मविश्वास बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, उत्साह और सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित किया है।

आर पी सिंह ने कहा कि रेणुसागर में प्रतिभा कूट-कूट कर भरा है उसे सिर्फ निखारने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दिशिता महिला मंडल सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा परियोजना के आस पास के गावों एवं सुदूरवर्ती गावों के महिला को आत्मनिर्भर बनाने के लिये सार्थक प्रयास कर रही है। कर्यक्रम का शुभारंभ गणेश बन्दना से प्रारम्भ हुआ तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम में दृष्टि एवं दिशिता महिला मंडल की सदस्याओं परियोजनाओं के इंजीनियर युवतियों एवं बच्चों ने एक से एक बढ़कर शानदार प्रस्तुति में महिषासुर मर्दनी रक्तबीज संहार की जीवंत प्रस्तुति ने जहाँ एक तरफ श्रद्धालुओं के रोंगटे खड़े कर दिये, वही डांडिया एवं गरबा भक्ति नृत्य की प्रस्तुति ने खचाखच भरे प्रांगण में लोगों को तालियां बजाने के लिये मजबूर कर दिया। इसके पूर्व प्रेक्षागृह के प्रांगण में माँ दुर्गा गणेश लक्ष्मी माँ सरस्वती एवं भगवान कार्तिकेय की आकर्षक प्रतिमा की श्री श्री दुर्गा पूजा समिति द्वारा महा सप्तमी पर नव पत्रिका स्नान पूजा पुष्पांजलि भोग निवेदन एवं आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।

# किसान यूनियन ने लगाया बगैर साफ सफाई कराये कोरमपूर्ति का आरोप



**सकलडीहा, चन्दौली।** तहसील क्षेत्र के नहरों और माइनरों का भारतीय किसान यूनियन टिकैत के लोगो ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। इस दौरान नहरों की सफाई में बड़े पैमाने पर घालमेल का आरोप लगाया। कहा कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत से बडे पैमाने पर धन का बंदरबाट किया गया है। किसानों ने मौके का वीडियो बनाकर कार्रवाही की मांग किया है। भारतीय किसान यूनियन के मंडल अध्यक्ष वाराणसी जितेन्द्र प्रताप तिवारी एवं मण्डल कोषाध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने नहरों का निरीक्षण किया। जिसमें मूसाखांड डिवीजन की भुपौली पम्प कैनाल से निकली नहर से महुरा गांव के पास से निकली जिगना माइनर, प्रहलादपुर माइनर में काफी समय से जलकुंभी, झाड़ झंखाड़,करेंम से पटी हुई है। जिससे टेल के किसानो को सिंचाई करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सफाई के नाम पर खानापूर्ति कर छोड़ दिया गया। जबकि पूरा सफाई दिखाकर पैसा निकाल लेने का आरोप लगाया है। वही बलुआ माइनर, मनिहरी माइनर, रामरूप दासपुर माइनर इत्यादि माइनरों की यही दशा है। किसान यूनियन के लोगों ने डीएम से मामले की जांच कराने की मांग उठाई। किसानों ने कहा कि अगर इसकी सही ढंग से जांच किया जाय तो बड़े भ्रष्टाचार का खुलासा हो सकता है।

# स्कूली बच्चों को कानूनी अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक

संवाददाता। प्रयागराज



**अलकौसर** सोसाइटी और प्रयागराज पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत बालकों के अधिकार एवं संरक्षण पर मेरी वाना मेकर गर्ल्स इंटर कॉलेज प्रयागराज में विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। अल कौसर सोसाइटी की अध्यक्ष और उच्च न्यायालय की अधिवक्ता नाजिया नफीस ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही उन्हें उनके कानूनी अधिकार के प्रति भी जागरूक किया। विशेष किशोर पुलिस इकाई प्रभारी तीर्थराज यादव ने बालिकाओं को किशोर न्याय अधिनियम एवं बाल विवाह के प्रति जागरूक किया। घनश्याम मणि त्रिपाठी प्रभारी एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा बालिकाओं एवं शिक्षिकाओं को सरकार के विभिन्न टोल फ्री नंबर के बारे में बताया गया। महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी सरिता यादव ने बालिकाओं को यौन अपराध से बचने के उपाय के बारे में बताया। एसजेपीयू अजय कुमार मौर्य ने बालिकाओं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया और उन्हें से सुरक्षित रहने के उपाय बताया। मिशन शक्ति कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय की प्रधानाचार्य शुभा वॉशिंगटन का भी विशेष योगदान रहा।

कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिका संगीता जैकब और भावना मोजिज ने बालिकाओं को जोड़ने का कार्य किया। बालिकाओं ने कार्यक्रम में बड़ी रुचि के साथ प्रतिभाग किया। बालिकाओं ने कार्यक्रम में अतिथियों से कई सारे सवाल किया। जिसका वहां पर उपस्थित विधि विशेषज्ञों और पुलिस अधिकारियों द्वारा जवाब दिया गया। संस्था की अध्यक्ष नाजिया नफीस से बालिकाओं ने आग्रह किया कि वह इस तरह के ज्ञानवर्धक और जागरूकता के कार्यक्रम समय समय पर विद्यालय में कराती रहें। कार्यक्रम में मोहम्मद सलमान हेड कांस्टेबल अली बसर कांस्टेबल अंकित यादव मुआ आकांक्षा आदि रहे।

# गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 3 सदस्य गिरफ्तार

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण एवं कुशल नेतृत्व में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 11 अक्टुबर को चोपन थानें के प्र0नि0 विजय कुमार चौरसिया, का0 किशन यादव व म0का0 जोहरा बेगम द्वारा थाना चोपन पर पंजीकृत मुकदमें में वांछित अभियुक्त सतेन्द्र कन्नौजिया उर्फ सिंकदर पुत्र अमेरिका निवासी रामगढ़ थाना कोन जनपद सोनभद्र उम्र करीब 38 वर्ष, अमेरिका कन्नौजिया पुत्र स्व0 बबली निवासी रामगढ़ थाना कोन, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 58 वर्ष, व विमला देवी पत्नी सतेन्द्र कन्नौजिया उर्फ सिकन्दर निवासी रामगढ़ थाना कोन जनपद सोनभद्र उम्र करीब 36 वर्ष को प्रातः 07.25 बजे मुखबीर की सूचना पर तेलगुड़वा चौराहा से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।

## क्विक न्यूज

### डीएलएड में प्रवेश के लिए सवा तीन लाख आनलाइन आवेदन

**प्रयागराज।** डीएलएड में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन सवा तीन लाख अभ्यर्थियों ने किया है। जमा किए गए शुल्क का अभ्यर्थी फाइनल प्रिंट 11 अक्टूबर शुक्रवार को दिए गए। आनलाइन आवेदन की समय सीमा बुधवार की रात 12 बजे खत्म होने के बाद डीएलएड की वेबसाइट अपने आप लाक हो गयी है।? अभी तक डीएलएड में प्रवेश के लिए आनलाइन सवा तीन लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी उप्र प्रयागराज अनिल भूषण चतुर्वेदी बताया कि नआवेदन प्रक्रिया खत्म होने के बाद प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी। उन्होंने बताया कि पूरी संभावना है कि नवंबर से डीएलएड की कक्षाएं शुरू हो जायेगी। उल्लेखनीय है कि डीएलएड में रिक्त सीटों से ज्यादा अभ्यर्थियों ने प्रवेश के लिए आवेदन किया है। वर्ष 2023 में डीएलएड में करीब 90 हजार सीटें रिक्त रह गयी थी लेकिन इस बार लग रहा है कि डीएलएड में प्रवेश के लिए आवेदन करने वालों की संख्या करीब सवा तीन लाख तक हो जाएगी जबकि डीएलएड में आज शाम तक कुल 2.95 लाख सीट है। जिसमें प्रदेश के सभी डायट में 10500 सीट और शेष 229500 सीट डीएलएड के करीब तीन हजार निजी क्षेत्र के कालेजों में प्रवेश होना है जबकि दर्जनभर डीएलएड कालेजों ने मान्यता प्रत्याहरण के लिए शासन में आवेदन किया है।

### आरपीएफ ज़ोनल ट्रेनिंग सेंटर में प्लास्टिक बैन पर सेमिनार

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे में स्वच्छ्ता पखवाड़े के दौरान स्वच्छ आहार दिवस के अंतर्गत रेल सुरक्षा बल जोनल ट्रेनिंग सेंटर प्रयागराज में शिवाजी कदम मुख्य पर्यावरण प्रबंधक एवं राकेश निगम मुख्य स्वास्थ्य निदेशक द्वारा प्लास्टिक बैन के ऊपर सेमिनार आयोजित किया गया। उत्तर मध्य रेलवे द्वारा भारत सरकार की योजना के अनुरूप इस वर्ष स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन एक अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक किया जा रहा है। सेमिनार में ज़ोनल ट्रेनिंग सेंटर के लगभग 50 से अधिक प्रशिक्षुओं ने हिस्सा लिया। सेमिनार के दौरान मुख्य पर्यावरण प्रबंधक द्वारा कुछ प्रश्न भी पूछे गए एवं सही जवाब देने वालों को एक एक कपड़े के थैले भी दिए गए। इसके बाद दोनों अधिकारियों के द्वारा ज़ोनल ट्रेनिंग सेंटर की मेस का भी निरीक्षण किया गया एवं मेस कर्मचारियों को कुछ उपयोगी सलाह भी दी गई।

# जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत में आयोजित चौपाल में समूह दीदी को ई-स्कूटी देकर किया सम्मानित

संवाददाता। अंबेडकर नगर



**जिलाधिकारी** अविनाश सिंह की अध्यक्षता में विकासखंड टांडा के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुकुंदपुर में ग्राम चौपाल आयोजित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा ग्रामवासियों की समस्याओं के बारे में जानकारी लिया गया तथा प्राप्त समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान कुछ ग्रामीणों की समस्याओं का तत्काल मौके पर ही निराकरण भी किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जन सामान्य तक पहुंच के स्थित के बारे में भी जानकारी ली गई तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत में जो भी पात्र लाभार्थी योजनाओं से वंचित हैं उन लाभार्थियों को चिन्हित कर अनिवार्य रूप से नियमानुसार योजना का लाभ दिलाया जाए। इस दौरान उपस्थित ग्राम वासियों द्वारा कोटेदार की शिकायत की गई कि कोटेदार द्वारा घटतौली की जाती है जिस पर नाराज जिला अधिकारी ने कोटेदार को फटकार लगाते हुए कहा कि अपनी कार्यशैली में सुधार लाए अन्यथा की दशा में दुकान निरस्त कर दिया जाएगा।

खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि आवास योजना शौचालय या किसी अन्य योजना से कोई भी व्यक्ति यदि वंचित है तो उसकी सूची तैयार कर अधिक से अधिक को लाभ दिलाया जाए। इस अवसर पर एक महिला ग्रामवासी द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि बकरी मेला में खरीदे गए बकरी मर जाने पर मेरा क्लेम नहीं दिया गया जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि इसकी जांच कर नियमानुसार क्लेम दिलवाया जाए। चौपाल में कुछ ग्राम वासियों द्वारा मांग की गई कि हम लोग को कूड़ा फेंकने के लिए स्थान नहीं है जिस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीणों को कूड़ा फेकने हेतु उचित जमीन चिह्नित कर उन्हें उपलब्ध कराई जाए।

इसी के साथ ही जिलाधिकारी ने सफाई कर्मियों को निर्देशित किया कि कूड़ा उचित स्थान पर ही फेंका जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत मुकुंदपुर की एक दीदी सीमा पत्नी राम चरित्र को जिला प्रशासन की तरफ से ई-स्कूटी प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।

चौपाल के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा ग्राम के विभिन्न गलियों का भ्रमण कर वहां पर साफ सफाई व्यवस्था, जल निकासी व्यवस्था आदि का भी अवलोकन किया गया तथा ग्रामीणों के घर पर पहुंचकर उनसे उनकी आवश्यकताओं को जाना गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# बेटियां हैं हमारे समाज की शक्ति और भविष्य: डीपीओ



**मीरजापुर।** मिशन शक्ति फेस 5,अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जनपद मीरजापुर के सभी बिकास खंड में आंगनबाड़ी केदो पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा कन्या पूजन का आयोजन कर यह संदेश दिया गया कि बालिकाएं हमारे परिवार, समाज एवं राष्ट्र के लिए कितना महत्वपूर्ण है। जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी वर्मा द्वारा बताया गया कि कन्या पूजन का आयोजन हमें यह याद दिलाता है कि हमारी बेटियाँ हमारे समाज की ताकत और भविष्य हैं। हमें उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, और सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए, ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें और हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकें। आज हम संकल्प लें कि हम अपनी बेटियों को समान अवसर और समर्थन प्रदान करेंगे, जिससे वे आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकें।

हमारा समाज तभी सशक्त बन सकता है जब हम अपने बेटों को भी सही संस्कार दें और उन्हें सिखाएं कि लड़कियों का सम्मान करना कितना महत्वपूर्ण है। यह समझना ज़रूरी है कि जैसे हमारी बेटियाँ और बहनें हमारे लिए अनमोल हैं, वैसे ही अन्य परिवारों की बेटियाँ और बहनें भी सम्मान और सुरक्षा की हकदार हैं।

# उचित दर विक्रेताओं की समस्याओं का होगा समाधानः जिलाधिकारी



**अंबेडकर नगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास खण्ड कटेहरी के उचित दर विक्रेताओं की महत्त्वपूर्ण बैठक आहूत की गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा उचित दर विक्रेताओं की समस्याओं एवम् सुझाओं को एक-एक करके गंभीरता से सुन गया। जिलाधिकारी ने बताया कि उचित दर विक्रेताओं की प्राप्त जनपद स्तरीय समस्याओं को जनपद स्तर से निस्तारित किया जाएगा शेष समस्याओं को शासन स्तर पर अथवा मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा जिससे उचित दर विक्रेताओं की समस्याओं का स्थाई समाधान सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा समस्त उचित दर विक्रेताओं को अवगत कराया गया कि उनके कमीशन के बढ़ोतरी एवं ट्रांसपोर्ट बकाए की धनराशि के भुगतान को सुनिश्चित किए जाने हेतु इसे मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा मौके पर उपस्थित महिला कोटेदारों से भी वार्ता की गई उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की सोच है कि महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत किया जाए जिसके क्रम में जनपद में 45 स्वयं सहायता समूहों को भी कोटा चलाने का कार्य दिया जा चुका है। जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बन रही हैं।

# विन्ध्य महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम का अध्यक्ष नगर पालिका ने किया शुभारम्भ

संवाददाता। मीरजापुर



**मां** विन्ध्यवासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल में चल रहे शारदीय नवरात्र मेला के दौरान स्थानीय रोजवेज परिसर में उत्तर प्रदेश विन्ध्य तीर्थ विकास परिषद (पर्यटन/संस्कृति विभाग) एवं जिला प्रशासन के द्वारा आयोजित नव दिवसीय विन्ध्य महोत्सव-2024 के नौवें दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ मां विन्ध्यवासिनी देवी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्याम सुन्दर केसरी ने किया। तत्पश्चात मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत राजू कनौजिया व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्याम सुन्दर केसरी के द्वारा मंच पर कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले दलो के कलाकारो को देवी चित्र, चुनरी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमो में मीरजापुर खोखा मिर्जापुरी लोकगीत, सरोज देवी, शिवम कुमार लोकगीत, फगुनी देवी देवीगीत, सुनीता चैधरी देवीगीत, पांचू लाल लोकगीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया गया। लखनऊ की लोकगायिका संजू सिंह के द्वारा देवीगीत की प्रस्तुति की गई। कानपुर के बंसल बधु के द्वारा राम मन्दिर निर्माण के 500 वर्षो के इतिहास पर गायन की प्रस्तुति की गई। वाराणसी की रंजना राय ने देवीगीत, लखनऊ की सपना सिंह ने नृत्य नाटिका दुर्गा पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। लखनऊ ध्रुव इंटरटेंमेंट के द्वारा अमर शहीदों के जीवन पर नाटक प्रस्तुति कर लोगों का मनोरंजन कराया। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र तिवारी उर्फ लल्लू तिवारी, संजय श्रीवास्तव, रक्षा उमर के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह, डिप्टी कलेक्टर शक्ति प्रताप सिंह के अलावा अन्य सम्बन्धित अधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विजय दशमी पर संघ का 99 वां स्थापना दिवस

**गाजीपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने 99 वर्ष पूर्ण कर 100वें वर्ष में प्रवेश करने पर विजय दशमी पर्व पर स्थापना दिवस मनाया जायेगा। जिसकी जानकारी देते हुए जिला प्रचारक सूरज ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 में विजय दशमी के दिन हुआ था। जिसके क्रम में प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी विजय दशमी 12 अक्टुबर दिन शनिवार को प्रातः 8 बजे रायगंज स्थित कुटीर आश्रम में संघ का स्थापना दिवस मनाया जायेगा एवं 13 अक्टुबर रविवार को स्वामी सहजानन्द स्नातकोत्तर महाविघालय राजेन्द्रनगर से सभी स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में पदसंचलन का आयोजन किया जायेगा। यह पदसंचलन स्वामी सहजानन्द पीजी कालेज से दिन में 3 बजे निकल कर विकास भवन चौराहा, आरटीआई चौराहा होते हुए पीजी कालेज गोराबाजार तक जायेगा और पुनः पीजी कालेज से वापस स्वामी सहजानन्द स्नातकोत्तर महाविघालय में समापन होगा।

# नाज़रेथ अस्पताल द्वारा वर्ल्ड साइट डे पर ब्लाइंड वॉक का हुआ आयोजन



**प्रयागराज।** नाज़रेथ अस्पताल प्रयागराज की ओर से वल्ड साइट डे के अवसर पर ब्लाइंड वॉक का आयोजन कर एक अनूठी पहल की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को दृष्टिहीन व्यक्तियों की चुनौतियों से परिचित कराना और नेत्रदान के महत्व पर जागरूकता फैलाना था।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दृष्टिहीन बनकर चलें एक अनोखा अनुभव पाएं था। जिसमें प्रतिभागियों ने आंखों पर पट्टी बांधकर एक कतार में चलकर दृष्टिहीन होने का अनुभव किया। दिव्य ज्योति निकेतन की दृष्टिबाधित छात्राएँ कुमारी रंजना और मुस्कान ने कतारों की अगुवाई की। यह वॉक शाम साढ़े चार बजे हॉटस्टफ चौराहा से शुरू होकर सुभाष चौराहा पर समाप्त हुआ। प्रतिभागियों में अस्पताल के परिचारिकाएं डाक्टर्स स्थानीय लोग और स्वयंसेवक शामिल थे। जिन्होंने नेत्रहीनों के जीवन की कठिनाइयों को महसूस किया और उनके प्रति संवेदनशीलता बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान नाजरेथ अस्पताल निदेशक फादर विपिन डिसूजा ने नेत्रदान के महत्व को भी उजागर किया गया। जिसमें नेत्र दान पुण्य महान का संदेश दिया गया। नाज़रेथ अस्पताल और दिव्य ज्योति निकेतन प्रयागराज के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम ने स्थानीय समुदाय में विशेष आकर्षण पैदा किया। समस्त प्रतिभागियों ने नेत्रदान करने का संकल्प किया।

# बाली सुग्रीव लड़ाई, श्री हनुमान माता सीता मिलन, लंका दहन लीला का हुआ मंचन



**गाजीपुर।** अति प्राचीन रामलीला कमेटी हरि शंकरी की ओर से लीला के 13वें दिन10अक्टूर शाम 7 बजे शुक्रवार रामलीला मैदान लंका में बालि सुग्रीव लड़ाई, हनुमान माता सीता मिलन एवं लंका दहन लीला दर्शाया गया। लीला शुरू होने से पहले कमेटी के मंत्री ओमप्रकाश तिवारी उप मंत्री लव कुमार त्रिवेदी मेला प्रबंधक मनोज कुमार तिवारी मेला उप प्रबंधक मयंक तिवारी कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने प्रभु श्री राम की विधिवत आरती पूजन किया। इसके बाद रायबरेली के कलाकारों ने सर्वप्रथम बालि सुग्रीव की लड़ाई से लीला की शुरुआत किया। लीला के क्रम में दर्शाया गया कि बाली द्वारा अपने छोटे भाई सुग्रीव को किन्हीं कारणवश उसके राज्य से निकाल दिया गया था, साथ ही उसके पत्नी रूमा को बलपूर्वक हथिया लिया था। इस कारण सुग्रीव अपने बड़े भाई बालिके भय से हनुमान आदि वानरी सेनाओके साथ ऋष्यमूक पर्वत पर एक गुफा में रहता था। वहां बालि श्राप के कारण नहीं जा सकता था। उधर श्री राम लक्ष्मण सीता की खोज करते हुए ऋष्य पर्वत के पास पहुंचते हैं, तो सुग्रीव ने देखा कि दो वीर पुरुष को अपने कंधे पर धनुष बाण लिए ऋष्य मूक पर्वत की ओर आते देखा। वे उनका भेद लेने के लिए हनुमान जी को भेजते हैं हनुमान जी ब्राह्मण का रूप धारण करके दो वीर पुरुषों के पास आकर उनका परिचय,तथा उनके आने का प्रयोजन पूछते हैं। श्री राम ने अपना परिचय बताते हुए कहा कि हम दोनों अयोध्या नरेश महाराज दशरथ के पुत्र राम और लक्ष्मण हूं। मैं अपनी पत्नी सीता की खोज में निकला हूं। इतना सुनते ही हनुमान जी अपने असली रूप में आकर श्री राम के चरणों में साष्टांग दंडवत करते हुए क्षमा याचना करते हैं। श्री राम ने हनुमान जी को अपने गले लगा लिया। और उन दोनों भाइयों को अपने राजा सुग्रीव के पास ले जाकर सुग्रीव से श्री राम लक्ष्मण का परिचय बताते हुए उन्होंने सारा बात महाराज सुग्रीव को बता देते हैं और श्री राम से सुग्रीव के दुखो को बताते हैं।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 12 अक्टूबर, 2024



## अलविदा रतन टाटा

### बहुआयामी व्यक्तित्व

**रतन टाटा** ने न केवल बिजनेस व्यवहारों को पुन: परिभाषित किया, बल्कि नैतिक नेतृत्व तथा कार्पोरेट दायित्व के नए मानक स्थापित किए। भारत के एक सर्वाधिक प्रभावशाली और सम्मानित बिजनेसमैन रतन टाटा का निधन भारतीय उद्योग एवं दानशीलता में एक युग का अंत है। 'टाटा समूह' को वैश्विक संस्था में बदलने वाले दूरदर्शी रतन टाटा ने बिजनेस नेतृत्व तथा कार्पोरेट जगत में व्यापक परिवर्तन किए। उनके देहावसान से भारतीय बिजनेस परिदृश्य में अपूरणीय रिक्त स्थान पैदा हो गया है। भारत के सामाजिक-आर्थिक ढांचे में उनके द्वारा किए योगदान आने वाली कई पीढ़ियों तक महत्वपूर्ण बने रहेंगे। रतन टाटा ने 1991 से 2012 तक टाटा समूह का नेतृत्व किया और इस कालखंड को व्यापक रूप से असाधारण खोजों तथा विकास के युग के रूप में याद किया जाता है। उन्होंने टाटा समूह में विविधता पैदा की तथा इसे स्टील व टेक्सटाइल के परंपरागत क्षेत्रों से आगे बढ़ाते हुए सूचना प्रौद्योगिकी, आटोमोटिव, दूरसंचार तथा अतिथि-सत्कार तक विस्तार दिया। 'टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज़'-टीसीएस आईटी सेवाओं में वैश्विक नेतृत्व कर रहा है। 'टाटा मोटर्स' ने विशाल ब्रिटिश आटोमोटिव कंपनियों जगुआर व लैंडरोवर का 2008 में अधिग्रहण कर अपना विस्तार किया। टाटा का दृष्टिकोण भारत को एक ऐसी विश्व शक्ति बनाना था जिसकी जड़ें



राष्ट्रवाद की भावना में गहराई से जुड़ी हों तथा उसे वैश्विक बिजनेस प्रवृत्तियों के प्रति जागरूक बनाया जाए। रतन टाटा का एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण क्षण 2008 में टाटा मोटर्स द्वारा अनेक समस्याओं के बावजूद 'नैनो' लांच करने के समय आया। हालांकि, नैनो को वाणिज्यिक सफलता नहीं मिली, पर अपने साहसी दृष्टिकोण ने खोजी समाधानों से भारतीय समस्यायें हल करने की टाटा की प्रतिबद्धता स्पष्ट हुई। इससे भारतीय मध्यवर्ग की आकांक्षायें पूरी हुईं।
विनम्रता एवं विवेक के लिए विख्यात टाटा अक्सर कहते थे, 'हमें लोगों के जीवन को महत्वपूर्ण ढंग से प्रभावित करना चाहिए।' टाटा समूह का लगभग दो तिहाई मुनाफा 'टाटा ट्रस्ट' के माध्यम से सामाजिक कार्य के प्रति लक्षित है जो भारतीय दानशीलता में महत्वपूर्ण विरासत है। उनके निर्देशन में टाटा ट्रस्ट ने स्वास्थ्यरक्षा, शिक्षा तथा ग्रामीण विकास में अनेक पहलें की हैं। टाटा ने मृदुभाषी और सौम्य व्यक्ति के रूप में अपनी पहचान बनाई और विरले ही उन्होंने अपने व्यक्तिगत जीवन को जनता में उजागर किया। 2008 में मुंबई आतंकी हमले के समय उन्होंने अपनी नेतृत्व क्षमता प्रदर्शित की जिसमें उनके समूह के 'ताजमहल पैलेस होटल' पर खास निशाना लगाया गया था। टाटा प्रभावित कर्मचारियों के परिवारों से मिलने गए, उनको सहायता दी तथा यह सुनिश्चित किया कि होटल का पुनर्निर्माण हो। इस प्रकार उन्होंने जीवन्तता व बहाली की भावना प्रदर्शित की। अनेक उपलब्धियों के बावजूद टाटा ने विफलताओं का गौरवपूर्ण ढंग से सामना किया। उनके 'नैनो' जैसे निर्णयों की आलोचना हुई, पर उन्होंने बड़े गौरवपूर्ण ढंग से विपरीत परिस्थितियों का सामना किया जो उनकी विशेषता थी। दृढ़ता तथा दूरगामी दृष्टिकोण की उनकी विरासत बहुत से लोगों को प्रेरणा देती रहेगी। रतन टाटा का जीवन केवल बिजनेस नहीं था। वास्तुशास्त्र, उड्डयन व कारों के प्रति उनका प्रेम जग-जाहिर था। भारत के एक सबसे अमीर व्यक्ति होने के बावजूद उनका जीवन सरल था। अक्सर उनको यात्रा करते और अपनी कार स्वयं चलाते देखा जा सकता था। रतन टाटा के निधन से भारत ने एक दूरगामी तथा उदार हृदय वाला ऐसा नेता खो दिया है जिसे उनकी उपलब्धियों व दृढ़ता के लिए याद किया जाएगा। अलविदा रतन टाटा।

# तकनीक से समस्या समाधान

हालांकि, तकनीकी प्रगति से अनेक क्षेत्रों में लोगों का जीवन सुधरा है, पर बाढ़ के कारण होने वाले विनाश जैसी समस्या के समाधान में यह विफल रही है।

विनयशील गौतम
(लेखक, प्रबंधन सलाहकार हैं)





हालांकि, तकनीकी प्रगति से अनेक क्षेत्रों में लोगों का जीवन सुधरा है, पर बाढ़ के कारण होने वाले विनाश जैसी समस्याओं के समाधान में यह विफल रही है। हाल ही में बरसात की विभीषिका समाप्त हुई है। लेकिन लंबे समय तक यह देश में लोगों को प्रभावित करती रही। सप्ताहों व महीनों तक खबरिया चैनलों में देश के एक सिरे से दूसरे सिरे तक बरसात के कारण पैदा विभीषिका सुर्खियों में बनी रही। सूरत की सड़कों और मैदानों से लेकर दरभंगा में बिरौल के मैदानों तक पानी हर जगह भरा था। हिमाचल की पहाड़ियों से लेकर कावेरी नदी के किनारों तक आई बाढ़ों ने लोगों का जीवन अस्तव्यस्त कर दिया तथा आर्थिक दृष्टिकोण से भारी नुकसान का कारण बनीं। इससे पानी ऐसे स्थानों में भी भरा जिसकी पहले उम्मीद भी नहीं की जाती थी। बाढ़ के कारण ढांचागत संरचनाओं तथा लोगों की व्यक्तिगत संपत्तियों को भारी नुकसान हुआ और त्रासदी की यह पीड़ा उनके चेहरों पर दिखाई पड़ी।

बरसात कोई नई बात नहीं है। हालांकि तकनीक में तेजी से प्रगति हुई है और यह लोगों की अनेक क्षेत्रों में व्यापक प्रगति का आधार बनी है, लेकिन यह बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने में पूरी तरह सफल नहीं हुई है। ऐसे में लोगों को आश्चर्य होता है कि आखिरकार 'तकनीकें समस्याओं के समाधान में कब सफल होंगी।' यह भी विचारणीय विषय है कि कोसी के कारण उत्तर बिहार में सालों से बार-बार बाढ़ के अनुभव लोगों के सामने आते रहे हैं, लेकिन आखिरकार ऐसी समस्याओं का समाधान कब और कैसे होगा। नदियों के किनारे बने तटबंध बार-बार टूटते हैं। इसी तरह हर बार बाढ़ के कारण कमजोर झोपड़ियां नष्ट हो जाती हैं। बार-बार नदियों के तटबंध टूटना तथा घरों, मकानों व झोपड़ियों का नष्ट हो जाना भी कोई नई बात नहीं है। आखिरकार बार-बार बरसात में लोगों पर आने वाली मुसीबतों से छुटकारा क्यों नहीं मिल पा रहा है। भले ही हर बार स्थितियां एक जैसी न रहती हों, पर मनुष्यों की त्रासदी कम होने के बजाय बढ़ती जा रही है। ऐसे में यह सवाल भी निश्चित रूप से पूछा जा रहा है कि जो देश चंद्रमा पर अपना अंतरिक्षयान उतार सकता है और इस ग्रह की व्यापक खोज कर सकता है, वह आखिर प्रकृति के कारण पैदा होने वाली विभीषिकाओं का समाधान क्यों नहीं खोज पा रहा है।

इस प्रकार विज्ञान और तकनीक की प्रगति तथा मनुष्यों की प्राकृतिक आपदाओं के कारण पैदा समस्याओं के समाधान के बीच कोई 'खाली स्थान' जरूर है जो प्रभावित लोगों को नजर नहीं आ रहा है। कुछ अन्य देशों में भी लोग इस खाली स्थान के बारे में बात कर रहे हैं और इसे तलाशने के प्रयास कर रहे हैं। मानवजाति ने पहले अनेक देशों में नदियों का रास्ता बदला है तथा पेड़-पौधों को इस तरह लगाया है जिससे जीवन पर संकट कम हो तथा प्राकृतिक आपदाओं या मौसम बहुत खराब होने के कारण पैदा त्रासदियों से निपटा जा सके।

बिहार की स्थितियों पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि यहां भी लोगों को बार-बार आने वाली बाढ़ की विभीषिका से बचाने के लिए मानव बस्तियों को इस प्रकार बसाया गया है कि वे इस प्राकृतिक आपदा से सुरक्षित रहें। ऐसे प्रयास बूढ़ी गंडक नदी या कोसी नदी के आसपास भी किए गए हैं। लेकिन इसके बावजूद बाढ़ के कारण पैदा होने वाली विभीषिका कम होने के बजाय और बढ़ी है। इस बारे में यूजीसी चेयरमैन द्वारा प्रिंट मीडिया में किए जाने वाले दावों पर गौर किया जाना चाहिए जिसमें उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारतीय शोध के संदर्भों का हवाला दिया है। इसके साथ ही विशिष्ट राजनेताओं द्वारा किए इन दावों पर भी गौर किया जाना चाहिए कि भारत आज विज्ञान और तकनीकी शोध की दुनिया में प्रमुख केन्द्र के रूप में उभर रहा है और भारत में किए जाने वाले शोध विश्वस्तरीय हैं। हालांकि, ये सभी दावे पूर्णत: वैध हैं और समुचित रूप से इनकी पुष्टि की जा चुकी है तथा इनके प्रमाणों का परीक्षण हुआ है। लेकिन इन सबके बावजूद यह सवाल बना हुआ है कि लगातार प्रगति कर रही तथा अद्यतन बन चुकी तकनीक के बावजूद अनेक लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार क्यों नहीं हुआ है?

यह किसी काल्पनिक कथानक का अंश नहीं है। तकनीक ने करोड़ों-करोड़ लोगों के जीवन में व्यापक सुधार किए हैं। तकनीक से खासकर आम लोगों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने में सहायता मिली है। लेकिन विपरीत दृष्टिकोण से देखें तो बाढ़ों की विभीषिका तथा इसके कारण लोगों के जीवन पर पड़ने वाले विनाशकारी प्रभावों में कोई खास अंतर नहीं आया है।

लेकिन कहीं न कहीं ऐसे विपरीत अनुभवों का सह-अस्तित्व बना हुआ है। यह ऐसी जटिल पहेली है जिसकी व्याख्या करना आसान नहीं है। हालांकि, विज्ञान और तकनीक ने पिछले वर्षों में असाधारण प्रगति की है और मानव जीवन के अनेक क्षेत्रों को प्रभावित किया है। लेकिन अब तक अप्रभावित रहे क्षेत्रों को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है क्योंकि विज्ञान और तकनीक को व्यापक समाज के प्रति उसकी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं किया जा सकता है। यह भी समान रूप से स्पष्ट है कि मौतों और विनाश के अनुभव उन लोगों के साथ हो रहे हैं जो समाज के सबसे निचले पायदान पर मौजूद हैं। शायद अपनी तमाम प्रगति के बावजूद विज्ञान और तकनीक इनकी समस्याओं का समाधान नहीं कर पा रहे हैं। इस प्रकार तकनीकी प्रगति तथा उसके दृश्यमान प्रभावों के बीच कुछ संबंध स्पष्ट रूप से स्थापित किए जाने चाहिए। इसे देखते हुए 'प्रगति' और 'विकास' की परिभाषाओं में विनाश और मौतों की उन घटनाओं को भी शामिल किया जाना चाहिए जो कुछ क्षेत्रों में बार-बार सामने आती हैं। जब तक कोसी के कारण होने वाला विनाश बना रहता है और हर साल बार-बार यही कहानी दुहराई जाती है तब तक 'विकास एजेंडे' पर भी ऐसे सवाल उठते रहेंगे जिनका समाधान निकालना जरूरी है। दशकों तक योजना आयोग या नीति आयोग द्वारा प्रस्तावित सुझावों व संस्तुतियों को लागू करने के बावजूद यदि प्राकृतिक आपदाओं के कारण पैदा होने वाली विभीषिका बनी रहती है या बढ़ती है तो ऐसे असहज करने वाले सवालों से बचा नहीं जा सकता है। समाज के सबसे निचले हिस्से में रहने वाले लोगों की समस्यायों से पैदा इन सवालों को उस समय तक उठाने तथा बार-बार दुहराने की आवश्यकता है जब तक इनके समाधान न मिल जांए। भारत जैसे प्रबुद्ध व प्रतिभाशील लोगों के देश में प्राकृतिक आपदाओं के कारण पैदा होने वाली मानवीय त्रासदी से निपटने के कारगर समाधान खोजे ही जाने चाहिए।

संभवत: इसका आंशिक जवाब स्थानीय लोगों को विभिन्न कौशलों, संसाधनों तथा ऐसे तरीकों से शक्तिशाली बनाना है जिससे वे स्थानीय समस्याओं को ज्यादा प्रभावी ढंग से समझ कर उनसे निपटने में सक्षम हों और उनके समाधान निकाल सकें। प्रशासन के उच्च स्तरों, जेसे जिला या राज्य स्तर पर कनेक्टिविटी, समन्वय, संसाधनों के आबंटन तथा लोगों के कौशल प्रयोग जैसे मुद्दों पर विचार किया जाना चाहिए। इसके साथ ही उनको यह प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित करनी चाहिए कि वे स्थानीय परिस्थितियों तथा स्थानीय संदर्भों को देखते हुए उनके अनुरूप जन-कल्याण के प्रति जिम्मेदार और जवाबदेह होंगे। अब तक विदेशों में प्राप्त प्रशंसा और पहचान को बहुत मान्यता और महत्व मिला है। इसके कारण बड़ी और व्यापक सोच को तथा बड़ी-बड़ी बातें करने को प्राथमिकता मिली है।

हालांकि, इस बात में कोई गलती या कमी नहीं है कि विदेशों में भारत में विज्ञान और तकनीक की प्रगति को महत्व और प्रशंसा मिली है। लेनि इस तथ्य को भी स्वीकार किया जाना चाहिए कि स्थानीय समस्याओं के समाधानों को निर्णय लेने वाली व्यवस्था में शामिल किया जाए तथा इन पर प्रभावशाली लोग व बड़े राजनेता गौर करें। स्थानीय समस्याओं को पहचानने की संस्कृति विकसित कर तकनीक और संसाधनों के प्रयोग से इनका स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना चाहिए। ऐसे समाधानों को उसी प्रकार सहमति और प्रशंसा से पुरस्कृत किया जाना चाहिए जिस प्रकार विदेशी संस्थानों में प्रशंसा मिलती है। इस प्रकार स्थानीय समस्याओं के समाधान में 'पैराडाइम परिवर्तन' आना चाहिए।

# भारत में पोषण संबंधी विरोधाभास

श्रीरूपा सेनगुप्ता
(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)



हालांकि भारत व्यापक भुखमरी वाला देश नहीं है, लेकिन उसे कुपोषण और छिपी हुई भूख से जुड़ी महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, खासकर ग्रामीण इलाकों में। भारत ने खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल की है और खाद्य पहुँच में सुधार के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम और राष्ट्रीय पोषण मिशन जैसे कार्यक्रम लागू किए हैं। हालाँकि, सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी और आय असमानता जैसे मुद्दे कुछ क्षेत्रों में खाद्य असुरक्षा को बढ़ाते हैं।

ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023 में भारत को 125 देशों में से 111वें स्थान पर रखा गया है, जो कुपोषण से जुड़ी महत्वपूर्ण चुनौतियों को दर्शाता है, खासकर बच्चों में। हालाँकि भारत कैलोरी की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त खाद्य उत्पादन करता है, लेकिन पोषण की पर्याप्तता सुनिश्चित करना एक चुनौती बनी हुई है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण से पता चलता है कि कैलोरी का सेवन आम तौर पर पर्याप्त है, लेकिन कुपोषण बना हुआ है - पाच वर्ष से कम उम्र के 35.5 प्रतिशत बच्चे बौने हैं और 19.3 प्रतिशत बच्चे कमज़ोर हैं। सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी, जैसे महिलाओं में आयरन की कमी के कारण एनीमिया और बच्चों में विटामिन की कमी, छिपी हुई भूख को और बढ़ाती है। लैंगिक असमानता और सीमित स्वास्थ्य सेवा पहुँच सहित आर्थिक असमानताएँ और सामाजिक असमानताएँ कुपोषण को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

आबादी के गरीब तबके के लोगों के पास अक्सर विविधतापूर्ण, पौष्टिक आहार तक पहुँच नहीं होती है और वे चावल और गेहूँ जैसे मुख्य खाद्य पदार्थों पर बहुत ज़्यादा निर्भर रहते हैं, जबकि फलों, सब्जियों और प्रोटीन का सेवन अपर्याप्त होता है। एक आशाजनक समाधान समुदाय-नेतृत्व वाले पोषण केंद्र खाद्य असुरक्षा को दूर करने के लिए जमीनी स्तर पर दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। ऊपर से नीचे तक के तरीकों के विपरीत, ये केंद्र टिकाऊ, संदर्भ-विशिष्ट समाधान बनाने के लिए स्थानीय ज्ञान और नेतृत्व का लाभ उठाते हैं। वे सिर्फ़ कैलोरी सेवन के बजाय संतुलित, पौष्टिक आहार पर ध्यान



केंद्रित करते हैं, जिससे कुपोषण के खिलाफ़ समुदाय की तन्यकता बनाने में मदद मिलती है। पोषण केंद्र संतुलित आहार के लिए आवश्यक फल, सब्ज़ियां, फलियां और पशु उत्पादों सहित विविध खाद्य पदार्थों के उपभोग को प्रोत्साहित करते हैं। आहार विविधता को बढ़ावा देकर, ये केंद्र सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी और छिपी हुई भूख को दूर करते हैं। कमज़ोर समूहों का समर्थन करना- ये केंद्र बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुज़ुर्गों जैसी कमज़ोर आबादी तक प्रभावी ढंग से पहुँचते हैं। वे विशिष्ट पोषण संबंधी ज़रूरतों पर अनुरूप पोषण सहायता, मज़बूत खाद्य पदार्थ, पूरक और शिक्षा प्रदान करते हैं। स्थानीय कृषि का लाभ उठाना- पोषण केंद्र स्थानीय खाद्य उत्पादन और टिकाऊ कृषि पद्धतियों का समर्थन करते हैं, जिससे ताज़े, पौष्टिक खाद्य पदार्थों तक पहुँच बढ़ती है। यह दृष्टिकोण बाहरी खाद्य आपूर्ति पर निर्भरता को कम करता है, जो विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन के बीच मूल्य में उतार-चढ़ाव और आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों से प्रभावित हो सकता है।

समुदाय के नेतृत्व वाले पोषण केंद्रों का प्रभाव- विभिन्न अध्ययनों से प्राप्त डेटा पोषण परिणामों और लचीलेपन को बेहतर बनाने में समुदाय के नेतृत्व वाली पहलों की प्रभावशीलता को उजागर करते हैं। उदाहरण के लिए, खाद्य और कृषि संगठन की 2022 की रिपोर्ट में पोषण केंद्रों की शुरुआत के बाद उत्तर प्रदेश के क्षेत्रों में पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में स्टंटिंग दरों में 20 प्रतिशत की कमी देखी गई। वैश्विक पोषण रिपोर्ट 2023 ने दिखाया कि ऐसे केंद्रों ने सूक्ष्म पोषक तत्वों के सेवन में सुधार किया है, महाराष्ट्र में महिलाओं के बीच आयरन युक्त खाद्य पदार्थों की खपत में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे एनीमिया में उल्लेखनीय कमी आई है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने यह भी पाया कि पोषण केंद्रों द्वारा समर्थित संधारणीय कृषि का अभ्यास करने वाले समुदायों में पारंपरिक तरीकों की तुलना में सूखे के दौरान फसल की पैदावार में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

विकसित भारत दृष्टिकोण को प्राप्त करना खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और समुदाय के नेतृत्व वाली पहलों के माध्यम से लचीलापन बनाने पर निर्भर करता है। हालाँकि, इन लक्ष्यों के लिए समग्र-समाज दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है जिसमें सभी समुदाय के सदस्य शामिल हों, न कि केवल महिलाएँ। भागीदार के रूप में पुरुष- पुरुषों को पोषण केंद्रों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना, चाहे खेती, खाना पकाने या सामुदायिक आयोजन के माध्यम से, जिम्मेदारी को अधिक समान रूप से वितरित करने में मदद करता है और लैंगिक समानता को बढ़ावा देता है।

इन प्रयासों में युवाओं को शामिल करना समुदाय के नेतृत्व वाली पहलों की निरंतरता सुनिश्चित करता है और नए विचार और ऊर्जा लाता है। स्थानीय सरकारें वित्तपोषण, नीति समर्थन और बुनियादी ढाँचा प्रदान करके इन पहलों का समर्थन और विस्तार कर सकती हैं, जिससे पोषण केंद्र सामुदायिक विकास का अभिन्न अंग बन सकते हैं। लैंगिक समानता और साझा जिम्मेदारी- जबकि महिलाएँ अक्सर पोषण और खाद्य सुरक्षा के मामले में सबसे आगे होती हैं, लेकिन इसका बोझ सिर्फ़ उन पर नहीं पड़ना चाहिए। पुरुषों, युवाओं और स्थानीय शासन को शामिल करने से ज़्यादा न्यायसंगत और टिकाऊ समाधान बनाने में मदद मिलती है।

## आप की बात

### भारतीय भोजन

**लिविंग प्लेनेट रिपोर्ट**, 2024 के अनुसार भारतीय भोजन धरती और पर्यावरण के लिए सर्वाधिक अनुकूल है। वैसे तो भारत के हर प्रदेश की भोजन रुचियां विविधतापूर्ण हैं, पर सबसे बड़ी विशेषता यह है कि सभी प्रदेशों के अधिकांश लोगों को अन्य प्रदेशों का भोजन प्रिय है। हमें दक्षिण भारतीय इडली, सांभर, गुजरात का खमन-फाफड़ा तो राजस्थान की दाल-बाटी, चूरमा से लेकर सभी प्रदेशों की मिठाइयां बहुत ही पसंद है। दाल-चावल, पुलाव, खिचड़ी तो लगभग पूरे भारत में ही चाव से खाए जाते हैं। भारत की भोजन परंपरा में सर्वाधिक जोर शाकाहार पर दिया गया है। इसके अलावा भोजन को स्वास्थ्यवर्धक तथा सपाच्य बनाने पर जोर दिया जाता है। पेय पदार्थों के मामले में भी फलों का जूस, नारियल पानी, लस्सी, छाछ, शरबत आदि सबसे ज्यादा पसंद किए जाते हैं। धार्मिक व सांस्कृतिक मान्यताओं के चलते अधिकांश भारतवासी सात्विक भोजन पसंद करते हैं। भारतीय भोजन तथा भारतीय पाककला का विकास हजारों सालों में हुआ है। प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण के साथ ही बदलते मौसमों के अनुरूप भोजन हमारी परंपरा का अंग है जो अलग-अलग मौसमों में आने वाले तीज-त्योहारों पर बनने वाले पकवानों से स्पष्ट होता है। अत: अब दुनिया को भारत का अनुसरण करना चाहिए।

–**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### ईवीएम पर दोषारोपण

**कांग्रेस** हो या आम आदमी पार्टी-आप, दोनों ही जब हारते हैं तो ईवीएम को दोष देने में कोई कसर नहीं छोड़ते और जीत जाते हैं तो ईवीएम का नाम तक उनके मुंह पर नहीं आता है। तब उन्हें लगता है कि हमारी मेहनत रंग लाई है। ये तो ठीक वैसा ही हुआ जैसे विद्यार्थी परीक्षा में फेल हो गया तो मास्टर साहब ने कर दिया और जब पास हो गया तो अपनी मेहनत से हुआ। ऐसा ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश भी कह रहे हैं कि हमारी जीत को ईवीएम व अन्य गड़बड़ी ने छीन लिया। लोकसभा चुनाव में 99 सीटें आई तब तो ईवीएम दोषी नहीं थी और ढोल-धमाके के साथ पूरे देश में पार्टी ने खूब खुशियां मनाई। अब हरियाणा अपने हाथ से निकल गया तो ईवीएम पर हार का ठीकरा फोड़ने में तनिक भी देर नहीं की। कांग्रेस ने चुनाव आयोग को जांच के लिए गड़बड़ियों का पूरा पुलिंदा सौंप दिया है, जबकि चुनाव आयोग ने उसके आरोपों को पहले ही खारिज कर दिया है। जब मतदान के पहले से ही पूरी तैयारियां हर पार्टी के उम्मीदवार कर लेते हैं और मतदान से लेकर मतगणना तक हर पक्ष वहां मौजूद होता है तब कैसे गड़बड़ी हो सकती है। इससे तो लगता है कि खिसियायी बिल्ली खम्बा नोच रही है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### नेशनल कान्फ्रेंस की परीक्षा

**अनुच्छेद 370** हटने के बाद पहली बार अब फारूक अब्दुल्ला की नेशनल कांफ्रेंस जम्मू कश्मीर में अपनी सरकार बनाने जा रही है। अनुच्छेद 370 हटने के पहले की दयनीय स्थिति हमे याद रखनी चाहिए। इसके बाद जम्मू कश्मीर तथा खासकर घाटी की जनता काफी बदलाव महसूस कर रही है। वह देशभक्ति के तराने भी गा रही है एवं तिरंगा भी लहरा रही है। देश की हर योजना का लाभ आज जम्मू कश्मीर की जनता को मिल रहा है। अत: वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए अब नेशनल कांफ्रेंस को भी अपने पुराने दृष्टिकोण में परिवर्तन ला कर प्रदेश की प्रगति के लिए कार्य करना चाहिए। भाजपा ने पहले ही वादा किया है कि वह जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करेगी। इस मामले में जल्दबाजी करने या अनुच्छेद 370 की वापसी का राग अलापना न केवल नेशनल कांफ्रेंस, बल्कि प्रदेश की प्रगति के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। फारूक अब्दुल्ला अटल बिहारी वाजपेयी नीत राजग सरकार में मंत्री रह चुके हैं और भाजपा की कार्यशैली से अच्छी तरह परिचित हैं। उनको केन्द्र सरकार से सहयोग कर राज्य की और तेजी से प्रगति सुनिश्चित करने का काम करना चाहिए। एक प्रकार से यह नेशनल कान्फ्रेंस की परीक्षा होगी।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### इस्राइल में भारतीय श्रमिक

**भारत** से लगभग 1000 युवा श्रमिक इसराइल के लिए रवाना हो रहे हैं, जहां वे निर्माण और अन्य कार्य करेंगे। उनकी तनख्वाह सवा लाख रुपया होगी और रहने, खाने व सुरक्षा का इंतजाम इस्राइल सरकार करेगी। मोदी सरकार ने जर्मनी, इजराइल और जापान के साथ ऐसे समझौते किए हैं ताकि अधिकाधिक भारतीय युवाओं को इन देशों में काम मिल सके। हमारे देश में प्रचुर संख्या में युवा शक्ति उपलब्ध है जिन्हें स्किल डेवलपमेंट के जरिए प्रशिक्षित कर अंग्रेजी तथा अन्य देशों की भाषाओं की प्राथमिक शिक्षा दी जा रही है। इसके लिए एजेंसी मित्रा द्वारा श्रमिकों का डाटाबेस तैयार कर विदेश में नौकरी के इच्छुक युवाओं को पूर्ण मार्गदर्शन देकर उन्हें वहां भेजने की जिम्मेदारी ली गई है। यह कदम अत्यन्त सराहनीय है। इससे खाड़ी देशों के अलावा अन्य देशों में रोजगार मिलने से जहां उनके परिवारों का उद्धार होगा, वहीं देश को भी पर्याप्त विदेशी मुद्रा मिलेगी। इससे दुनिया में भारत और भारतीयों का सम्मान भी काफी सीमा तक बढ़ेगा।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# जब हम शिक्षित होंगे तभी हमारा गांव समाज और देश आगे बढ़ेगा: डीएम

**संवाददाता।** अमेठी



**जनपद** में शिक्षा को बढ़ावा देने तथा हर बच्चे के हाथ में किताबों को पहुंचाने एवं गरीब तथा ज्ञानार्जन करने वाले बच्चों को निशुल्क किताबें उपलब्ध कराने तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में लाइब्रेरी की स्थापना करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी निशा अनंत द्वारा 15 अगस्त को कलेक्ट्रेट में पुस्तक संग्रहालय का शुभारंभ किया गया था जिसमें जनपद वासियों से किताबें दान देने की अपील की गई थी उन्हीं किताबों को अब जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में पहुंचाया जा रहा है जिसके क्रम में आज जनपद की 143 ग्राम पंचायतों में पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया है विकासखंड गौरीगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत आनापुर में जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा पंचायत सचिवालय में स्थापित पुस्तकालय का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही अध्ययन कक्ष का भी शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके गांव में आज पुस्तकालय खुला है गांव के विकास के लिए यह पहला कदम है। उन्होंने सभी ग्राम वासियों से अपने बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि आप लोग अपने बच्चों को प्रतिदिन पुस्तकालय में पढ़ने के लिए भेजे, स्कूल से आने के बाद पुस्तकालय भेजें, यहां पर कक्षा 1 से 12 तक तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबें एवं अखबार आदि उपलब्ध हैं जिन्हें बच्चे पढ़ कर ज्ञान हासिल कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा के लिए लाइब्रेरी में बेहतर पढ़ाई हो पाती है आप लोग अपने बच्चों को बेहतर संस्कार दें। उन्होंने कहा कि जब तक आप लोग अपने बच्चों को पढ़ाएंगे नहीं तब तक आपके गांव व देश का विकास संभव नहीं है।

उन्होंने उपस्थित महिलाओं से अनुरोध करते हुए कहा कि आप लोग अन्य कार्यों को करते हुए अपने बच्चों की शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दें। उन्होंने डीपीआरओ को लाइब्रेरी में और पुस्तकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए तथा सुरक्षा की दृष्टि से लाइब्रेरी में सीसीटीवी कैमरा भी लगवाने को कहा।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया विजयदशमी उत्सव



**संतकबीरनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी बस की ओर अग्रसर हो चुका है इसी क्रम में शुक्रवार को समय माता नगर (खलीलाबाद) मे हीरा लाल इंटर कॉलेज के प्रांगण में संघ के स्वयंसेवकों ने विजयदशमी उत्सव मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ सहनगर शारीरिक प्रमुख ने संपत लेकर प्रारंभ किया। जिला शारीरिक शिक्षण प्रमुख अनिल ने ध्वज लगाया एवं प्रार्थना कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर संघचालक राजकुमार ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला संघ चालक रामगोपाल गुप्त भी उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रांत शारीरिक शिक्षण प्रमुख तुलसीराम थे।

अपने उद्बोधन में तुलसीराम ने कहा कि शताब्दी वर्ष की और अग्रसर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विशेष रूप से पांच बिंदुओं पर काम कर रहा है जिसमें सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वभाव का जागरण, तथा सज्जन शक्ति का जागरण, पर विशेष दृष्टि है। जिस प्रकार से मंडल में खड़ा व्यक्ति एक कदम बढ़ता है तो मंडल बड़ा हो जाता है। इस प्रकार से हमारे देश में रहने वाला प्रत्येक व्यक्ति अगर एक-एक कदम राष्ट्र जागरण की ओर आगे बढ़ाए तो देश पुन: विश्व गुरु बन जाएगा।

# अर्द्व अष्टमी एवं नवमी के दिन उमड़ी भक्तों की भीड़, जयघोष के बीच बजे घंटे घड़ियाल

- समाजसेवी डॉ उदय प्रताप ने 51 हजार रुपये ट्रस्ट में किये दान

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



**नवरात्रि** के अन्तिम दिन पंचाग के अनुसार अर्द्व अष्टमी एवं नवमी के दिन जनपद के मंदिरो सहित खलीलाबाद शहर के प्राचीन समय माता मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ रही। दर्शन के लिए लम्बी कतारे लगी रही। जय माता का घोष व घंट घड़ियाल बजते रहे। चारो ओर भक्तिमय माहौल रहा। हवन के लिए व्रती पूजन-अर्चन के साथ हवन किये नारियल फोड़े, एनसीसी के बच्चों ने मोर्चा संभाल रखा था।

पुलिस फोर्स मंदिरो पर तैनात रही सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही थी। इसी क्रम में शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर समाजसेवी/सूर्या इंटरनेशनल सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल के प्रबंधक डॉ0 उदय प्रताप चतुर्वेदी एवं प्रबंध निदेशिका श्रीमती सविता चतुर्वेदी ने खलीलाबाद शहर की प्राचीन श्री समय जी महारानी सेवा ट्रस्ट को 51 हजार रूपये का दान दिया है। इसके पूर्व उन्होंने पूजा-अर्चना कर मां समय महारानी का आर्शीवाद लिया और आपसी भाईचारा एवं सुख-समृद्वि बने रहने की समय माता से प्रार्थना की। उन्होंने ब्राहम्णों एवं असहायों को अंगवस्त्र भी दिया। इस अवसर पर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि मां की भक्ति में ही जीवन है। भक्ति में रहने से मन और आत्मा को शांति मिलती है। जिससे इंसान का मन मस्तिष्क अच्छे कामों में लगता है। वह गरीबों की सेवा करना, असहायों की मदद करने को ही सच्चा धर्म मानते हैं तथा सब कुछ स्वेच्छा से करते है।

इस तरह के कामों में उन्हें एक अलग सी अनुभूति होती है। इस मौके पर सूर्या ग्रुप की प्रबंध निदेशिका श्रीमती सविता चतुर्वेदी ने कहा कि असहायों एवं गरीबों की मदद करने में कभी पीछे नहीं रहती है। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव शिक्षक नितेश द्विवेदी, प्रवीण उपाध्याय, राकेश यादव, पिंटू भारती, शंकर यादव, लल्लन यादव सहित सभ्रान्त लोग उपस्थित रहे।

# दुर्गाष्टमी पर एनएसपीएस त्रिपुला में हुआ कन्या भोज का आयोजन



**रायबरेली।** शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं अपितु सामाजिक कार्यों में भी एनएसपीएस की भागीदारी बढ़चढ़ कर रहती है। इसी क्रम में नवरात्रि पर्व की समाप्ति और दुर्गा अष्टमी के अवसर पर न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स द्वारा मंदिर प्रांगण में कन्या भोज का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति द्वारा शिक्षकों के साथ मंदिर में विधि-विधान से माँ की आराधना करते हुए पूजा-अर्चना की गयी और भगवान को भोग लगाया गया। तत्पश्चात् शुरू हुआ कन्या भोज का आयोजन। 501 कन्याओं ने एक साथ बैठकर हलवा,चना,और पूड़ी का प्रसाद ग्रहण किया, भोजन उपरान्त उपस्थित सभी कन्याओं को दक्षिणा स्वरूप उपहार का वितरण किया गया। पूरे मंदिर प्रांगण में कन्याओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने यह आभास कराया कि माँ नौ दुर्गा ने विद्यालय परिवार को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

श्री प्रजापति ने बताया कि विद्यालय परिवार द्वारा प्रतिवर्ष नवरात्रि में कन्या भोज का आयोजन किया जाता है और बड़ी ही श्रद्धा भाव के साथ मां की आराधना कर विश्व के कल्याण की प्रार्थना की जाती है।

# राजनीति की दिशा बदल देते थे लोक नायक जय प्रकाश नारायण के आन्दोलन: वीरेन्द्र यादव

- सपा कार्यालय में मनायी गयी लोक नायक की जयन्ती

**संवाददाता।** रायबरेली



**समाजवादी** पार्टी के जिला मुख्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं समाजवादी चिंतक लोक नायक जय प्रकाश नारायण की जयन्ती मनायी गयी। इस अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव ने कहा कि जय प्रकाश नारायण के आन्दोलनों में वह धार होती थी राजनीति की दिशा एवं दशा बदल जाती थी। सत्ता परिवर्तन कराने का हक भी उन्हें हासिल है। आज साम्प्रदायिक सोंच के सत्ता में बैठे हुए लोग लोकतंत्र के साथ भद्दा मजाक कर रहे है।

एक ओर सरकार आजादी का अमृत काल मनाने का ढोंग रच रही है तो दूसरी तरफ देश के महान समाजवादी नेता जय प्रकाश नारायण को श्रद्धांजलि देने से रोकने के लिए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को घर से बाहर न निकलने एवं घर को चारो ओर से पुलिस छावनी के रूप में उ0प्र0 सरकार द्वारा बदल दिया गया। सरकार का यह कृत्य लोकतंत्र के लिए एक बदनुमा दाग है। सेन्ट्रलबार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओ0पी0 यादव ने कहा कि सत्ता में बैठे लोगों ने संत जे0पी0 को जेल में डाल दिया था।

बिहार की समग्र क्रांति की उठी चिनगारी ने पूरे देश में ज्वालामुखी बनकर तानाशाही को समाप्त किया था। चौ0 सुरेश कुमार निर्मल नें कहा कि पटना के रामलीला मैदान में 1974 को संघर्ष का विगुल फूंका था। पूर्व डी0जी0सी0 दिनेश कुमार यादव ने कहा कि जब प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी चुनाव हार गयी तो उन्हें ढाढस बंधाने उनके घर गये थे। पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राजेश मौर्य ने कहा कि जे0पी0 कभी चुनाव नहीं लडे लेकिन चुनावी राजनीति में गहरी घुसपैठ करनते थे। अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह यादव ने कहा कि संत जे0पी0 के विचार आज भी प्रासंगिक है।

गोष्ठी का संचालन महामंत्री अरशद खान नें किया। इस अवसर पर डा0 जावेद, विनोद यादव, सुरजीत, आलोक यादव, राम खेलावन प्रजापति, दिनेश पिटूं, विनय कुमार, वसीम अहमद, लाल जी, श्रवण कुमार चौधरी, पुत्तन सिंह यादव, सईद अहमद, ताज मोहम्मद, गल्लू प्रधान, अमर, बिट्ढू, फूल मोहम्मद, देवतादीन, चन्द्र प्रकाश आजाद, अंकित शुक्ला आदि लोग्रों ने लोक नायक जय प्रकाश नारायण के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

## क्विक न्यूज

### धर्मकांटा पर सो रहे युवक पर हमला, इलाज के दौरान मौत

**जगदीशपुर, अमेठी।** सिंधियांवा गांव के पास हाइवे पर स्थित धर्मकांटे पर सोये युवक को गुरुवार की रात कुछ बदमाशों ने पीट पीटकर घायल कर दिया। इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर लखनऊ में घायल युवक की मौत हो गयी। कोतवाली क्षेत्र सिंधियांवा हाइवे स्थित जनता धर्म कांटा पर पीपरपुर थाना क्षेत्र निवासी विमलेश कुमार तिवारी गुरुवार की रात सो रहे थे कि देर रात पहुंचे बदमाशों ने विमलेश पर धारदार हथियार से हमला बोल दिया। इस हमले में विमलेश गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घायल विमलेश को स्थानीय सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने हालत गम्भीर देख लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान विमलेश की मौत हो गई। सीओ अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। घटना की जानकारी होने पर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने मौका मुयायना कर अपराधियों की धर पकड़ के लिए पुलिस टीम गठित की है।

### कांग्रेस जिला महामंत्री अनुपम पाण्डेय बने रेलवे सदस्य

**अमेठी।** सांसद किशोरी लाल शर्मा ने प्रस्ताव भेजा कि अनुपम पाण्डेय को उत्तर रेलवे उपभोक्ता समिति का सदस्य पद पर मनोनीत किया जाए। मण्डल प्रबंधक लखनऊ ने सदस्य पद पर मनोनयन की चिट्ठी भेजी। कांग्रेस कमेटी अमेठी जिला महामंत्री अनुपम पाण्डेय को उत्तर रेलवे उपभोक्ता समिति के सदस्य के लिए प्रस्ताव भेजा। कांग्रेस सांसद किशोरी लाल शर्मा ने मण्डलीय प्रबंधक उत्तर रेलवे लखनऊ को प्रस्ताव पारित कर भेजा। जिस पर मण्डल प्रबंधक ने अनुपम पाण्डेय को उत्तर रेलवे उपभोक्ता समिति सदस्य मनोनीत कर दिया।

### एसपी ने मगहर में मूर्ति विसर्जन स्थल का लिया जायजा

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रान्तर्गत मगहर में पैदल गस्त व मूर्ति विसर्जन स्थलों एवं मार्गो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये कि इसमें मार्ग में पड़ने वाले बिजली के तारों को देख लिया जाए, जहां भी मार्ग में दिक्कत है वहां आने-जाने वाले रास्तों को संबंधित से ठीक करा लिया जाए ताकि मूर्तियों का विसर्जन निर्विघ्नता पूर्वक किया जा सके।

# सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद को मिला चौथा स्थान

- बुंदेलखंड के सभी जिलों में अव्वल होने का सम्मान
- जिलाधिकारी की रही सराहनीय भूमिका

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**विभिन्न** विभागीय विकास कार्यों सहित 77 बिंदुओं पर प्रदेश सरकार द्वारा जिलों की बनाई जाने वाली रैंकिंग में इस बार सितंबर माह में जिले ने अंडर फाइव में दबदबा बरकरार रखते हुए जहां एक और बुंदेलखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया तो वही प्रदेश में इस बार जनपद चौथे स्थान पर रहा कुल मिलाकर यह कहना लाजमी ही होगा कि जनपद लगातार सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में अंडर फाइव में बने रहने का दबदबा बरकरार बनाए हैं।

प्रदेश सरकार पूरे प्रदेश के जिलों के विभिन्न विकास कार्यों को लेकर मॉनिटरिंग के साथ-साथ सघन तौर पर समीक्षा करती है और इसके तहत प्रत्येक जिले को उसके कार्यों के आधार पर रैंकिंग प्रदान की जाती है जनपद के जिला अधिकारी राजेश कुमार पांडे ने जनपद में जिस तरह से विभागीय विकास कार्यों और सामाजिक हितों से जुड़े कार्यों को विशेष तौर पर तवज्जो देकर उनके सफ्लतम परिणाम हासिल किए उसका परिणाम यह रहा की बीते माह सितंबर में भी सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में जिले को चौथा स्थान प्राप्त हुआ बुंदेलखंड में देखा जाए तो यहां के सभी जिलों को पीछे छोड़ते हुए जनपद जालौन ने बीते कई महीनो से लगातार प्रथम स्थान पर अपना कब्जा बनाए हुए है।

बताते चलें कि सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग मैं कल 77 इंडिकेटर निर्धारित रहते हैं जिनके तहत जिलों का मूल्यांकन कार्य कराया जाता है इनमें विकास विभाग के बिंदुओं पर मूल्यांकन होता है ऊर्जा विद्युत विभाग, कृषि, ग्राम विकास ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पंचायती राज, दिव्यांगजन विभाग, नमामि गंगे, पर्यावरण प्राथमिक शिक्षा, पशुधन, मत्स्य, महिला एवं बाल विकास, लोक निर्माण, श्रम प्रवर्तन, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, समाज कल्याण, सहकारिता प्रमुख रूप से शामिल है।

बुंदेलखंड के जिलों की रैंकिंग को देखें तो जनपद जालौन विगत कई महीनो से अपना दबदबा बनाए हुए हैं इस बार सितंबर में की रैंकिंग में जनपद को प्रदेश में चौथे और बुंदेलखंड में प्रथम स्थान प्राप्त करने का गौरव हासिल हुआ। अन्य जनपदों की बात करें तो ललितपुर को रैंकिंग सूची में 25 वा स्थान झांसी को रैंकिंग में 32 व स्थान हमीरपुर को 34 व स्थान महोबा जनपद को सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में 50 वें स्थान तथा बांदा जनपद को 55 वें स्थान पर संतोष करना पड़ा है।

प्रदेश के सभी जिलों में जनपद ने अपनी जो जगह बनाई है उसके पीछे जिला अधिकारी राजेश कुमार पांडे कुशल निर्देशन और अथक मेहनत का परिणाम है कि प्रशासनिक जिम्मेदारियां के अलावा विभागीय कार्यों को बेहतर ढंग से संपन्न कराए जाने मैं जिला सम्मानजनक स्थान प्राप्त कर सका इसके पीछे जिला अधिकारी राजेश कुमार पांडे की भूमिका को सराहनीय माना जा रहा है। सूत्र बतलाते हैं कि जिले में कई नवीन कार्य योजनाओं को लागू किए जाने के चलते विभागीय कार्यों में गति के साथ-साथ सकारात्मक परिणाम तेजी के साथ सामने आए हैं इसके अलावा जनहित से जुड़े कई विभागीय कार्यों के समय पर संपन्न होने के चलते इसका लाभ जहां एक और जनपद की जनता को प्रत्यक्ष रूप से मिला है तो वही प्रदेश की सूची में जिले को शामिल होने का गौरव प्रशासनिक दक्षता को भी उजागर करता है।

# डीएम-एसपी ने तेलू खाने से बीमार लोगों का जाना हाल

**उरई, जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार कल देर रात राजकीय मेडिकल कालेज पहुंचे और वहां तेलू खाने से बीमार हुए लोगों का हाल चाल जाना। लगभग सभी मरीजों से बात की और उनसे कहा कि मेडिकल कालेज में किसी तरह की असुविधा तो महसूस नहीं कर रहे हैं। हालांकि सभी ने बताया कि सब कुछ यहां ठीक है और उपचार भी अच्छा हो रहा है। दोनों अधिकारियों ने बीमारों का इलाज कर रहे चिकित्सकों से बात की और निर्देश दिए कि उपचार में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। हर मरीज को समय से दवाएं व चाय नाश्ता सहित जो भी सुविधाएं हैं दी जाएं। जिससे कि यह लोग जल्दी स्वस्थ हो अपने घर जा सकें। मेडिकल कालेज के प्राचार्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व सीएमएस मेडिकल से कहा कि वह भी मरीजों के वार्ड में जाकर हाल चाल लेते रहें। साथ ही उपचार में लगे चिकित्सकों से अपडेट भी लें।

# पैदल गश्त कर प्रशासनिक अमले ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायज़ा

**संवाददाता।** कालपी, जालौन



**नवरात्रि** पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मंदिरों के साथ अन्य सार्वजनिक स्थलों की व्यवस्थाओं को परखा। आस्था के त्योहार में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके लिए प्रशासन बेहद सतर्क है। इसी के चलते गुरुवार की देर शाम उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह, सीओ डा. देवेन्द्र पचौरी ईओ नगर पालिका परिषद अवनीश शुक्ला, कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक नागेन्द्र पाठक ने भारी पुलिस बल के साथ दमदमा, रामचबूतरा मुन्ना फुलपावर चौराहा, टरननगंज बाजार में स्थित बनखण्डी मन्दिर के अलावा पचपिण्डा देवी के साथ नगर के अन्य संवेदनशील स्थानों को देखा।

इस दौरान उन्होंने राहगीरों से भी वार्ता कर उन्हें कानून की ताकत बताई और कहा कि अगर समस्या उत्पन्न हो रही हो तो आलाधिकारी को सूचना स्थानीय प्रशासन को दिशा निर्देश दिए। एसडीएम के अनुसार त्योहारों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है जिससे क्षेत्र में किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं हो रही है। कालपी। इस बार नवरात्रि मे प्रशासन बेहद चौकन्ना है और शासन भी आये दिन पुलिस को कठिन से कठिन टास्क दे रहा है। इसी के चलते गुरूवार को पुलिस ने फिर नगर के टरननगंज बाजार में अश्लील साहित्य की तलाश की हालांकि पुलिस की यह कवायद मे कुछ भी नहीं मिला है। सीओ डा. देवेन्द पचौरी के अनुसार गुरुवार शाम आला अफसरो ने फरमान जारी कर पुलिस को सभी होटल ढावों के साथ मन्दिर की तलाशी के साथ अन्य सार्वजनिक स्थानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। और इसी के चलते सी ओ डा देवेन्द्र पचौरी की अगुआई में पुलिस बल ने अनुपम बुक स्टोर, ओम बुक स्टोर के साथ नगर की अन्य स्टेशनरी दुकानों मे तलाशी ली।

# कानाखेड़ा में नमामि गंगे योजना शुरुआती दौर में ही हुई बेदम, आधे गांव में जल संकट

**संवाददाता।** कदौरा, जालौन



जनपद में भारत सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल नमामि गंगे योजना के तहत जहां ग्रामीणांचल के शत प्रतिशत गांवों में जलापूर्ति सुनिश्चित करानी थी। इसके लिये सरकार द्वारा हजारों करोड़ का बजट भी आवंटित किया गया था। लेकिन इसके बाद भी जिले के अधिकांश गांवों में जलापूर्ति सुनिश्चित नहीं करायी जा सकी। कदौरा विकासखंड के ग्राम कानाखेड़ा में जहां जल जीवन मिशन योजना के तहत टंकी का निर्माण कराया गया साथ ही ग्रमीणों के घरों तक पाइप लाइन बिछाकर कनेक्शन भी दिये।

लेकिन पिछले 18 महीने से आधे गांव में जलापूर्ति हो रही है जबकि आधे गांव में एक बूंद पानी अब तक नहीं पहुंचा। पानी संकट से आक्रोशित ग्रामीण अनेकों बार अपनी समस्या आला अधिकारियों को बता चुके हैं लेकिन इसके बाद भी समस्या ज्यों की त्यों बनी हुयी है। इसी के मद्देनजर ग्राम पंचायत कानाखेड़ा में पानी की किल्लत को देखते हुए गुरुवार को एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने बीडीओ को शिकायती पत्र देकर समस्या से निदान की मांग की है। वही बीडीओ ने जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है।

गुरुवार को विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कानाखेड़ा के वीरेंद्र सिंह, सर्वेश शुक्ला, रामशंकर, विपिन सिंह, सिद्ध गोपाल, सत्यनारायण, विजय सिंह आदि ग्रामीणों ने बीडीओ को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत टंकी का निर्माण हुआ है। कनेक्शन भी हुए,लेकिन डेढ़ वर्षो से आधे गांव के लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। जिसकी शिकायत कई बार विभाग के अधिकारियों से की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पीने का पानी न मिलने के कारण हम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने कहा कि संबंधित अधिकारियों को पत्र जारी कर जल्द समस्या का समाधान कराया जाएगा।

# जमीनी विवाद में सारंगपुर मंदिर में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट

**जालौन, उरई।** जमीनी विवाद को लेकर सारंगपुर में मंदिर पर जवारे चढ़ाने गए परिवार के साथ रिश्तेदारों ने न सिर्फ मारपीट की बल्कि ट्रैक्टर से कार में टक्कर मारकर कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों ने एक पक्ष पर तमंचा दिखाने का भी आरोप लगाया। सूचना पर एएसपी व सीओ समेत कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लहचूरा निवासी मां सावित्री का सारंगपुर में मायका है। शुक्रवार को सावित्री अपने बेटे ओमनारायण उर्फ धांसू के साथ कार से जवारे चढ़ाने के लिए सारंगपुर गई थी। ओमप्रकाश का अपने मामा नारायण दास के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। जब मां-बेटे गांव के अन्य लोगों के साथ गांव के बाहर पानी की टंकी के पास स्थित माता के मंदिर पर जवारे चढ़ाने के लिए पहुंचे तो वहां नारायण दास भी पहुंच गए। ग्रामीणों के अनुसार माता के मंदिर का निर्माण नारायणदास ने कराया था। जब ओमनारायण और उनकी मां मंदिर पर जवारे चढ़ाने पहुंचे नारायणदास ने उन्हें जवारे चढ़ाने से मना किया और किसी अन्य मंदिर पर जवारे चढ़ाने के लिए कहा। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद होने लगा। उनके बीच गाली, गलौज व मारपीट हो गई। इसी दौरान नारायणदास अपना ट्रैक्टर लाए और ओमनारायण की कार में टक्कर मारकर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि विवाद के दौरान नारायणदास ने तमंचा भी दिखाया। दोनों पक्षों के बीच हो रही मारपीट की जानकारी ग्रामीणों ने डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही सीओ शैलेंद्र बाजपेई, कोतवाल वीरेंद्र पटेल मौके पर पहुंच गए और दोनों पक्षों को शांत कराया। कुछ ही देर बाद एएसपी भी मौके पर पहुंच गए और घटना के संबंध में जानकारी ली। साथ ही नारायणदास को कोतवाली भेजा है। घटना को लेकर सीओ शैंलेंद्र बाजपेई ने बताया कि जमीनी विवाद का मामला है। इसी को लेकर दो पक्षों के बीच गाली, गलौज व मारपीट हुई है।

# रामलीला रंगमंच पर कालनेमि की माया लीला को दर्शकों ने सराहा



**जालौन, उरई।** रामलीला महोत्सव में लक्ष्मणशक्ति व कालनेम की माया का मंचन किया गया। जिसमें हनुमान-मेघनाद संवाद, लक्ष्मण मेघनाद संवाद के अलावा कालनेम की माया को दर्शकों ने जमकर सराहा। लक्ष्मण शक्ति की लीला देख दर्शकों की आंखें नम हो उठीं। रामलीला महोत्सव 2024 में मंचन के प्रथम दृश्य में श्रीराम द्वारा लंका पर आक्रमण किए जाने की योजना बनाई गई। सभी वानरों ने लंका को चारों ओर से घेर लिया। तभी रावण की आज्ञानुसार मेघनाद युद्ध करने के लिए आया।

युद्ध के मैदान में उसका सामना हनुमानजी से होता है। जहां दोनों के बीच जमकर संवाद होता है। बाद में लक्ष्मण के आने के बाद मेघनाद व लक्ष्मण संवाद प्रारंभ हो जाता है। दोनों के संवादों का बैठे दर्शकों ने आनंद लिया। दर्शकों ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन भी किया। प्रारंभिक युद्ध के बाद जब मेघनाद हारने लगता है तो वह लक्ष्मण पर ब्रहमास्त्र का प्रयोग करता है। जिसके फलस्वरूप लक्ष्मण मूर्छित होकर जमीन पर गिर जाते हैं। हनुमानजी उन्हें वहां से उठाकर रामदल में ले आते हैं। जहाँ प्रभु राम लक्ष्मणजी की हालत को देखकर बिलख-बिलख कर रो पड़ते हैं।

रामजी का विलाप सुनकर दर्शक भी अपने आंसू नहीं रोक सके। इसी बीच जामवंत द्वारा लंका से सुखेन वैद्य को लाने की बात कही जाती है। जिस पर हनुमानजी लंका जाकर सुखेन वैद्य को ले आते हैं। सुखेन वैद्य संजीवनी बूटी द्वारा ही लक्ष्मणजी के उपचार करने की युक्ति बताने के साथ ही कहते हैं यदि सूर्यादय से पूर्व संजीवनी बूटी नहीं आई तो लक्ष्मणजी के प्राण बचाना असंभव होगा।

उसी समय तत्काल हनुमान जी संजीवनी बूटी लाने के लिए चले जाते हैं। रास्ते में कालनेमि नामक अपनी तमाम माया फैलाकर राक्षस हनुमान जी का रास्ता रोकने का प्रयास करता है। वहीं कालनेम स्वयं एक साधु का रूप धारण कर महाबली हनुमान जी से गुरूमंत्र लिए जाने को कहता है।

तभी तालाब में स्नान करने गए हनुमानजी को एक मछली कालनेम की माया के बारे में बता देती है। तब हनुमान जी कालनेम की माया को समाप्त करते हैं। और सुखेन वैद्य द्वारा बताए गए पर्वत पर संजीवनी बूटी लाने के लिए पहुंचते हैं। परंतु जब वह पर्वत पर विविध प्रकार की बूटियों में संजीवनी बूटी को पहचान नहीं पाते हैं तो वह पूरा पर्वत लेकर रामदल की ओर चल देते हैं।

# अनुदान पर कृषि यंत्रों को प्राप्त करने हेतु किसान कर सकते है

● ऑनलाइन बुकिंग 23 अक्टूबर, 2024 तक

**पायनियर समाचार सेवा।** कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** आलोक सिंह के निर्देशन में उप कृषि निदेशक, राम बचन राम द्वारा अवगत कराया गया कि कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि यंत्रीकरण/कृषि रक्षा उपकरण की समस्त योजनाओं वित्तीय वर्ष 2024.25 अन्तर्गत रोटावेटर, चैप कटर, मल्टीक्राप थ्रेसर, लेजर लैण्ड लेवलर, स्ट्रा रीपर, मेज सेलर (मक्का थ्रेसर), मिनी राइस मिल, हैरो, कल्टीवेटर, कम्बाइ हार्वेस्टर एवं कस्टम हायरिंग सेन्टर, फार्म मशीनरी बैंक, ड्रेसिंग फ्लोर, एवं स्माल गोदाम के साथ.साथ छोटे कृषि यंत्रों पर अनुदान प्राप्त करने हेतु 09 अक्टूबर, 2024 से 23 अक्टूबर, 2024 तक कृषि विभाग की अधिकृत वेबसाइट पर आवेदन की बुकिंग की जा सकती है। योजनान्तर्गत कृषि यंत्रों पर व्यक्तिगत कृषकों, स्वयं सहायता समूहो, कृषि विभाग से सम्बन्धित राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा ऑन लाइन बुकिंग कर यंत्रों पर अनुदान हेतु आवेदन किया जा सकता है। रू0 10,000 तक अनुदान वाले छोटे कृषि यंत्रों पर बुकिंग निशुल्क की जा रही हैए रू0 10,001 से रू0 1,00,000 तक के कृषि यंत्रो पर बुकिंग धनराशि रू0 2,500 व रू0 1,00,000 से अधिक मूल्य के कृषि यंत्र पर बुकिंग धनराशि रू0 5,000 होगी। निर्धारित लक्ष्य से अधिक बुकिंग होने पर लाभार्थियों का चयन ई.लाटरी के माध्यम से जिलाधिकारी महोदय, कानपुर देहात की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जायेगा। ई.लाटरी में चयनित न होने वाले कृषको को बुकिंग धनराशि निदेशालय स्तर से डीबीटी के माध्यम से वापस कर दी जायेगी। लाभार्थियों के चयन के उपरान्त निर्धारित समय के अन्तर्गत निर्धारित मानक के यंत्रो को पंजीकृत यंत्र निर्माताओं में से किसी से भी क्रय करने की स्वतंत्रता होगी तथा क्रय यंत्र की कम से कम 50 प्रतिशत धनराशि का भुगतान लाभार्थी कृषक को स्वयं अथवा अपने रक्त सम्बन्धी के बैंक खाते से हस्तानान्तरित कराना अनिवार्य होगा।

# जिला अस्पताल लोहिया का डीएम ने किया निरीक्षण



**फर्रुखाबाद।** जिला अस्पताल लोहिया का डीएम ने निरीक्षण किया। एनआरसी वार्ड में इलाज के दौरान स्वस्थ हुए एक दर्जन बच्चों व उनकी माताओं को उपहार दिए। शुक्रवार दोपहर करीब 11:30 बजे जिलाधिकारी डॉ वी.के सिंह जिला अस्पताल लोहिया पहुंचे। उन्होंने हड्डी वॉर्डो का बारीकी से निरीक्षण किया और मरीजों से मिलने वाली दवाओं और नाश्ता एवं खाना व्यवस्था की जानकारी ली। हड्डी वॉर्ड में भर्ती एक्सीडेंट में घायल हुए युवक ने कान से खून आने की बात डीएम को बताई गयी। डीएम ने तत्काल डिप्टी सीएमओ सर्वेश यादव को सर्जन को बुलाकर दिखाने को कहा। सूचना पर डॉक्टर शिखर सक्सेना ने तत्काल जिला अस्पताल लोहिया पहुंचकर उपरोक्त मरीज को देखा। डीएम ने एनआरसी वार्ड में पहुंचकर इलाज के बाद स्वस्थ हुए एक दर्जन बच्चों को वस्त्र, फ्ल, बॉर्नविटा, दही जलेबी आदि उपहार भेंट किया और बच्चों की माताओं को साड़ी उपहार में भेंट कर बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखने को कहा। कुपोषित बच्चों के बेहतर इलाज के लिए जिलाधिकारी ने एनआरसी वार्ड इंचार्ज डॉक्टर विवेक सक्सेना की तारीफ की।

# मेले जा रही लड़की को अगवा कर जंगल में किया गैंगरेप, धर्म परिवर्तन के लिए भी डाला दबाव

● पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज, आरोपी फरार

**संवाददाता।** बांदा

**बांदा** में दरिंदगी का फ़िर एक मामला सामने आया है जहां मेला देखने जा रही दो बहनों में एक नाबालिग किशोरी को दो दबंगों ने अगवा कर लिया और जंगल में ले जाकर रात भर उसके साथ गैंगरेप किया। इन आरोपी दरिंदों ने पीड़ित किशोरी पर धर्म परिवर्तन करने को भी दबाव डाला। आरोपियों के चंगुल से छूटकर पीड़िता अपने घर पहुंची और अपने परिजनों को लेकर पुलिस के पास जाकर अपनी फरियाद सुनाई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है लेकिन अभी भी आरोपी दरिंदे पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं।




आपको बताते चलें कि हैवानियत और दरिंदगी का यह मामला बांदा के पैलानी थाना क्षेत्र के एक गांव से सामने आया है जहां कल देर शाम पास के ही गांव भुयारानी में दो सगी बहनें मेला देखने के लिए जा रही थी तभी रास्ते में पड़ोसी गांव पिपरोदर निवासी दो दबंग आवेज और मुजीद बाइक में पहुंचे और सुनसान रास्ता देख बड़ी बहन को धक्का देकर सड़क के किनारे खाई में धकेल दिया और 16 वर्षीय छोटी बहन को अपने साथ जबरन उठाकर ले गए। इन दोनों दरिंदों ने पास के ही जंगल में ले जाकर रात 3 बजे तक पीड़ित किशोरी के साथ गैंगरेप किया और उसपर धर्म परिवर्तन करने और विवाह करने का दबाव डाला। आरोपियों के शिकंजे से छूटकर किसी तरह किशोरी जंगल से निकलकर सड़क पे पहुंची और रात 3 बजे सड़क में आ रहे एक राहगीर से मदद लेकर अपने घर पहुंची। पीड़िता के मुताबिक दोनों युवक काफी दिनों से उसके साथ छेड़खानी कर रहे थे और उसके बाद उन्होंने इस वारदात को अंजाम दिया है। पीड़िता के परिजनों के मुताबिक रात भर पीड़िता को ढूंढने के बाद जब पीड़िता घर पहुंची तो पीड़िता की आप बीती सुनकर वह लोग पैलानी थाने पहुंचे जहां उनकी शिकायत पर पुलिस ने आरोपी आवेश और मजीद के खिलाफ पास्को एक्ट समेत सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# मंत्री ने इन्वेस्टर समिट के प्रस्तावों की समीक्षा कर दिए निर्देश



**फतेहपुर।** सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग विभाग मंत्री राकेश सचान ने लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस डाक बंगला में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मंत्री ने इन्वेस्टर समिट में प्राप्त निवेश प्रस्तावों, स्वरोजगार योजनाओं आदि की समीक्षा करते हुए उपायुक्त उद्योग को शत प्रतिशत लक्ष्यों की प्राप्ति के निर्देश दिए। उद्यमियों, निवेशकों हेतु लैंड बैंक बनाने के लिए नवीन शासनादेश में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम प्रोत्साहन नीति 2022 के अंतर्गत एमएसएमई के विकास हेतु ग्राम सभा की पांच एकड़ अथवा उससे अधिक चिन्हित भूमि एक स्थान पर उपलब्ध होने पर सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। विभाग द्वारा उस औद्योगिक आस्थान के रूप में विकसित करते हुए उद्यमियों को उपलब्ध कराये जाएंगे। तहसीलों के माध्यम से जनपद में उपलब्ध ऐसी जगहों का चिन्हांकन कर शीघ्र प्रस्ताव तैयार किये जायें। लैंड बैंक बढ़ाया जा सके। डीएम ने मंत्री को आश्वस्त किया गया कि दिये गए निर्देशों का अक्षरशः पालन कराया जाएगा।

# जल्द ही जिला अस्पताल लोहिया में पुलिस चौकी की स्थापित कर दी जाएगी: जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद।** डीएम डॉक्टर बीके सिंह ने बताया कि जल्द ही जिला अस्पताल लोहिया पुलिस चौकी की स्थापित कर दी जाएगी। जिससे शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के साथ अराजक तत्वों पर नजर रखी जाएगी। मीडिया से बात करते हुए जिलाधिकारी डॉक्टर बीके सिंह ने बताया कि आज रामनवमी का शुभ दिन है। बीते दिनों नवरात्र में ही एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें उप्र सरकार की ओर से और जिला प्रशासन की ओर से 9 नवजात बच्चियों को उनके माता.पिता को उपहार भेंट किए गए थे। लोगों को सरकार के कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई थी। आज शुक्रवार दोपहर 11:30 बजे जिला अस्पताल लोहिया का निरीक्षण कर एनआरसी वार्ड में पहुंचे। जहां बच्चों की माता ने बताया कि यहां पर बच्चों का सही से इलाज हो रहा है और सभी माताए संतुष्ट नजर आ रही थी। उन्होंने बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर



नवजात बच्चियों को उनके माता पिता को उपहार भेंट करते डीएम डॉक्टर बीके सिंह।

विवेक सक्सेना धन्यवाद दिया। कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ उन तक पहुंच रहा है।

उन्होंने सीएमएस और उनकी टीम को निर्देश देते हुए कहा कि लोगों को अस्पताल में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए और अच्छी खान.पान की व्यवस्था कराएं। मरीज को डॉक्टरों द्वारा समय पर दवा दे दी जाए। जिससे कि लोग संतुष्ट हो। मुख्य उद्देश्य यही है कि इलाज के साथ-.साथ लोगों का संतुष्ट होना बहुत जरूरी है। उसी के तहत एनआरसी वार्ड में भर्ती 12 बच्चों को उपहार स्वरूप कपड़ेए फ्ल, बॉर्नविटा, दही जलेबी व बच्चों की माताओं को साड़ी उपहार में दी है। उन्होंने बताया कि जिले में व्यवस्था की है कि जो बच्चे कमजोर होते हैं कुपोषित हैं, उन्हें एंबुलेंस द्वारा घर से अस्पताल लाते हैं और एंबुलेंस से ही घर वापस भेजते हैं।

# मृतक को विवेचक द्वारा साक्षी बनाये जाने का आरोप

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** थाना क्षेत्र में एक मामला ऐसा सामने आया। जहाँ चुनावी रंजिश में लिखे गए मुकदमे में साक्षी एक म्रतक को बना लिया गया और चार्जशीट लगा दी गई। मुकदमे में अभियुक्त ने साक्षी म्रतक का मृत्यु प्रमाण अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडेय के सामने प्रस्तुत किया। रसूलाबाद क्षेत्र के सलेमपुर महेरा निवासी देवेंद्र सिंह पुत्र ब्रजेन्द्र सिंह ने अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडेय को तहरीर देकर बताया कि रसूलाबाद थाना में उसके ऊपर चुनावी रंजिश में एक मुकदमा दर्ज हुआ था। जांच करने पर विवेचक पुलिस क्षेत्राधिकारी ने जितेंद्र पुत्र राजेंद्र को गवाह बनाया जबकि जितेंद्र की पिछले वर्ष अक्टूबर में ही मृत्यु हो चुकी थी। पीड़ित युवक ने आरोप लगाया कि मुकदमा लिखने से पहले ही गवाह की मौत हो गई थी और उसे षड्यंत्र के तहत फंसाया गया था। पुलिस द्वारा मामले में बिना जानकारी के म्रतक व्यक्ति को गवाह को गवाह बना लिया गया। मामले में अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडेय ने मामले में जांच के निर्देश दिए।

## क्विक न्यूज

### मधुमक्खियों के काटने से युवक घायल, तीन अन्य जख्मी

**मौदहा ( हमीरपुर)।** क्षेत्र में हुई अलग.अलग घटनाओं मे एक महिला सहित चार घायल सभी घायलों को लहुलुलाहान हालत में कस्बे की सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत एक की हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बिगहना गांव निवासी रामकृपाल पुत्र मैयादीन, भैइया पुत्र रामकृपाल पेड़ में लगे मधुमक्खियां की चपेट में आ जाने पर लहुलुहान हालात में परिजनों ने कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज जारी है। दूसरी घटना गुढा गांव निवासी कलावती पत्नी सत्य प्रकाश घर की सफाई करते समय पंखे में करंट उतर आ जाने पर बिजली की चपेट में आ गई गंभीर अवस्था मे प्राथमिक उपचार हेतु कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया तीसरी घटना कस्बा निवासी अब्दुल सफीक बड़े चौराहा की ओर जाते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने पर राहगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### फसल खराब होने पर महिला ने फांसी लगाकर जान दी

**राठ (हमीरपुर)।** फसल खराब होने व पुत्री की शादी नजदीक आने से महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मझगवां थाने के जराखर गांव निवासी स्वदेश (45) पत्नी लखन सिंह ने शुक्रवार की तड़के पांच बजे पशु बाड़े में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक के पति ने बताया कि गुरुवार को वह गांव से गई बारात में गल्हिया गांव गया था। घर पर पत्नी व बच्चें थे। दो फरवरी की उसकी पुत्री रोशनी की शादी मुस्करा थाने के शिवनी गांव में तय हो गई थी। इस वर्ष फसल भी खराब हो गई है। बताया कि पुत्री की शादी नजदीक आने पर उसकी पत्नी परेशान रहने लगी थी। जिसके कारण उसने फांसी लगाकर जान दी है। एसडीएम विपिन कुमार शिवहरे ने बताया कि जांच कराई जा रही है।

### किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

**हमीरपुर।** मुस्करा क्षेत्र के पहाड़ी भिटारी गांव में शुक्रवार को सुबह किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किसान ने बैंक से दो साल पहले बैंक से कर्ज लिया था जिसे वह अदा नही कर पा रहा था। गांव का राधे(75) उसने दो साल पहले बैंक से ग्रीन कार्ड बनाकर लोन लिया था जिसे वह अदा नही कर पा रहा था बैंक कर्मी उस पर बराबर दबाव बना रहे थे जिससे वह मानसिक तौर पर परेशान रहने लगा था। डिप्रेशन के चलते उसने फांसी लगाकर जान दे दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### दिन दहाड़े उचक्के व्यापारी का 40 हजार लेकर फ़रार

**संडीला (हरदोई)।** हरदोई रोड स्थित फ़ल सब्जी मण्डी के एक कारोबारी का रुपियों वाला बैग दिन दहाड़े दो उचक्के लेकर फ़रार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार नवीन फ़ल मण्डी में धनिया मिर्च का कारोबार करने वाले इकबाल सुबह के समय अपने कारोबार में व्यवस्त थे। उनका वह झोला जिसमें 40 45 हज़ार रुपए तथा रजिस्टर इत्यादि था, वह तखत पर रखा था। इसी बीच दो युवक वहां पहुंचे और खामोशी के साथ उन्होंनें उनका झोला उठा लिया और मण्डी के मुख्यद्वार की ओर चले। कई लोगों ने उनको जब झोला ले जाते देखा तो शोर मचाया लेकिन तब तक दोनों युवक मण्डी के गेट से बाहर निकल गए। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि वहां पहले से एक मोटरसाइकिल सवार उसे स्टार्ट किए खड़ा था। दोनों उसपर बैठ गए और हरदोई रोड पर आगे की ओर भाग गए। पूरी घटना मण्डी समिति कार्यालय के सीसी टीवी कैमरों में कैद हुई है। इस घटना से व्यापारी दहशत में हैं। इस मामले की सूचना कुछ लोगों ने पुलिस को दी है हालांकि पीड़ित व्यापारी द्वारा पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गयी है।

### फांसी के फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव

**संडीला (हरदोई)।** एक विवाहिता का शव उसके कमरे से फंदे से लटकता हुआ मिला। मृतका के परिजन ने पति एवं अन्य ससुरालीजन पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। घटना कोतवाली बेनीगंज के अंतर्गत ग्राम संदना की है। ग्राम निवासी अंशुल की 22 वर्षीय पत्नी नीलम अपने कमरे में फंदे से लटकती हुई पायी गयी। इस घटना की सूचना मिलने पर मृतका के परिजन मौके पर पहुंचे तथा पुलिस को मृतका नीलम के पिता तुलाराम निवासी अभयपुर थाना पसिगवां जनपद लखीमपुर ने दी गयी तहरीर में कहा है कि उनकी पुत्री नीलम को दहेज में मोटरसाइकिल न लाने के लिए प्रताणित किया जा रहा था। जिसकी कई बार सूचना नीलम ने उनको दी थी। जब यह मांग पूरी नहीं हुई तो नीलम की हत्या कर उसके शव को फांसी के फंदे से लटका दिया गया और आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गयी। तहरीर पर पुलिस ने मृतका के शव को कब्ज़े में लेकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

# बाइक हादसे में मोर व महिला की मौत

**फतेहपुर।** हथगाम थाना क्षेत्र के सेमरा मानापुर रोड पर कोदइला गांव के पास शुक्रवार की सुबह एक दर्दनाक घटना हो गया जिसमें एक मयूर तथा बाइक में सवार महिला की दर्दनाक मौत हो गई। थानाध्यक्ष वृंदावन राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया। मयूर को वन विभाग अपने साथ ले गया। विमलेश कुमार निवासी रामशाला थाना हुसैनगंज अपनी मां रुक्मिनी देवी 48 वर्ष को कड़ा धाम कौशांबी से दर्शन कराकर सुबह हथगाम-छिवलहा मार्ग से अपने गांव जा रहे थे। तभी उक्त गांव के समीप मयूर को बचाने में बाइक डिसबैलेंस हो गई और बाइक पर सवार दोनों लोग सड़क पर गिर गए। महिला के सिर में गंभीर चोट आई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि हेलमेट लगा होने कारण 21 वर्षीय विमलेश बाल-बाल बच गए। बताते हैं कि हेलमेट का बंधना खुला हुआ था इसलिए गिरते ही हेलमेट बाहर गिर गया और विमलेश के चेहरे पर चोट आ गई।

# व्यापारियों का हित व सम्मान सपा में सुरक्षित है: अमित यादव

● सपा शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष ने किया नवीन प्रतिष्ठान का शुभारम्भ

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** व्यापारियों में जीएसटी को लेकर सबसे बड़ी समस्या है। अधिकतर व्यापारी सीए पर निर्भर हो गये हैं। जीएसटी लागू होने से खासकर छोटे व्यापारियों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। केन्द्र सरकार को जीएसटी का सरलीकरण करना चाहिए। जिससे अधिक से अधिक छोटे व्यापारी भी इससे जुड़ सकें। जीएसटी की समस्या के चलते छोटे मध्यम व्यापारी ठीक से कारोबार नहीं कर पा रहे हैं।

यह बात शुक्रवार को क्षेत्र के ग्राम तेराजाकेट जीटी रोड पर श्री राधे कृष्ण कॉपी एण्ड स्टेशनरी प्रतिष्ठान का फीता काटकर शुभारम्भ करनें के उपरान्त समाजवादी शिक्षकसभा जिलाध्यक्ष अमित कुमार यादव ने कही। कहा कि जीएसटी के नाम पर व्यापारियों को अनावश्यक ही परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने जीएसटी के नाम पर व्यापारियों के कपड़े तक उतरवा दिये। उन्होंने गाजियाबाद में व्यापारियों के साथ हुई घटना के बारे में बात करते हुए कहा कि विगत दिनों जीएसटी दफ्तर के अधिकारियों ने दो लाख की रिश्वत माँगी जिसके विरोध में व्यापारी कपड़े उतारकर धरने पर बैठ गया। भाजपा सरकार के जनप्रतिनिधि सत्ता के नशे में हैं जिनका नशा आगामी विधानसभा चुनाव में जनता उतारेगी। मौके पर जिला महासचिव पिछड़ा वर्ग अरूण कुमार शर्मा, मोहित पाठक, अतुल राजपूत, जितेन्द्र कुमार, शिवम गुप्ता, विपिन यादव, प्रभाकांत यादव, श्यामजी राजपूत, नवीन राजपूत सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# आज मनाया जाएगा दशहरा, रावण तैयार

**फतेहपुर।** शारदीय नवरात्र शुक्रवार से समाप्त हो गए। अब शनिवार को असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व मनाया जाएगा। दशहरा के दिन के लिए रावण-मेघनाद के पुतलों को कारीगर शुक्रवार को अंतिम रूप देते नजर आए। मुस्लिम समुदाय के कारीगर रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतले तैयार कर रहे हैं। बिंदकी नगर में दशहरा महोत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। दो दिन पूर्व ही मेले का शुभारम्भ किया जा चुका है। शनिवार को पूरे विधि विधान के साथ रावण दहन कार्यक्रम होगा जिसमें डीएम-एसपी समेत अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी रहती है। महोत्सव को भव्य रूप देने के लिए यहां पर एक माह पहले से ही तैयारियां शुरू हो गई थीं। करीब 60 फिट से अधिक लम्बाई को रावण तैयार कराया गया है। दशहरा के दिन श्रीराम द्वारा रावण का दहन किया जाएगा। इसके अलावा किशनपुर, कुंवरपुर आदि स्थानों में भी रावण दहन कार्यक्रम आयोजित होते हैं।

# जहरीले पदार्थ के सेवन से महिला की मौत

**सुमेरपुर।** कस्बे के वार्ड संख्या 16 में सुबह पीआरडी जवान की पत्नी ने घर पर ही जहरीला पदार्थ गटक लिया। बेहोशी की हालत में परिजन इसको प्राथमिक स्वास्थ्य लेकर आए हालत गंभीर होने पर इसको सदर अस्पताल रेफर किया गया जहां उसकी मौत हो गई। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। कस्बा निवासी अनुज कुमार उर्फराम जी गुप्ता की पत्नी रजनी (35) ने सुबह किसी कारण वश घर पर जहरीला पदार्थ गटक लिया हालत बिगड़ने पर इसको परिजन बेहोशी की हालत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए हालत नाजुक होने पर इसे सदर अस्पताल रेफर किया गया। सदर अस्पताल में इसकी मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। मृयका का पति पीआरडी जवान है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### मृतका के कान से कर्मी ने चुरा लिये बाले, सीएमओ ने कहा जांच होगी

**हमीरपुर।** जिला अस्पताल में मृतक महिला के कान के सोने के बाला किसी अस्पताल कर्मी ने निकाल लिये जिससे करीब एक घंटे तक अफ्रा तफ्री मची रही। मृतका के पति अनुज गुप्ता ने बताया कि जिस समय उन्होने पत्नी रजना को इमरजेंसी में भर्ती किया था उस समय कान में दोनो सोने के बाले पहने हुये थी किसी काम के चलते डाक्टर ने उन्हे अपने कक्ष में बुला लिया जब गया तो पत्नी के एक कान के बाले गायब थे,जानकारी होने पर अस्पताल में अफ्रा तफ्री मच गयी डाक्टरो ने बताया कि यह पहला मामला है जब हमीरपुर जिला अस्पताल के किसी मृतका के कान से गहने गायब हो गये हो सीएमओ डा गीतम सिंह ने बताया कि इस मामले की जांच करायी जायेगी गंभीर मामला है इससे विभाग की बदनामी होती है लोगो का कर्मियों से विश्वास उठ जायेगा। जिसने भी हरकत की है उसको कड़ा दंड दिया जायेगा।

# रूरा की रामलीला में पूर्व अध्यक्ष सहित वरिष्ठ सम्भ्रान्तों किया सम्मानित

**कानपुर देहात।** रूरा की रामलीला में गुरूवार की रात्रि पूर्व अध्यक्ष सहित आयोजन में योगदान करने वाले वरिष्ठ सम्भ्रान्त नागरिकों का कार्यकारी अध्यक्ष चन्द्रभान सिंह राजू भदौरिया, ने पट्टा, माला व बैज लगाकर स्वागत व अभिनन्दन किया, इस मौके पर समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

श्री रामलीला कमेटी (पॅजीकृत) रूरा द्वारा रूरा कस्बे के रामलीला मैदान में 65वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर आर्दश रामलीला मण्डल दिलीप नगर,कानपुर नगर के कलाकारों द्वारा रामलीला का मॅचन किया जा रहा है। गुरूवार की रात्रि को आयोजन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष चन्द्रभान सिंह राजू भदौरिया, अध्यक्ष दिलीप सिंह मुन्ना, बउआ गुप्ता, आनन्द बाजपेई ने पूर्व अध्यक्ष जेएन मिश्रा, पूर्व प्रधानाचार्य बीएल सेंगर सहित रामलीला के आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले कस्बे व क्षेत्र के सम्भ्रान्तजनों को माला, पट्टा





व बैज लगाकर सम्मानित किया। इस मौके पर छुन्ना तिवारी, विश्ववीर सिंह भदौरिया, धीरेन्द्र सेंगर कल्लू, सुधीर शर्मा, विजय यादव, वीरे शुक्ला, प्रधान मनोज यादव, प्रधानाचार्य रामकुमार कश्यप, सीताराम पाण्डे, चन्दन गुप्ता, नीरज सिंह गौर पूर्व प्रत्याशी, विवेक पाण्डेय शिक्षक सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

शुक्रवार को रामलीला मैदान के मॅच पर कुम्भकरण, मेघनाथ वध, विभीषण श्ज्ञरणागत, रावण ॲगद सॅवाद, लक्ष्मण शक्ति, सती सुलोचना प्रसॅगों के मॅचन से पूर्व मेघनाथ व कुम्भकरण ने नगर भ्रमण कर युद्ध की रणभेरी बजाई, रात्रि में काला जादू का मैजिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। आज शनिवार को दशहरा के पावन पर्व पर अन्याय के प्रतीक रावण के विशाल पुतले के दहन के साथ अहिरावण व रावण वध की लीलाओं का मॅचन किया जायेगा, रात्रि में देश के प्रसिद्ध भजन गायकों की उपस्थिति में भजन सॅध्या का आयोजन किया जायेगा।

# राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम में मानसिक दिव्यांगों को बांटे गए प्रमाण पत्र

**लखीमपुर खीरी।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शहर के एक निजी होटल में किया गया कार्यक्रम के अध्यक्षता सीएमएस डॉ आरके कोली ने की विशिष्ट अतिथि के तौर पर सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता मौजूद रहे। उपस्थित सभी को इस दौरान तंबाकू उत्पादों का सेवन न करने को लेकर शपथ भी दिलाई गई। जिला अस्पताल सहित जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात एनसीडी के अंतर्गत डॉ और कर्मचारियों सहित आरबीएसके और आरकेएसके के अंतर्गत तैनात सभी डॉक्टर्स और कर्मचारी को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित कार्यशाला में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े पहलुओं की बारीकी से जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ। इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता व सीएमएस डॉ आरके कोली ने संयुक्त रूप से मानसिक दिव्यांगों को दिव्यांग प्रमाण पत्र वितरित किए। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विश्व मानसिक दिवस को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 1992 में हुई थी। इसके बाद से लगातार यह हर वर्ष एक नई थीम पर मनाया जाता है। इस बार की थीम वर्क प्लेस पर कर्मचारियों के लिए सकारात्मक वातावरण और वर्क लाइफ बैलेंस को बनाना है। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से घबराना नहीं चाहिए यह किसी को भी हो सकती है वह चाहे बच्चा हो बुजुर्ग हो। इस दौरान सीएमएस डॉ आरके कोहली ने बताया कि जिला चिकित्सालय में शासन के निर्देश पर मानसिक रोग विभाग संचालित है, जहां पर मानसिक स्वास्थ्य को लेकर निशुल्क परामर्श व दवाएं भी वितरित की जाते हैं। सरकार मानसिक स्वास्थ्य को लेकर तमाम योजनाएं चल रही है जो जिले भर में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और मानसिक केंद्रों पर संचालित हैं। मनोचिकित्सक डॉ



अखिलेश शुक्ला ने मानसिक रोग अल्जाइमर, डिमेंशिया, डिप्रेशन, सिजोफ्रेनिया व स्ट्रेस आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ आरपी वर्मा, डिप्टी सीएमओ डॉ अमितेश द्विवेदी व डॉ डीके पुष्कर ने भी इस दौरान अपने विचार रखें। साइकेट्रिक सोशल वर्कर अतुल कुमार पांडेय द्वारा जिला मानसिक स्वास्थ्य इकाई द्वारा प्रदान की जा रही मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं ओपीडी मन कक्ष, टेली मानस हेल्पलाइन नंबर.14416 या 18008914416' के बारे में जानकारी दी गई। नैदानिक मनोवैज्ञानिक स्तुति कक्कड़ द्वारा मानसिक रोग की जानकारी पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन माध्यम से प्रदान की गई। साथ ही सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता द्वारा स्वयं किस प्रकार काम के तनाव को दूर करते है उसके बारे में बताया गया और व्यायाम करने की सलाह भी दी गई। बताया गया कि इस तरह के आयोजन चिन्हित आठ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रोंए स्कूलों एवं वृद्ध आश्रमएबाल सुधार गृह आदि पर मानसिक विभाग की टीम द्वारा किया जाता है। कार्यक्रम का सफ्ल संचालन स्तुति कक्कड़ द्वारा किया गया। इस मौके पर जिला चिकित्सालय से डॉ शिखर बाजपेई, डॉ शिशिर पांडेय, डॉ सुष्मिता पांडेय एवं मेडिकल कॉलेज से डॉ दीपा सिंह, डॉ ऋतु खरेए डॉ विकाश यादव, जनपद के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक, बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के समस्त चिकित्सक, एनसीडी के समस्त चिकित्सक एवं काउंसलर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से डॉ राकेश गुप्ता, विजय वर्मा, अनुज श्रीवास्तव, मयंक एवं जिला चिकित्सालय से पंकज शुक्ला, सुरेंद्र कश्यप, बसंत गुप्ता, विवेक मित्तल साइक्रेटिक नर्स, अतुल कुमार पांडेय साइक्रेटिक सोशल वर्कर, नीरज वर्मा के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

मधुमिता हत्याकाण्ड

# उप्र सरकार ने सजा में छूट वापस लेने की मांग की

**भाषा।** नई दिल्ली

**उत्तर प्रदेश** सरकार ने उच्चतम न्यायालय से उस आदेश को वापस लेने का अनुरोध किया है जिसमें उसे 2003 में 26 वर्षीय कवयित्री मधुमिता शुक्ला की हत्या के मामले के एक दोषी की समय पूर्व रिहाई पर विचार करने के लिए कहा गया है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति अगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री से कहा कि राज्य सरकार की याचिका को एक उचित पीठ के समक्ष रखने के लिए प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ से उचित निर्देश प्राप्त किया जाए। गत 30 सितंबर को मामले में उत्तर प्रदेश सरकार का पक्ष रखते हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता गरिमा प्रसाद ने पीठ को बताया कि इस साल 8 जनवरी को बिलकिस बानो के मामले में दूसरे फैसले के मद्देनजर, राज्य सरकार ने रोहित चतुर्वेदी के मामले में पारित 15 दिसंबर, 2023 के आदेश को वापस लेने या संशोधित करने की मांग की है। शीर्ष अदालत ने आठ जनवरी को 2002 के गोधरा दंगों के दौरान बिलकिस बानो से सामूहिक बलात्कार और उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या से जुड़े मामले में 11 दोषियों को गुजरात सरकार की ओर से दी गई सजा में छूट को रद्द कर दिया था।

उसने कहा था कि गुजरात सरकार माफी आदेश पारित करने के लिए उपयुक्त प्राधिकार नहीं है। उसने स्पष्ट किया कि जिस राज्य में अपराधी पर मुकदमा चलाया जाता है और उसे सजा सुनाई जाती है, वह दोषी की सजा में छूट की याचिका पर फैसला करने के लिए सक्षम है। बिलकिस बानो मामले में दोषियों पर महाराष्ट्र में मुकदमा चलाया गया था। इस प्रक्रिया में, पीठ ने शीर्ष अदालत की एक अन्य पीठ के 13 मई, 2022 के एक फैसले को रद्द कर दिया था, जिसमें गुजरात सरकार को 11 दोषियों की सजा में छूट के आवेदनों पर विचार करने का निर्देश दिया गया था और कहा गया था कि इसे अदालत के साथ धोखाधड़ी करके प्राप्त किया गया था। न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी (अब सेवानिवृत्त) और न्यायमूर्ति विक्रमनाथ की पीठ ने 13 मई, 2022 को गुजरात सरकार से 9 जुलाई, 1992 की उसकी माफी नीति के अनुसार दोषी राधेश्याम शाह की समयपूर्व रिहाई की याचिका पर विचार करने को कहा था, जिसमें कहा गया कि जिस राज्य में अपराध हुआ था, उसकी सरकार के पास आवेदन पर फैसला करने का अधिकार है।

इस मामले में, न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस (अब सेवानिवृत्त) और न्यायमूर्ति मसीह की पीठ ने 15 दिसंबर, 2023 को 13 मई, 2022 के फैसले के संदर्भ में उत्तर प्रदेश सरकार से कहा कि चतुर्वेदी की सजा में छूट की याचिका पर विचार करे जिस पर उत्तराखंड की एक अदालत में हत्या का मुकदमा चला था। पीठ ने कहा, हम, तदनुसार, निर्देश देते हैं कि याचिकाकर्ता-दोषी (चतुर्वेदी) द्वारा दायर की गई सजा में छूट की याचिका उत्तराखंड राज्य द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य के गृह सचिव को भेजी जाए। यह आज से तीन सप्ताह की अवधि के भीतर किया जाना चाहिए। इसके बाद, उत्तर प्रदेश राज्य इस प्रश्न की जांच करेगा और आगे आठ सप्ताह की अवधि के भीतर उस संबंध में निर्णय लेगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने उस आदेश को वापस लेने की मांग की है, जिसमें उसे दोषी की सजा में छूट की याचिका पर इस आधार पर निर्णय लेने के लिए कहा गया था कि उच्चतम न्यायालय ने बिलकिस बानो मामले में बाद के फैसले में माना है कि जिस राज्य में दोषियों पर मुकदमा चलाया गया था, वह समय से पहले रिहाई के लिए ऐसी याचिका पर निर्णय लेने के लिए उचित प्राधिकार है।

शुक्ला की 9 मई, 2003 को लखनऊ की पेपर मिल कॉलोनी में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उस समय वह गर्भवती थीं। कवयित्री की हत्या के आरोप में अमरमणि त्रिपाठी को सितंबर 2003 में गिरफ्तार किया गया था। त्रिपाठी के साथ मधुमिता के कथित रूप से संबंध थे। इसके बाद, हत्या की साजिश के सिलसिले में अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया। उत्तराखंड की एक निचली अदालत ने 24 अक्टूबर, 2007 को अमरमणि त्रिपाठी, उनकी पत्नी मधुमणि त्रिपाठी, भतीजे रोहित चतुर्वेदी और सहयोगी संतोष कुमार राय को शुक्ला की हत्या के लिए दोषी ठहराया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। नौतनवा विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित अमरमणि त्रिपाठी 2001 में उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार में मंत्री थे और 2002 में बनी बसपा सरकार में भी वह मंत्री रहे। त्रिपाठी का समाजवादी पार्टी से भी नाता रहा।

# दुर्गा पूजा पंडाल के बाहर प्रदर्शन पर गिरफ्तार नौ युवकों को अदालत ने अंतरिम जमानत दी

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को उन नौ युवकों को अंतरिम जमानत दे दी जिन्हें आरजी कर अस्पताल में दुष्कर्म और हत्या की घटना के विरोध में नौ अक्टूबर को दुर्गा पूजा पंडाल के बाहर हमें न्याय चाहिए के नारे लगाने के लिए गिरफ्तार किया गया था। अलीपुर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने नौ लोगों को बृहस्पतिवार को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था। युवकों के रिश्तेदारों द्वारा दायर याचिका की समीक्षा करने के बाद न्यायमूर्ति शम्पा सरकार की एकल पीठ ने युवकों को 1,000-1,000 रुपए के मुचलके पर अंतरिम जमानत दे दी।

अदालत ने कहा कि उनके प्रदर्शन का उद्देश्य नफरत फैलाना, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना या राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल होना नहीं था। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि ए युवक दुर्गा पूजा पंडालों के 200 मीटर के दायरे में नहीं जाएंगे और उन्हें सप्ताह में एक बार पुलिस थाने में रिपोर्ट करना होगा। उन्हें 15 अक्टूबर को रेड रोड पूजा कार्निवल के दौरान कोई विरोध प्रदर्शन नहीं करने का भी निर्देश दिया गया। न्यायाधीश ने कहा कि पुलिस 15 नवंबर तक उनके खिलाफ कार्वाई न करे। युवकों को बृहस्पतिवार शाम अलीपुर अदालत में पेश किया गया था जिसने उन्हें 17 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया था। इनमें से अधिकतर की उम्र 20 वर्ष से अधिक है और केवल एक की उम्र 18 वर्ष है।

उच्च न्यायालय ने कहा कि उनकी उम्र कम है और इसलिए उन्होंने शायद किसी खास पूजा समिति के पंडाल में विरोध प्रदर्शन करना चुना होगा, जिसने सार्वजनिक रूप से ऐसे प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगा रखा है। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया, उनकी हरकतें न तो राजनीति से प्रेरित थीं, न ही उनके किसी आपराधिक इरादे का कोई सबूत था क्योंकि उन्होंने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया।

सरकारी वकील ने सुनवाई के दौरान दलील दी कि युवकों ने पर्चे बांटकर और नारे लगाकर सार्वजनिक व्यवस्था का उल्लंघन किया है और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है, जिससे ऐसे समय में त्योहारों में शांति भंग हो सकती है, जब हजारों लोग पंडालों में आते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी संभावित बड़ी साजिश का पता लगाने के लिए आगे की जांच और पूछताछ की जरूरत है। इसके जवाब में उच्च न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि सभी को शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करने का अधिकार है, जब तक कि इससे जनता की सुरक्षा को खतरा न हो। अदालत ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को अंतरिम जमानत आदेश को तुरंत लागू करने और युवकों को रिहा करने का निर्देश दिया।

# परीक्षण के दौरान गोला फटने से दो अग्निवीरों की मौत, जांच के आदेश

**भाषा।** नासिक

**महाराष्ट्र** के नासिक जिले के आर्टिलरी सेंटर में परीक्षण के दौरान एक गोले के फट जाने से दो अग्निवीरों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सेना ने दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी शुरू कर दी है। अधिकारी ने बताया कि हैदराबाद आर्टिलरी सेंटर के गनर गोहिल विश्वराजसिंह (20) और गनर सैकत (21) की नासिक जिले के देवलाली में परीक्षण के दौरान मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि अग्निवीरों की एक टीम तोप से गोले छोड़ रही थी, तभी एक गोला फट गया, जिससे दो अग्निवीर घायल हो गए, जिसके बाद उन्हें देवलाली के सैन्य अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

उन्होंने बताया कि हवलदार अजीत कुमार की शिकायत के आधार पर देवलाली कैंप पुलिस थाना में दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया गया है तथा जांच जारी है। सेना ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी एक पोस्ट में कहा, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और सेना के सभी रैंक के अधिकारी बहादुर अग्निवीर (गनर) गोहिल विश्वराजसिंह और अग्निवीर (गनर) सैकत के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं, जिन्होंने प्रशिक्षण के दौरान कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। सेना ने बताया कि दुर्घटना के वास्तविक कारण का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दे दिए गए हैं। सेना ने कहा कि वह गहरी संवेदना व्यक्त करती है तथा दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ी है।

# बहराइच में सर तन से जुदा जैसी भड़काऊ नारेबाजी पर एक हजार अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**बहराइच (उप्र)।** बहराइच जिले की नानपारा कोतवाली पुलिस ने इंस्टाग्राम पर दो समुदायों के बच्चों के बीच उनके धर्मों को लेकर आपत्तिजनक बातचीत के स्क्रीनशॉट सार्वजनिक होने के बाद कथित रूप से "सर तन से जुदा" जैसी भड़काऊ नारेबाजी कर कस्बे में तनाव एवं दहशत फैलाने को लेकर एक हजार अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उसके अनुसार नानपारा कोतवाली क्षेत्र के नानपारा कस्बे में सात अक्टूबर की शाम यह घटना घटी थी।

पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी नाबालिग बच्चे की फोटो स्टेटस पर लगाकर उत्तेजना फैलाने वाले शोएब नामक एक व्यक्ति को पुलिस ने शांति भंग की धाराओं में गिरफ्तार कर विधिक प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया है। नानपारा के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) प्रद्युम्न सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि सात तारीख की घटना को लेकर आठ अक्टूबर को राजा बाजार के चौकी प्रभारी की तहरीर पर कोतवाली नानपारा थाने में मुस्लिम सम्प्रदाय के एक हजार लोगों (नाम-पता अज्ञात) के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 189 (2) (गैरकानूनी जमावड़ा), 126 (2) (मार्ग अवरूद्ध करना), 132 (सरकारी कार्य में बलपूर्वक बाधा), 285 (सार्वजनिक मार्ग पर खतरा, बाधा या चोट पहुंचाना), 352 (अपमानित करना, उकसाना), 353 (3) (धार्मिक अवसर पर दूसरे धर्म के विषय में भ्रांतिपूर्ण अफवाह फैलाना) तथा सेवन क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है।

पुलिस ने बताया कि प्राथमिकी में कहा गया है कि "सात अक्टूबर की शाम इंस्टाग्राम पर दो बच्चों के बीच उनके धर्मों पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर मुकदमा लिखने की कार्यवाही की जा रही थी। फिर भी मुस्लिम सम्प्रदाय उन्माद फैलाने के उद्देश्य से नानपारा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौराहे के निकट हजारों की संख्या में एकत्रित हो गए जिससे आवागमन पूर्ण रूप से बंद हो गया।

पुलिस के मुताबिक मुस्लिम सम्प्रदाय के लोगों द्वारा प्रतिक्रिया स्वरूप सर तन से जुदा आदि साम्प्रदायिक नारे लगाए गए। कई घंटे तक करीब एक हजार लोग आपत्तिजनक नारेबाजी करते रहे। जब पुलिस मार्ग खाली कराने गई तो उसे भी रोका गया, धमकी दी गई तथा प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी की गई। सीओ ने बताया कि एक हजार लोगों के खिलाफ दर्ज इस मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गई है। बहराइच जिले के नानपारा कस्बे में नौंवी कक्षा में एक साथ पढ़ने वाले दो समुदायों के बच्चों के बीच उनके धर्मों को लेकर आपत्तिजनक बातचीत के स्क्रीनशॉट इंस्टाग्राम पर सार्वजनिक होने के बाद तनाव फैल गया था।

# प्रयागराज में दुष्कर्म पीड़िता की इलाज के दौरान मौत

**प्रतापगढ़ (उप्र)।** प्रतापगढ़ जिले के लीलापुर थानाक्षेत्र की कथित दुष्कर्म पीड़िता एक किशोरी की इलाज के दौरान यहां एसआरएन अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय ने शुक्रवार को बताया कि छह अक्टूबर को 16 वर्षीय इस किशोरी को बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया था। राय के मुताबिक आरोपी ने हाथ और मुंह बांध कर किशोरी को गंभीर घायल अवस्था में बाजरे के खेत में छोड़ दिया था जिसका इलाज एसआरएन अस्पताल प्रयागराज में चल रहा था। अपर पुलिस अधीक्षक के अनुसार बृहस्पतिवार देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर पर गांव के अनिल गुप्ता के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया था एवं कमोरा जंगल के निकट मुठभेड़ के दौरान उसे गिरफ्तार कर लिया था।

# इंदौर के दवा कारखाने में अफीम और मॉर्फिन को अनुपयोगी भंडार मिला, नष्ट करने के निर्देश

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** इंदौर के एक दवा कारखाने में प्रशासन को शुक्रवार को लगभग 52 किलोग्राम अफीम और 2.50 किलोग्राम मॉर्फीन सल्फेट का बरसों पुराना अनुपयोगी भंडार मिला जिसे विधिवत नष्ट करने के निर्देश दिए गए है। उन्होने बताया कि एक प्रशासनिक दल को यहां पोलोग्राउण्ड औद्योगिकक्षेत्र में एक दवा कारखाने के निरीक्षण के दौरान लगभग 52 किलोग्राम अफीम और 2.50 किलोग्राम मॉर्फीन सल्फेट का बरसों पुराना भंडार मिला। उन्होंने बताया कि यह भंडार दवा कारखाने में उपयोग के काबिल नही रह गया था। कारखाने के रिकॉर्ड के मुताबिक अफीम की इस खेप का उपयोग 20 दिसम्बर 2008 के पश्चात से नही किया गया था, जबकि मार्फिन सल्फेट की खेप दो मई 2006 के बाद से इस्तेमाल नही की गई थी। दवा बनाने वाली कम्पनी के पास आबकारी विभाग और औषधि निर्माण का वैध लाइसेंस पाया गया। कंपनी के संचालक को निर्देश दिया गया कि वह नारकोटिक्स आयुक्त से विधिवत अनुमति प्राप्त करके मादक पदार्थों की इस अनुपयोगी खेप को नष्ट कराए और प्रशासन को इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करे। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के एक कारखाने से हाल में 1,814 करोड़ रुपए के अनुमानित मूल्य का 907.09 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त किया गया था। इससे सतर्क प्रशासन ने इंदौर में कारखानो की एहतियातन जांच शुरू की है।

## नासिक : परीक्षण के दौरान गोला फटने से दो अग्निवीरों की मौत, सेना ने दिए जांच के आदेश

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले के आर्टिलरी सेंटर में परीक्षण के दौरान एक गोले के फट जाने से दो अग्निवीरो की मौत हो गई। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सेना ने दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी शुरू कर दी है। हैदराबाद आर्टिलरी सेंटर के गनर गोहिल विश्वराजसिंह (20) और गनर सैकत (21) की नासिक जिले के देवलाली में परीक्षण के दौरान मौत हो गई। अग्निवीरो की एक टीम तोप से गोले छोड़ रही थी, तभी एक गोला फट गया, दो अग्निवीर घायल हो गए, उन्हे देवलाली के सैन्य अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हे मृत घोषित कर दिया गया। हवलदार अजीत कुमार की शिकायत के आधार पर देवलाली कैंप पुलिस थाना में दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया गया है तथा जांच जारी है। सेना ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी एक पोस्ट में कहा, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और सेना के सभी रैंक के अधिकारी बहादुर अग्निवीर (गनर) गोहिल विश्वराजसिंह और अग्निवीर (गनर) सैकत के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं, प्रशिक्षण के दौरान कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। सेना ने बताया कि दुर्घटना के वास्तविक कारण का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दे दिए गए है। सेना ने कहा कि वह गहरी संवेदना व्यक्त करती है तथा दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ी है।

## हत्या के मामले में तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

**मथुरा (उप्र)।** मथुरा की एक विशेष अदालत ने एक युवक की हत्या के जुर्म में उसकी पत्नी और (महिला के) प्रेमी समेत तीन लोगो को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और उनपर अर्थदंड भी लगाया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (एडीजीसी) सुभाष चंद्र चतुर्वेदी ने शुक्रवार को बताया कि अपर जिला सत्र न्यायाधीश सुशील कुमार की त्वरित अदालत ने राजेंद्र की हत्या के मामले मे उसकी पत्नी गायत्री देवी और गायत्री के प्रेमी आकाश तथा सहयोगी विकास को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार 24 जून, 2019 को वृंदावन थाने मे एक शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसमे आरोप लगाया गया कि राजेंद्र उर्फ राजू (31) पिछली शाम सब्जी खरीदने के लिए बाहर गया था और वापस नही लौटा। अगले दिन राजेंद्र का शव बरामद किया गया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक जांच के दौरान राजेंद्र के भाई नरेश ने पुलिस को बताया कि उसने 23 जून, 2019 की रात को अपने भाई को आकाश और विकास के साथ देखा था। कॉल रिकॉर्ड से मिले साक्ष्य और एक मेडिकल विशेषज्ञ सहित 11 गवाहो की गवाही से राजेंद्र की पत्नी गायत्री देवी, आकाश और विकास के अपराध को साबित करने में मदद मिली। तीनों की उम्र 30 साल के आसपास है। पुलिस ने विवेचना पूरी करने के बाद अदालत मे दाखिल अपने आरोप पत्र मे कहा कि गायत्री देवी और आकाश के बीच अवैध संबंध थे तथा दोनो ने राजेंद्र की हत्या के लिए विकास की मदद ली थी। फैसले मे अदालत ने तीनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और प्रत्एक पर 20,000 रुपए का जुर्माना लगाया।

## सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने और शिकायतों के समाधान के लिए रेलवे करेगा रेल चौपाल का आयोजन

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय अपने विशेष अभियान 4.0 के तहत सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने और सार्वजनिक शिकायतों के समाधान के लिए देश भर के रेलवे स्टेशनों पर कई रेल चौपाल का आयोजन करेगा। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने वरिष्ठ रेलवे अधिकारियो के साथ बैठक मे यह घोषणा की। कुमार ने कहा, रेल चौपाल का आयोजन स्टेशनों पर किया जाएगा, जिसमे आम जनता को स्टेशन क्षेत्र की सफाई और रेलवे संपत्तियो की सुरक्षा जैसी विभिन्न गतिविधियो मे भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# जूना अखाड़ा को पहले स्नान करने दिया जाए: अखाड़ा परिषद

**प्रयागराज (उप्र)।** कुंभ मेले में मुख्य स्नान पर्वों पर विभिन्न अखाड़ों के साधुओं के शाही स्नान को लेकर अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने शुक्रवार को कहा कि दल-बल की दृष्टि से जूना अखाड़ा सबसे बड़ा अखाड़ा है, इसलिए जूना के साधु संन्यासियों को सबसे पहले स्नान करने देना चाहिए। पुरी ने बताया कि हाल में प्रयागराज में हुई अखाड़ा परिषद की बैठक में जूना अखाड़ा के कुछ संतों ने विचार रखा था कि पहला स्नान उनका होना चाहिए। यह लोकतंत्र है और सभी को अपना विचार रखने का अधिकार है। मेरा स्वयं का मत है कि जूना अखाड़ा का दल-बल बहुत ज्यादा है और यह संख्या की दृष्टि से सबसे बड़ा अखाड़ा है। स्नान के दौरान पीछे वाले साधु-महात्मा, आगे वाले को धक्का देते हैं। नागा साधुओं को नियंत्रित नहीं किया जा सकता। इसलिए, जूना साधुओं को सबसे पहले स्नान करने देना चाहिए।

# जीएसटी धोखाधड़ी में गिरफ्तार पत्रकार ने मजिस्ट्रेट के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट की ओर रुख किया

**अहमदाबाद।** गुजरात उच्च न्यायालय ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार एक वरिष्ठ पत्रकार की उस याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई की, जिसमें 10 दिन तक हिरासत में रखने के मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश को चुनौती दी गई है। अहमदाबाद अपराध शाखा ने धोखाधड़ी के मामले में एक प्रमुख समाचार पत्र के वरिष्ठ पत्रकार महेश लांगा को आठ अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। न्यायमूर्ति संदीप भट्ट की अदालत ने मामले की संक्षिप्त सुनवाई के बाद लांगा के वकील से अभियोजन पक्ष को याचिका की प्रतियां देने को कहा और मामले में आगे की सुनवाई को सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया।

लांगा के वकील जल उनवाला ने मजिस्ट्रेट के आदेश को चुनौती देते हुए तर्क दिया कि अदालत ने बिना सोचे-समझे आदेश पारित कर दिया। उनवाला ने उच्च न्यायालय के समक्ष यह भी कहा कि जिस प्राथमिकी के सिलसिले में लांगा को गिरफ्तार किया गया, उसमें उनका नाम नहीं था। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता की कथित कंपनी डीए एंटरप्राइज के दो मालिक हैं और लांगा उनमें से एक नहीं है। वकील ने कहा, उच्चतम न्यायालय के फैसले के अनुसार, इस मामले में अपराध की गंभीरता नहीं, बल्कि हिरासत की आवश्यकता प्रासंगिक होगी। उन्होंने यह भी कहा कि मामले के अनुसार, लगभग 220 मुखौटा कंपनियां कर छूट लेने की कोशिश कर रही हैं और सरकार को नुकसान पहुंचा रही हैं। उन्होंने कहा कि इन 220 कंपनियों में से लांगा की कथित कंपनी सिर्फ एक है, जिसे डीए एंटरप्राइज के नाम से जाना जाता है, जिसके दो साझेदार या मालिक हैं - एक मनोज और दूसरा कविताबेन। अदालत ने लांगा के वकील को अभियोजन पक्ष को याचिका की प्रतियां उपलब्ध कराने का निर्देश दिया और मामले की अगली सुनवाई सोमवार को निर्धारित कर दी।

# थाने में रखा विसरा चूहों ने चट किया उच्च न्यायालय ने जताई नाराजगी

**भाषा।** इंदौर

**मध्यप्रदेश** उच्च न्यायालय ने इंदौर के एक थाने में रखे गए विसरा और 28 अन्य नमूनों को चूहों द्वारा नष्ट किए जाने पर नाराजगी जताई है। उच्च न्यायालय ने पुलिस महानिदेशक को निर्देश भी दिया है कि वह राज्य के सभी थानों के मालखानों में रखे सामान की सुध लें ताकि आइंदा ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। उच्च न्यायालय ने गैर इरादतन हत्या के एक मामले के आरोपी की जमानत याचिका खारिज करते हुए चार अक्टूबर को यह निर्देश दिया।

पुलिस की ओर से उच्च न्यायालय को बताया गया कि इस मामले में शहर के विजय नगर थाने में प्लास्टिक की बोतल में रखा विसरा बारिश के मौसम में चूहों द्वारा बर्बाद कर दिया गया है, नतीजतन यह सबूत नष्ट हो गया है और इसकी हिस्टोपैथोलॉजी जांच रिपोर्ट हासिल नहीं की जा सकी है। पुलिस की ओर से उच्च न्यायालय को सूचित किया गया कि थाने में रखे 28 अन्य नमूनों को भी चूहों ने नुकसान पहुंचाया है।

उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर ने अपने आदेश में कहा कि इस घटना से खुलासा होता है कि जांच के दौरान जुटाई गई सामग्री को राज्य के थानों में कितनी दयनीय स्थिति में रखा जाता है। उच्च न्यायालय ने कहा कि जब इंदौर के सबसे व्यस्त थानों में शुमार विजय नगर थाने के ए हाल हैं, तो कोई भी व्यक्ति अंदाजा लगा सकता है कि छोटे स्थानों के थानों में क्या आलम होगा।

एकल पीठ ने कहा, इन हालात के मद्देनजर पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया जाता है कि वह राज्य के सभी थानों के मालखानों में रखे सामान की मौजूदा स्थिति पता करें ताकि आइंदा अन्य थानों में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

उच्च न्यायालय ने सुझाया कि इस काम के लिए थानों को एक वेब लिंक भी भेजी जा सकती है जिसके जरिए मालखाने में रखे सामान की जानकारी हर महीने अद्यतन की जा सकती है। पुलिस की ओर से उच्च न्यायालय को बताया गया कि विजय नगर थाने में रखे विसरा और 28 अन्य नमूनों को चूहों द्वारा नष्ट किए जाने के मामले में तत्कालीन थानाध्यक्ष और मालखाना प्रभारी के खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई है। इसके साथ ही, मालखाने को थाने के अन्य कमरे में स्थानांतरित करते हुए इसमें रखे सामान की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है।

# पेज 1 का शेष

## पीएमओ ...

चुनौती से निपटने के लिए अतिरिक्त अभिनव कदमों पर चर्चा की। टास्क फोर्स में एमओएचयूए सचिव, एमओईएफसीसी सचिव, दिल्ली पुलिस, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली विकास प्राधिकरण, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) सहित दिल्ली सरकार और केंद्रीय मंत्रालयों के प्रतिनिधियों की भागीदारी वाले कार्यबल ने विशेष रूप से आगामी सर्दियों के मौसम के लिए, दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए अपने सामूहिक संकल्प की भी पुष्टि की, खासकर आगामी सर्दियों के मौसम के दौरान। मिश्रा ने लगातार वायु गुणवत्ता के मुद्दों पर चिंता व्यक्त की और मौजूदा कानूनों को सख्ती से लागू करने आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सड़कों और निर्माण गतिविधियों दोनों से धूल नियंत्रण के लिए पर्याप्त उपाय किए जाने की जरूरत है। अधिकारियों ने कहा कि मिश्रा ने सड़कों के बीचों-बीच हरियाली बढ़ाने और सड़कों के किनारे खुले क्षेत्रों को पक्का करने हरा करने के लिए मिशन-मोड दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया, ताकि धूल पैदा होने से रोका जा सके।आधुनिक मशीनों से सड़कों की सफाई, पर्याप्त संख्या में एंटी-स्मॉग गन की तैनाती और नियमित रूप से पानी का छिड़काव भी बढ़ाने की जरूरत है, खासकर उच्च प्रदूषण वाले क्षेत्रों में और ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के तहत अवधि के दौरान। दिल्ली के मुख्य सचिव ने वर्ष 2024 के लिए शहर की वायु गुणवत्ता प्रबंधन प्रयासों पर एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने इस को रेखांकित किया कि निर्माण से संबंधित धूल, बॉयोमास जलाने और वाहन से होने वाले उत्सर्जन का वायु प्रदूषण में योगदान बना हुआ है। खासकर सर्दियों के महीनों के दौरान हालात और बिगड़ जाते हैं जब मौसम ज्यादा स्थिर हो जाता है।

पीएमओ ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर तेजी से बदलाव लाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने खासकर वाणिज्यिक बेड़े, सरकारी सेवाओं और सार्वजनिक परिवहन के लिए, भविष्य के पंजीकरण में इलेक्ट्रिक वाहनों को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से एक स्पष्ट रोडमैप बनाने का आह्वान किया। इलेक्ट्रिक बस बेड़े के विस्तार और वाहन चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के साथ यह प्रयास वाहन प्रदूषण को कम करने में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे निर्धारित उत्सर्जन नियंत्रण उपायों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उद्योगों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण बढ़ाएं।

## नायब होंगे ...

की देखरेख जिला स्तरीय समिति कर रही है। बृहस्पतिवार को जारी एक आधिकारिक आदेश में, मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने कहा कि पंचकूला के अतिरिक्त उपायुक्त और नगर आयुक्त भी समिति के सदस्य होंगे। शपथ ग्रहण समारोह से एक दिन पहले भाजपा विधायक दल की बैठक होने की संभावना है, जिसमें अपना नेता चुना जाएगा, संभवत: 54 वर्षीय सैनी जो राज्य के नए मुख्यमंत्री होंगे। कुरुक्षेत्र में पत्रकारों से बात करते हुए सैनी ने शपथ ग्रहण की तारीख के बारे में पूछने पर सवाल को टाल दिया। उन्होंने कहा, हम आपको तारीख बताएंगे...शपथ समारोह जल्द ही होगा। चुनाव नतीजों के एक दिन बाद सैनी ने मोदी से मुलाकात की और ऐतिहासिक हैट्रिक का श्रेय उन्हें दिया। उन्होंने भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की।

## उमर की ...

औपचारिकताएं हैं जिनका पालन किया जाना है और मुझे बताया गया है कि इसे पूरा करने में दो से तीन दिन लगेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि शपथ ग्रहण समारोह 16 अक्टूबर को हो सकता है। राजभवन जाने से पहले, एआईसीसी के जम्मू-कश्मीर प्रभारी भरत सिंह सोलंकी सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने भी उन्हें गुपकार रोड स्थित उनके आवास पर गठबंधन सरकार बनाने के लिए औपचारिक रूप से समर्थन पत्र दिया। इस अवसर पर जेकेपीसीसी प्रमुख तारिक हामिद कर्रा और नवनिर्वाचित विधायक गुलाम अहमद मीर भी मौजूद थे। डॉ. फारूक अब्दुल्ला के आवास से बाहर निकलने के बाद तारिक हामिद कर्रा ने गेट पर मीडियाकर्मियों से कहा, हमने उमर अब्दुल्ला को समर्थन पत्र दे दिया है और वह उपराज्यपाल (एलजी) से मिलेंगे और सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। हालांकि, कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वे शासन मॉडल की रूपरेखा तय करने के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस नेतृत्व के साथ विस्तृत चर्चा करेंगे। हमारी कोई मांग नहीं है। हम जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस का समर्थन कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के निर्वाचित विधायकों ने शुक्रवार को कांग्रेस विधायक दल के नेता का चुनाव करने के लिए पार्टी हाईकमान को अधिकृत किया। इस बीच, नेशनल कॉन्फ्रेंस की संख्या 48 हो गई है, क्योंकि दो और नवनिर्वाचित विधायकों ने पार्टी को अपना समर्थन दिया है। आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को कहा कि वह केंद्र शासित प्रदेश में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में एनसी-कांग्रेस गठबंधन के विजयी होने के बाद जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (जेकेएनसी) को समर्थन देगी। चार निर्दलीय उम्मीदवारों ने बृहस्पतिवार को पार्टी को अपना समर्थन दिया। पार्टी द्वारा उपराज्यपाल को औपचारिक समर्थन पत्र सौंपा गया है। थानामंडी से विजयी उम्मीदवार मुजफ्फर इकबाल खान ने भी शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर जेकेएनसी को अपना समर्थन दिया। गुपकार में उपाध्यक्ष एवं जेकेएनसी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार उमर अब्दुल्ला ने उनका अभिनंदन किया।

## महादेव ...

प्रासंगिक दस्तावेज भेजने की प्रक्रिया में है, जिसके बाद वहां की एक सक्षम अदालत से संपर्क किया जाएगा।बताया जाता है कि चंद्राकर 2019 में दुबई चला गया था और उससे पहले वह छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के भिलाई शहर में अपने भाई के साथ 'जूस फैक्ट्री' नाम से जूस की दुकान चलाता था। ईडी ने आरोप लगाया है कि महादेव ऑनलाइन बुक (एमओबी) गेमिंग और सट्टेबाजी ऐप में उसकी जांच में छत्तीसगढ़ के कई उच्च पदस्थ राजनेताओं और नौकरशाहों की संलिप्तता सामने आई है, जिस राज्य से चंद्राकर और उप्पल आते हैं। संघीय एजेंसी के अनुसार, एमओबी ऐप एक अम्ब्रेला सिंडिकेट है जो अवैध सट्टेबाजी वेबसाइटों को नए उपयोगकर्ताओं को नामांकित करने, उपयोगकर्ता आईडी बनाने और बेनामी बैंक खातों के एक स्तरित वेब के माध्यम से धन शोधन करने में सक्षम बनाने के लिए ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म की व्यवस्था करता है। ईडी ने अब तक इस मामले में कुल 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। एजेंसी द्वारा अब तक दो प्रमोटरों के खिलाफ दो आरोप पत्र भी दायर किए गए हैं। इस मामले में छत्तीसगढ़ पुलिस भी मामले की जांच कर रही है। एजेंसी के अनुसार, इस मामले में अपराध की अनुमानित आय लगभग 6,000 करोड़ रुपये है। ईडी ने अपने आरोपपत्र में आरोप लगाया है कि चंद्राकर ने फरवरी 2023 में यूएई के रास अल खैमाह में शादी की थी और इस आयोजन के लिए लगभग 200 करोड़ रुपये नकद खर्च किए गए थे। एजेंसी ने आरोप लगाया कि चंद्राकर के रिश्तेदारों को भारत से यूएई लाने के लिए निजी जेट किराए पर लिए गए थे और शादी में प्रदर्शन करने के लिए मशहूर हस्तियों को भुगतान किया गया था।

## रतन टाटा ...

टाटा और टाटा समूह के संस्थापकों की विरासत को आगे ले जाने के लिए तैयार हूं। एक सदी से भी पहले स्थापित, टाटा ट्रस्ट सामाजिक भलाई के काम करने का एक अनूठा माध्यम है। इस पवित्र अवसर पर, हम अपने विकासात्मक और परोपकारी पहलों को आगे बढ़ाने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए खुद को फिर से समर्पित करते हैं।नोएल टाटा स्वर्गीय नवल टाटा के पुत्र हैं, जो रतन टाटा के पिता भी थे। नोएल की मां सिमोन टाटा हैं। टाटा समूह की स्थापना के कई साल बाद टाटा ट्रस्ट की स्थापना नोएल और रतन के परदादा जमशेदजी टाटा ने 1892 में की थी। वर्तमान में टाटा स्टील और टाइटन के उपाध्यक्ष, नोएल टाटा पहले से ही टाटा ट्रस्ट द्वारा शासित कई सूचीबद्ध टाटा फर्मों और ट्रस्टों के बोर्ड में हैं। वे टाटा ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में रतन टाटा के उत्तराधिकारी की दौड़ में सबसे आगे थे। संयोग से, टाटा ट्रस्ट के पास टाटा संस के 66 फीसदी शेयर हैं, जो टाटा ब्रांड के तहत विभिन्न फर्मों की होल्डिंग कंपनी है।नोएल टाटा 2014 से समूह के बेहद सफल परिधान खुदरा विक्रेता ट्रेंट लिमिटेड के अध्यक्ष हैं। वे टाटा ट्रस्ट के बोर्ड में भी हैं। टाटा स्टील लिमिटेड और वोल्टास लिमिटेड जैसी कई सूचीबद्ध टाटा कंपनियां इसमें शामिल हैं।

# सशस्त्र बलों को हमेशा तैयार रहना चाहिए : राजनाथ

## अप्रत्याशित घटनाक्रम एवं अनिश्चितताएं कभी भी आ सकती हैं

भाषा। नई दिल्ली



**पूर्वी लद्दाख में** लंबे समय से जारी सीमा विवाद के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना के शीर्ष अधिकारियों को शुक्रवार को संबोधित करते हुए सशस्त्र बलों के किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने में सक्षम होने का भरोसा जताया। राजनाथ ने कहा कि पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के शांतिपूर्ण समाधान के लिए चीन के साथ सभी स्तरों पर बातचीत जारी रहेगी। इस वर्ष सैन्य कमांडरों के दूसरे सम्मेलन (एसीसी) का पहला चरण सिक्किम के गंगटोक के एक अग्रिम क्षेत्र में हो रहा है। यह क्षेत्र वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के करीब होने के कारण भारतीय सेना के लिए काफी महत्व रखता है। सम्मेलन में राजनाथ ने कहा, युद्ध की तैयारी एक नियमित प्रक्रिया होनी चाहिए और हमें किसी भी समय सामने आने वाले अप्रत्याशित घटनाक्रमों के लिए, अनिश्चितताओं के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। हमें अपने युद्ध कौशल और हथियार प्रौद्योगिकियों को लगातार मजबूत करना चाहिए, ताकि जहां भी आवश्यकता हो, वहां प्रभावी ढंग से कार्वाई की जा सके। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को अपनी सेना पर गर्व है और सरकार सुधारों और क्षमताओं के आधुनिकीकरण की दिशा में आगे बढ़ने में बल की मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि सम्मेलन के दौरान भारतीय सेना के शीर्ष नेतृत्व ने मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य के सभी पहलुओं, सीमाओं और भीतरी इलाकों के हालात तथा वर्तमान सुरक्षा तंत्र के समक्ष मौजूद चुनौतियों पर व्यापक विचार-विमर्श किया। राजनाथ के व्यक्तिगत रूप से इस सम्मेलन को संबोधित करने की योजना थी। हालांकि, गंगटोक में खराब मौसम के कारण उन्होंने सैन्य अधिकारियों को सुखना के एक सैन्य ठिकाने से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित किया। सूत्रों के मुताबिक, रक्षा मंत्री शनिवार सुबह दार्जीलिंग से गंगटोक जा सकते हैं। राजनाथ ने भारतीय सेना को देश की सबसे भरोसेमंद और प्रेरक संस्थाओं में से एक बताया और कहा कि पूरे देश को उस पर भरोसा है। उन्होंने सीमाओं की रक्षा करने और आतंकवाद से लड़ने के अलावा आवश्यकता पड़ने पर नागरिक प्रशासन को हर संभव सहायता प्रदान करने में भारतीय सेना द्वारा निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उत्तरी सीमाओं की मौजूदा स्थिति को लेकर राजनाथ ने सेना के किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने के लिए तैयार होने पर पूरा भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि हालांकि, सैन्य गतिरोध के शांतिपूर्ण समाधान के लिए सभी स्तरों पर बातचीत जारी रहेगी। पूर्वी लद्दाख में भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच मई 2020 से गतिरोध बरकरार है। दोनों पक्षों ने टकराव वाले कई बिंदुओं से अपने सैनिक हटा लिए हैं, लेकिन कई दौर की सैन्य और कूटनीतिक बातचीत के बावजूद विवाद का पूर्ण समाधान अभी नहीं हो पाया है। अपने संबोधन में राजनाथ ने पश्चिमी सीमा के हालात का भी जिक्र किया। उन्होंने सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना की प्रतिक्रिया की सराहना की, लेकिन कहा कि दुश्मन देश की ओर से छद्म युद्ध जारी है। रक्षा मंत्री ने कहा, मैं जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खतरे से निपटने में सीएपीएफ (केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल), पुलिस बलों और सेना के बीच उत्कृष्ट तालमेल की सराहना करता हूं। केंद्र-शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में संचालित समन्वित अभियान क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं, जो हाल ही में वहां हुए चुनावों में भी स्पष्ट था।

### सिक्किम बाढ़ः राजनाथ ने जान गंवाने वाले 22 सैनिकों की स्मृति में स्थापित स्मारक का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सिक्किम मे पिछले साल आई अचानक बाढ़ मे जान गंवाने वाले 22 सैनिकों की स्मृति मे बरदांग में स्थापित स्मारक का शुक्रवार को डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान मे कहा कि प्रेरणा स्थल नामक स्मारक का निर्माण सिक्किम के राज्यपाल और सेना ने संयुक्त रूप से किया है तथा यह साहस व बलिदान का प्रतीक है।सिंह ने पश्चिम बंगाल के सुकना मे स्थित त्रिशक्ति कोर मुख्यालय से स्मारक का उद्घाटन किया। बयान मे कहा गया है कि यह स्मारक पिछले साल अक्टूबर में राज्य के दक्षिण लोनक झील मे ग्लेशियर झील पिघलने से आई बाढ़ के दौरान जान गंवाने वाले 22 सैनिकों की याद मै निर्मित किया गया है। सिंह ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी और हर परिस्थिति मे देश के लिए अडिग रहने के उनके अदम्य साहस की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रेरणा स्थल ने वीरों के बलिदान को अमर और उनकी बहादुरी को इतिहास मे हमेशा के लिए दर्ज कर दिया है। सिंह ने कहा, हर भारतीय मे राष्ट्रीय गौरव की भावना होती है। लेकिन निजी जीवन मे व्यस्त रहने के कारण यह हमेशा जागृत नही हो पाती। स्मारक और प्रेरणा स्थल राष्ट्रीय गौरव की इस भावना को जागृत करते है।

### विवाद में फंसे शिंदे गुट के विधायक

**मुंबई।** शिवसेना विधायक भरत गोगावाले ने प्रतिद्वंद्वी उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना (यूबीटी) की एक महिला नेता के खिलाफ कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी कर विवाद खड़ा कर दिया है। गोगावाले को एक समारोह में लोगों को कहते सुना जा सकता है, क्या आपको एक भाई चाहिए जो काम करे या बहन चाहिए जो मूर्ख बनाए? महाड से विधायक गोगावाले का इशारा शिवसेना (यूबीटी) की नेता स्नेहल जगताप की ओर था। पूर्व कांग्रेस नेता जगताप को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाड से गोगोवाले के खिलाफ उम्मीदवार बनाया जा सकता है।

### ब्रिटानिया और बेल में साझेदारी

**मुंबई।** भारत के प्रमुख चीज़ प्लेयर ब्रिटानिया बल फूड्स ने महत्वाकांक्षी संयुक्त उद्यम स्थापित करने के तकरीबन दो वर्ष बाद आज अपने विकास में उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा की है। कंपनी ने भारत में चीज़ फैक्टरी का उद्घाटन किया जहां ब्रिटानिया द लाफिंग काओ प्रोडक्ट्स का उत्पादन स्थानीय रूप से किया जाएगा। कंपनी का यह कदम भारतीय उपभोक्ताओं को स्थानीय रूप से निर्मित सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता के उत्पाद उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस नई युनिट के लॉन्च पर बात करते हुए वरूण बैरी, एक्ज़्क्टिव वाईस चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज़ ने कहा कि ब्रिटानिया दूध किसानों के कल्याण और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है, जो हमारे कारोबार का आधार हैं।

### एसबीआई का हेल्थ टॉप-अप

**मुंबई।** भारत की अग्रणी जनरल इंश्योरेंस कंपनियों में से एक एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने एक नई पॉलिसी 'एसबीआईजी हेल्थ सुपर टॉप-अप' लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक हेल्थ बीमा टॉप-अप प्लान है, जिसे बुनियादी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के साथ किफायती विकल्प के रूप में डिजाइन किया गया है। । 'एसबीआईजी हेल्थ सुपर टॉप-अप' पॉलिसी के जरिये लोगों को यह भरोसा मिलता है कि वे किसी भी अप्रत्याशित चिकित्सा स्थिति का बड़ी आसानी के साथ सामना कर सकते हैं। इस योजना में कवरेज की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, जिसमें 5 लाख से लेकर 4 करोड़ तक की बीमा राशि वाली दो योजनाएं शामिल हैं। नई पॉलिसी के बारे में और विस्तार से जानकारी देते हुए एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के चीफ प्रॉडक्ट और मार्केटिंग ऑफिसर श्री सुब्रमण्यम ब्रह्मजोसुला ने कहा किचिकित्सा उपचारों की बढ़ती लागत और जीवनशैली से संबंधित बीमारियों के बढ़ते प्रचलन के साथ, व्यापक स्वास्थ्य कवरेज होना अब एक विलासिता नहीं बल्कि एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। एसबीआई जनरल में, हम हमेशा ग्राहकों को ऐसे सरल और किफायती जोखिम सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने में सबसे आगे रहे हैं जो ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करते हैं।

### सायरा इलेक्ट्रिक करेगा विस्तार

**गोरखपुर।** भारत के सबसे बड़े और अग्रणी इलेक्ट्रिक व्हीकल विनिर्माता सायरा इलेक्ट्रिक ऑटो लिमिटेड ने अपने फ्लैगशिप ब्रैंड तथा मयूरी ई-रिक्शा के माध्यम से, देशभर में अपने डीलरशिप नेटवर्क को उन्नत बनाने तथा इसमें विस्तार की घोषणा की है। फिलहाल देशभर में सायरा की 700 डीलरशिप हैं और कंपनी ने मौजूदा वित्त के अंत तक अपने नेटवर्क में 500 नए शोरूमों को शामिल कर इस आंकड़े को बढ़ाकर 1200 तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह कदम न सिर्फ ई-रिक्शाओं की लगातार बढ़रही मांग को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है बल्कि ग्राहकों को इससे बेहतर सर्विस सपोर्ट का लाभ भी मिलेगा। वित्त 2024-25 के दौरान, सायरा ने 50,000 खुदरा यूनिटों की बिक्री का लक्ष्य रख है जो कि पिछले वित्त के दौरान बेची गईं 33,000 यूनिटों की तुलना में भारी वृद्धि है।

# कांग्रेस ने ईवीएम में विसंगतियों को लेकर और शिकायतें ईसी को सौंपी

भाषा। नई दिल्ली



**कांग्रेस ने हरियाणा** विधानसभा चुनाव में मतगणना के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में विसंगतियों का आरोप लगाते हुए निर्वाचन आयोग को शुक्रवार को और भी शिकायतें सौंपी। आयोग को 20 विधानसभा क्षेत्रों से कांग्रेस उम्मीदवारों ने दी अपनी लिखित शिकायतों में आरोप लगाया है कि आठ अक्टूबर को हुई मतगणना के दौरान कुछ ईवीएम की बैटरी 99 प्रतिशत चार्ज थीं। निर्वाचन आयोग को ए शिकायतें हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद दी गई हैं। कांग्रेस ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के परिणाम अप्रत्याशित हैं और कुछ सीट पर ईवीएम में विसंगितयों का आरोप लगाया है। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, नौ अक्टूबर को कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने निर्वाचन आयोग को शिकायतें सौंपी थीं। आज, हमने एक अद्यतन ज्ञापन दिया है, जिसमें हरियाणा के 20 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रक्रिया में गंभीर और स्पष्ट अनियमितताओं को रेखांकित किया गया है। उन्होंने आयोग को दिए गए ज्ञापन को साझा करते हुए कहा, हमें उम्मीद है कि आयोग इस पर संज्ञान लेगा और उपयुक्त निर्देश जारी करेगा। आयोग को दिए पार्टी के ज्ञापन में कहा गया है, हम आपसे अनुरोध करते हैं कि संलग्न शिकायतों पर तत्काल कार्वाई की जाए और सुनिश्चित करें कि इन निर्वाचन क्षेत्रों की सभी ईवीएम को तुरंत सील कर दिया जाए।

### विस चुनाव से पहले शक्ति प्रदर्शन के लिए शिवसेना के दोनों गुट दशहरा रैली आयोजित करेंगे

भाषा। मुंबई

**महाराष्ट्र** में विधानसभा चुनाव से पहले शक्ति प्रदर्शन के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) शनिवार को मुंबई में अपनी-अपनी दशहरा रैली आयोजित करेंगी। शिवसेना (यूबीटी) जहां दादर के ऐतिहासिक शिवाजी पार्क में अपनी रैली आयोजित करेगी। वहीं, शिंदे दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में आयोजित दशहरा रैली में शिवसेना कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। हालांकि, बृहस्पतिवार रात हुई भारी बारिश के कारण दोनों आयोजन स्थलों पर पानी भर गया है। लेकिन, शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा कि इससे रैली के आयोजन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। शिवसेना नेता और पूर्व सांसद राहुल शेवाले ने कहा कि मुख्यमंत्री शिंदे का संबोधन सुनने के लिए लगभग दो लाख लोगों के आजाद मैदान में आयोजित रैली में शामिल होने की उम्मीद है। परिवहन विभाग के सूत्रों ने बताया कि शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने अपने कार्यकर्ताओं को रैली स्थल तक पहुंचाने के लिए 3,000 निजी बस बुक की हैं, जिनमें से लगभग 750 नासिक से आएंगी। दशहरा रैली से पहले दोनों प्रतिद्वंद्वी दलों ने टीजर भी जारी किए हैं। शिवसेना के टीजर में एक बाघ (जिस पर सेना लिखा हुआ है) को रस्सी के जरिए कांग्रेस से बांधकर उसके साथ धोखा होते दिखाया गया है।

### सीखने की अक्षमताओं एआई से मिलेगी

**मुंबई।** कोरोवर और चेंजइंक ने मिलकर आस्क पर्पल फ्लेम का लॉन्च किया है, जो भारत का पहला बहुभाषी, एआई-समर्थित हेल्प डेस्क है, जो सीखने में बाधाओं के लिए समर्पित है। भारत जीपीटी द्वारा संचालित, यह इनोवेटिव एआई-ड्रिवेन चैटबॉट 200 मिलियन से अधिक भारतीयों को समर्थन देने के उद्देश्य से विकसित किया गया है, जो सीखने में बाधाओं का सामना कर रहे हैं। इसका उद्देश्य संसाधनों तक पहुँच को बढ़ाना, समावेशिता को बढ़ावा देना और सुगम्य विकसित भारत की दिशा में काम करना है। आस्क पर्पल फ्लेम, जो 24/7 उपलब्ध है, विश्व की पहली डिस्लेक्सिक महिला सुपरहीरो, पर्पल फ्लेम द्वारा मार्गदर्शित है। यह छात्रों, माता-पिता, शिक्षकों और नीति निर्माताओं के लिए डिज़ाइन किया गया है, और संवाद में मदद करने, सूचित निर्णय लेने और देश में समावेशिता को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखता है। हम यह घोषणा करते हुए उत्साहित हैं कि हमारा ऐप जल्द ही लॉन्च होने वाला है। इसके अलावा, जल्द ही अन्य भारतीय भाषाएं भी जोड़ी जाएंगी, ताकि देश भर के विविध समुदाय इसका लाभ उठा सकें। चेंजइंक के सह-संस्थापक और ट्रस्टी, नूपुर ने कहा, आस्क पर्पल फ्लेम सिर्फ एक चैटबॉट नहीं है—यह लाखों परिवारों के लिए आशा की किरण है, जो कलंक, जागरूकता की कमी और सीखने की बाधाओं के समाधान के लिए अपर्याप्त संसाधनों से जूझ रहे हैं।

# बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जेपी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी

भाषा। पटना



**बिहार के मुख्यमंत्री** नीतीश कुमार ने शुक्रवार को जेपी के नाम से मशहूर समाजवादी नेता जयप्रकाश नारायण की 122वीं जयंती पर राज्य की राजधानी पटना में उन्हें श्रदांजलि दी। मुख्यमंत्री शहर के कदम कुआं इलाके में प्रभा-जयप्रकाश स्मृति संग्रहालय भी पहुंचे। जयप्रकाश नारायण और उनकी पत्नी प्रभावती के नाम पर संयुक्त रूप से स्थापित यह संग्रहालय दोनों के जीवन और समयकाल का संग्रह है। एक अधिकारी के अनुसार, राज्य में 3,300 से अधिक लोग जेपी सेनानी पेंशन योजना का लाभ ले रहे हैं, जो 50 साल पहले नारायण के नेतृत्व में हुए आंदोलन में भाग लेने वालों को सम्मानित करने के लिए शुरू की गई थी। साल 2009 में कुमार ने यह योजना शुरू की थी। 1974 के आंदोलन से आज के दौर के कई राजनीतिक नेता निकले, जिनमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पूर्व उपमुख्यमंत्री दिवंगत सुशील कुमार मोदी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद शामिल हैं।

# अमिताभ बच्चन 82 साल के हुए

## फिल्मी हस्तियो और प्रशंसकों ने लंबी उम्र की कामना की

भाषा। मुंबई



**बॉलीवुड अभिनेता** अमिताभ बच्चन शुक्रवार को 82 साल के हो गए। इस मौके पर उनकी एक झलक पाने और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए उनके घर जलसा के बाहर प्रशंसकों का जमावड़ा लगा रहा। कुछ प्रशंसकों ने अमिताभ का आदमकद पोस्टर थाम रखा था, तो कुछ ने शुभकामना संदेश वाली पट्टियां। कई प्रशंसकों ने फिल्मों में अभिनेता द्वारा निभाए गए लोकप्रिय किरदारों की तरह की वेशभूषा धारण कर रखी थी। एक प्रशंसक ने दीवार में अमिताभ द्वारा निभाए गए विजय के किरदार जैसे कपड़े पहन रखे थे। उसने अपने सीने पर अभिनेता के चेहरे का टैटू भी बनवाया था। वहीं, एक अन्य प्रशंसक ने अपने बाएं हाथ पर अमिताभ के हस्ताक्षर वाला टैटू गुदवाया था। इस प्रशंसक ने कहा, मैं उनकी लंबी उम्र की कामना करता हूं और अपनी अंतिम सांस तक उन्हें बड़े पर्दे पर अभिनय करते देखना चाहता हूं।

### मदरसा शिक्षकों के मानदेय और वेतन में बढ़ोतरी क्या वोट जिहाद नहीं : राउत ने शिंदे सरकार से पूछा

**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता संजय राउत ने शुक्रवार को महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि मदरसा शिक्षकों के मानदेय और वेतन में बढ़ोतरी करने का फैसला क्या वोट जिहाद नहीं है।राउत ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री लाडकी बहिन योजना जैसी योजनाओं का कार्यान्वयन और मौलाना आजाद वित्तीय निगम की कार्यशील पूंजी को 700 करोड़ रुपए से बढ़ाकर।,000 करोड़ रुपए किया जाना चुनावी गणित को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। महाराष्ट्र में अगले महीने विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को खत्म हो रहा है। क्या यह (लाडकी बहिन जैसी योजनाएं और मदरसा शिक्षकों के वेतन में वृद्धि) वोट जिहाद नहीं है? बच्चों को पढ़ाने वालों का वेतन बढ़ना चाहिए, लेकिन अगर हमने ऐसा किया होता, तो वे (भाजपा) इसे वोट जिहाद कहते। कांग्रेस नेता नसीम खान ने कहा कि मदरसा शिक्षकों के मानदेय और वेतन में बढ़ोतरी का कदम आगामी चुनावों को ध्यान में रखकर उठाया गया है।

### केरल के मुख्यमंत्री ने देश विरोधी अपराधों को लकर मुझे अंधेरे में रखाः मोहम्मद खान

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सत्तारूढ़ वामपंथी सरकार पर अपने हमले तेज करते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने राज्य में हो रहे देश विरोधी अपराधों को लेकर उन्हें अंधेरे में रखा। राज्यपाल ने यह भी कहा कि अब तक मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक मुख्यमंत्री की इजाजत के बिना नियमित रूप से राजभवन आते रहे हैं और अब उनका और स्वागत नहीं किया जाएगा। खान ने यहां संवाददाताओं से कहा कि मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक बयान में कई देश-विरोधी गतिविधियों और राज्य-विरोधी गतिविधियों शब्दों का इस्तेमाल किया, इसका मतलब यह है कि मुख्यमंत्री मानते हैं कि राज्य में देश विरोधी अपराध हो रहे हैं। राज्यपाल ने हाल ही में विजयन द्वारा उन्हें भेजे गए पत्र का हवाला देते हुए यह बात कही। खान ने कहा, देश विरोधी अपराध क्या है। यह किस तरह की गतिविधि है। क्या यह अधिक गंभीर नहीं है? क्या आपको (मुख्यमंत्री) मुझे जानकारी नहीं देनी चाहिए थी? क्या यह आपका कर्तव्य नहीं था? आप अपने कर्तव्य को निभाने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब देश के खिलाफ ऐसे अपराध किए जाते हैं तो उन्हें राष्ट्रपति तथा केंद्र सरकार को सूचित करना पड़ता है और इसके लिए जानकारी होना जरूरी है। खान ने कहा, सलिए, मैंने जानकारी मांगने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार भी नहीं किया। उन्होंने 27 दिन बाद इसका जवाब दिया, जब मैंने मुख्य सचिव और डीजीपी को बुलाया। लेकिन, उन्होंने (मुख्यमंत्री) कोई जानकारी नहीं दी। उन्होंने कहा, वह (मुख्यमंत्री) राजभवन नहीं आते और वह उन्हें (मुख्य सचिव और डीजीपी) आने की इजाजत नहीं देते क्योंकि कुछ न कुछ छिपाया जा रहा है। इसलिए कुछ तो गड़बड़ है। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव और डीजीपी नियमित रूप से राजभवन आते रहे हैं। खान ने कहा कि मुख्य सचिव विधानसभा सत्र के दौरान अध्यादेश जारी करने भी आए थे।

# नेकां-कांग्रेस गठबंधन ने जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाने का दावा पेश कियाः उमर

भाषा। श्रीनगर



**जम्मू-कश्मीर में** मुख्यमंत्री पद के लिए मनोनीत उमर अब्दुल्ला ने यहां उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात कर शुक्रवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां)-कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनाने का दावा पेश किया।अब्दुल्ला ने सिन्हा के साथ अपनी मुलाकात के दौरान गठबंधन सहयोगियों की ओर से समर्थन पत्र प्रस्तुत किया।अब्दुल्ला को बृहस्पतिवार को सर्वसम्मति से नेकां विधायक दल का नेता चुना गया, जिसके बाद जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप में उनके दूसरे कार्यकाल का रास्ता साफ हो गया।मुख्यमंत्री के रूप में उनका पहला कार्यकाल 2009 से 2014 तक रहा था और उस दौरान भी नेकां-कांग्रेस गठबंधन सरकार ही राज्य की सत्ता में थी।जम्मू-कश्मीर की 90 विधानसभा सीट के लिए तीन चरणों में हुए चुनाव में नेकां ने 42 सीट पर जीत हासिल की जबकि गठबंधन सहयोगी कांग्रेस को छह सीट मिलीं।हालांकि 95 सदस्ईय सदन में दोनों पार्टियों के पास बहुमत है लेकिन चार निर्दलीय और आम आदमी पार्टी (आप) के एकमात्र विधायक ने भी नेशनल कॉन्फ्रेंस को अपना समर्थन दिया।अब्दुल्ला ने राजभवन से लौटने के बाद अपने आवास पर संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने उपराज्यपाल से नई सरकार के शपथ ग्रहण की तारीख जल्द से जल्द तय करने का अनुरोध किया।मनोनीत मुख्यमंत्री ने कहा, मैंने उपराज्यपाल से मुलाकात कर नेकां, कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, आप और निर्दलीय उम्मीदवारों के समर्थन पत्र प्रस्तुत किए। सभी ने नेकां का समर्थन किया है। मैंने उनसे (राज्यपाल) जल्द से जल्द एक तारीख तय करने का अनुरोध किया ताकि शपथ समारोह हो सके और लोगों द्वारा चुनी गई सरकार काम करना शुरू कर सके। उन्होंने कहा कि शपथ समारोह बुधवार को होने की संभावना है।ब्दुल्ला ने कहा, इस प्रक्रिया में कुछ समय लगेगा। ऐसा नहीं है कि एक निर्वाचित सरकार दूसरी निर्वाचित सरकार की जगह ले रही है। यह एक केंद्रीय नियम है। हमारा केंद्र शासित प्रदेश हैं और उपराज्यपाल को दस्तावेज तैयार करके राष्ट्रपति भवन भेजना होता है।

### कर्नाटक सरकार ने राज्य के किसानों के लिए कुछ नहीं कियाः कांग्रेस विधायक

**बेलगावी (कर्नाटक)।** कांग्रेस पार्टी के विधायक भरमगौड़ा कागे उर्फ राजू कागे ने शुक्रवार को राज्य में सत्तारूढ़ अपनी ही पार्टी की सरकार पर किसानों के लिए कुछ नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वह पिछले एक साल से इस बात को उजागर कर रहे हैं। राज्य में किसानों का अस्तित्व बचाने के लिए कोई योजना शुरू नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कृषि संबंधी मुद्दों को लेकर बेंगलुरु स्थित विधान सौध (राज्य विधानमंडल और सचिवालय) में अपनी जान देने की धमकी दी। कागे ने बृहस्पतिवार को बेलगावी जिले में अपने कागवाड निर्वाचन क्षेत्र के तवशी गांव में एक कार्यक्रम में कहा, किसानों के लिए कोई योजना नहीं लाई जा रही है। आपको यह समझना चाहिए। क्या मुझे आपसे झूठ बोलना चाहिए और नाटक करना चाहिए? अगर चावल और अन्य फसलें नहीं उगाई जाएंगी तो देश क्या खाएगा? क्या हमें करेंसी नोट खाने चाहिए? पहले किसानों की अस्तित्व बचाने में मदद करें। कागे ने कहा कि वह बेकार नहीं बैठे हैं, वह लोगों के मुद्दों को सरकारी स्तर पर उठाते रहे हैं लेकिन प्रशासन कोई जवाब नहीं दे रहा है। उन्होंने उपस्थित पत्रकारों से इसे उजागर करने की अपील की।

### तमिलनाडु : उड़ान भरने के बाद बीच हवा में विमान में आई खराबी, पायलट ने सुरक्षित उतारा

**चेन्नई।** तिरुचिरापल्ली से शारजाह जा रहे एक विमान में शुक्रवार शाम उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद बीच हवा में तकनीकी खराबी आ गई। हालांकि, पायलट विमान को सुरक्षित उतारने में सफल रहा। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने अधिकारियों के साथ एक आपात बैठक की और उन्हें सभी सुरक्षा उपायों का पालन करने का निर्देश दिया। बाद में उन्होंने विमान के पायलट और चालक दल के अन्य सदस्यों को इसे सुरक्षित रूप से उतारने में सफल होने के लिए बधाई दी। पुलिस के मुताबिक, शाम करीब साढ़े पांच बजे तिरुचिरापल्ली हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ देर बाद विमान की हाइड्रॉलिक प्रणाली (लैंडिग में इस्तेमाल ब्रेक, लैंडिग गियर सहित अन्य उपकरणों को नियंत्रित करने वाली प्रणाली) में खराबी आ गई। पुलिस ने बताया कि बाद में पायलट ने सूझबूझ से स्थिति को संभाला और विमान को तिरुचिरापल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतार लिया। स्टालिन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मुझे यह सुनकर खुशी हुई कि एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान सुरक्षित रूप से उतार लिया गया है।

### नवाचार के जरिए घड़ी निर्माण शिखर पर पहुंचा

**मुंबई।** भारत के अग्रणी घड़ी ब्रांड टाइटन वॉचेस ने आगामी त्योहारी सीजन के लिए अपना बहुप्रतीक्षित स्टेलर 2.0 कलेक्शन लॉन्च किया है। पिछले साल की कॉस्मिक-प्रेरित घड़ियों की उल्लेखनीय सफलता के बाद अब स्टेलर 2.0 घड़ी निर्माण की कला को नयी बुलंदियों पर ले जाता है, ब्रह्मांड के जरिए मंत्रमुग्ध कर देने वाला अनुभव प्रदान करता है। आकाशीय कैनवास से प्रेरित, यह नया कलेक्शन जटिल डिजाइन और नयी सामग्रियों के साथ आकाशीय अजूबों की सुंदरता को कैप्चर करते हुए, आकाश के प्रति मनुष्य के स्थायी आकर्षण की याद दिलाता है। 13 बेहतरीन घड़ियों का यह कलेक्शन भारतीय घड़ी निर्माण में नए मानक स्थापित करता है। इसमें तीन मुख्य विशेषताओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है- मूवमेंट, सामग्री और कार्यक्षमता। टाइटन के खास इन-हाउस ऑटोमैटिक मूवमेंट में ओपन हार्ट, मल्टी-फंक्शन, सन-मून और मून-फ़ेज़ शामिल हैं, जो बेजोड़ सटीकता के साथ, जटिल फंक्शन्स को क्षमता प्रदान करते हैं। दुर्लभ अर्थ सामग्री - कम्बाबा जैस्पर, एवेंट्यूरिन, टाइगर आई और प्राचीन म्यूओनियोनालुस्टा मीटीऑराइट का अभिनव मिलाप आपकी कलाई को आकाशीय वैभव प्रदान करता है। कलेक्शन के लॉन्च पर बोलते हुए टाइटन कंपनी लिमिटेड के एमडी सीके वेंकटरमन ने कहा, पिछले कुछ सालों में टाइटन ने प्रीमियमाइजेशन, इनोवेशन और उत्कृष्टता की निरंतर खोज करते हुए एक उल्लेखनीय यात्रा शुरू की है। स्टेलर 2.0 टाइटन के विकास और घड़ी निर्माण की उत्कृष्टता के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक है।

### डिश टीवी ने सैमसंग और नागराविज़न के साथ मिले

**मुंबई।** भारतीय डीटीएच इंडस्ट्री में पहली बार,भारत की प्रमुख कॉन्टेंट वितरण कंपनी डिश टीवी ने सैमसंग टीवी ग्राहकों के लिए नागराविज़न और सैमसंग की टीवी की क्लाउड तकनीक के माध्यम से दर्शकों के लिए पूरी सहजता से टीवी देखने के अनुभव की पेशकश की है। यह सेवा, सैमसंग इंडिया और नागराविज़न के सहयोग से विकसित की गई है, जो डिश टीवी की स्मार्ट+ सर्विसेस को चयनित सैमसंग टीवी मॉडल में निर्बाध रूप से एकीकृत करती है। भारत में सैमसंग टेलीविजन ग्राहक अपने टीवी सेट में अंतर्निहित डिश टीवी सेवा को सक्रिय कर सकते हैं और बिना अलग से सेट-टॉप बॉक्स इंस्टॉल किए अपने पसंदीदा चैनल और ओटीटी कॉन्टेंट का आनंद ले सकते हैं। डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के सीईओ और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, नोज डोभाल ने कहा,डिश टीवी में, हम केवल बदलती जरूरतों और नवाचारों के प्रति अनुकूलन में विश्वास नहीं करते, बल्कि उन्हें पुनर्परिभाषित करने में विश्वास करते हैं। टीवीकी क्लाउड का लॉन्च डीटीएच इंडस्ट्री के लिए एक परिवर्तनकारी छलांग का प्रतीक है, जो सीधे हमारे ग्राहकों के सैमसंग कनेक्टेड टीवी पर अतुलनीय सुविधा और सुरक्षा प्रदान करता है। सैमसंग इंडिया और नागराविज़न के साथ हमारा सहयोग एक नया मानक स्थापित करता है, जो ग्राहक की जरूरतों को प्राथमिकता देता है और यही हमारे मिशन का मुख्य उद्देश्य है। डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के डिश टीवी और वाचो, कॉर्पोरेट हेड-मार्केटिंगसुखप्रीत सिंह ने कहा, हम सैमसंग इंडिया और नागराविज़न के साथ इस क्रांतिकारी पहल पर साझेदारी करने के लिए उत्साहित हैं। पारंपरिक चैनल्स और ओटीटी सेवाओं को एक ही प्लेटफॉर्म में एकीकृत करके, हम ग्राहकों को अद्वितीय और कॉन्टेंट के विकल्प प्रदान करते हैं।

### श्रीराम नेकिया टूव्हीलर लोन समाधान .

लखनऊ। श्रीराम समूह की प्रमुख कंपनी श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने ू.व्हीलर लोन पात्रता वाउचरलॉन्च करने की घोषणा की। जो इस त्योहारी सीजन में अपने सपनों का टू.व्हीलर खरीदने के इच्छुक ग्राहकों के लिए एक अभिनव और अपनी तरह का पहला टू.व्हीलर लोन समाधान है। वाई एस चक्रवर्ती, एमडी व सीईओए श्रीराम फाइनेंस ने इस पर टिप्पणी करते हुए कह कि हमें टू.व्हीलर लोन एलिजिबिलिटी वाउचर पेश करते हुए गर्व हो रहा हैए जो इस त्यौहारी सीजन में अपने टू.व्हीलर खरीदने का इरादा रखने वाले सभी ग्राहकों के लिए अपनी तरह की पहली पहल है। श्रीराम फाइनेंस उत्तर प्रदेश में सबसे बड़े टू.व्हीलर फाइनेंसरों में से एक है और यह पहल उत्तर प्रदेश में हमारी स्थिति को मजबूत करने और बढ़ाने में मदद करेगी। ग्राहक आमतौर पर अपनी पसंद की बाइक खरीदने के लिए रिसर्च करने और उस पर निर्णय लेने में काफी समय लगाते हैं। हालांकिए वे अक्सर फाइनेंसिंग पहलू को नजरअंदाज कर देते हैंए जिससे लोन प्रदाता चुनने में अनिश्चितता पैदा होती है। बहुत से लोग इस बात से अनजान हैं कि वे अपनी पसंद के टू.व्हीलर के लिए अपनी लोन पात्रता निर्धारित कर सकते हैं। टू.व्हीलर लोन एलिजिबिलिटी वाउचर के जरिए ग्राहक आसानी से अपनी लोन पात्रता की जांच कर सकते हैंए जिससे उन्हें अपने सपनों का टू.व्हीलर खरीदने का भरोसा मिलता है और साथ ही फाइनेंसिंग की सुलभ उपलब्धता को लेकर आश्वस्त हो जाते है।

### कपिल शो में आएंगी क पूर बहनें

**कानपुर ।** पहली बार फैंस को एक मजेदार अनुभव मिलने वाला है, क्योंकि मशहूर बहनें करिश्मा कपूर और करीना कपूर खान नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो में एक साथ नज़र आने वाली है। अपने सबसे बेबाक अंदाज़ मेंए कपूर बहनें मनोरंजन से भरे और अनजाने किस्से शेयर करके दर्शकों को खूब हंसाएंगे। कपिल शर्मा, दोनों बहनें एक-दूसरे को कितनी अच्छी तरह से जानती हैं उनके फेमस कपूर परिवार और उनका बॉलीवुड का सफर उनके बचपन की यादें और फिल्म के सेट के बारे में बात करने वाले है। ऐसी ही एक बातचीत के दौरान करिश्मा ने करीना और सैफ अली खान के रिलेशनशिप के बारे में पता चलने के बाद मजाकिया अंदाज में अपने रिएक्शन के बारे में बताया। करिश्मा ने कहा कि मुझे याद है मैं लंदन में थी और तभी मुझे करीना का फ़ोन आया। मैंने पूछा क्या हुआ हैए करीना ने कहाए मैं तुम्हें कुछ बताना चाहती हूं लेकिन इससे पहले कि मैं कुछ बताऊ मुझे लगता है कि तुम्हें कहीं शांत जगह बैठ जाना चाहिए। करिश्मा ने बताया किए उस वक्त मैं एक दुकान में थी। वहाँ एक सोफ़ा था और मैं सोफे पर बैठ गई। फिर उसने कहा देखो बात यह है कि मैं सैफसे प्यार करती हूँ। सैफपहले उनके को.स्टार थे। करिश्मा की कहानी सुनकर सभी हंस पड़े और स्टूडियो में हंसी का माहौल बन गया! करिश्मा का इस पर क्या रिएक्शन थाघ् करीना के रिलेशनशिप के बारे में करिश्मा ने क्या जवाब दियाए जानने के लिए द ग्रेट इंडियन कपिल शो पर हमारे साथ जुड़े रहें। इस तरह के और भी कई मजेदार पलों के साथए दर्शक न केवल कपूर बहनों को पहले से बेहतर जानने के लिए तैयार हैं।

### उपभोक्ता कल्याण की रक्षा पर जोर

**नई दिल्ली ।** उपभोक्ता और वितरक दोनों के हितों और कल्याण की रक्षा के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए, स्वास्थ्य और कल्याण का समर्थन करने वाली अग्रणी कंपनियों में से एक एमवे इंडिया ने अपने उत्पादों की अनधिकृत बिक्री के बारे में हितधारकों को शिक्षित करने के लिए एक मजबूत जागरूकता अभियान शुरू किया। इस व्यापक रणनीति में शामिल जोखिमों के बारे में हितधारकों को शिक्षित करने, आपूर्ति श्रृंखला निगरानी बढ़ाने, अपराधियों के खिलाफ सख्त उपाय करने और अधिकृत वितरकों के लिए लक्षित सहायता सत्र और संसाधन शामिल हैं। यह कदम यह सुनिश्चित करके उपभोक्ता संरक्षण के लिए एमवे के समर्पण को पुष्ट करता है कि उन्हें प्रामाणिक उत्पाद मिलें एमवे उत्पाद और उनसे जुड़े लाभ केवल एमवे वितरकों या आधिकारिक एमवे वेबसाइट के माध्यम से खरीदे जाने पर ही उपलब्ध होंगे।अनधिकृत बिक्री केवल प्रत्यक्ष बिक्री तक ही सीमित नहीं है। कई कंपनियां इस मुद्दे से जूझ रही हैं जहां उत्पादों को अक्सर ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म या तीसरे पक्ष के विक्रेताओं जैसे अनधिकृत चैनलों के माध्यम से वितरित किया जाता है, जो उत्पाद की प्रामाणिकता और उपभोक्ता सुरक्षा को कमजोर करता है।

# युद्ध से नहीं निकलता समाधान : मोदी

## ● प्रधानमंत्री ने की शांति की अपील

**भाषा।** विएंतियान (लाओस)



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने विश्व के विभिन्न भागों में जारी संघर्षों का सबसे अधिक नकारात्मक प्रभाव ग्लोबल साउथ के देशों पर पड़ने का उल्लेख करते हुए यूरेशिया और पश्चिम एशिया में यथाशीघ्र शांति एवं स्थिरता की बहाली का शुक्रवार को आह्वान किया। मोदी ने 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) को संबोधित करते हुए कहा कि समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदान से नहीं निकल सकता। उन्होंने साथ ही कहा कि स्वतंत्र, मुक्त, समावेशी, समृद्ध और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत पूरे क्षेत्र में शांति तथा प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है। मोदी ने मेजबान देश लाओ पीडीआर और आगामी अध्यक्ष मलेशिया के बाद शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि रणनीतिक वार्ता के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र का प्रमुख मंच पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन भारत की एक्ट ईस्ट नीति का एक प्रमुख स्तंभ है। उन्होंने क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच कहा कि दक्षिण चीन सागर में शांति, सुरक्षा और स्थिरता पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र के हित में है। मोदी ने कहा कहा, हमारा मानना है कि समुद्री गतिविधियां संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि के तहत संचालित की जानी चाहिए। नौवहन और वायु क्षेत्र की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना आवश्यक है। एक मजबूत और प्रभावी आचार संहिता बनाई जानी चाहिए और इससे क्षेत्रीय देशों की विदेश नीति पर कोई अंकुश नहीं लगना चाहिए। उन्होंने किसी देश का नाम लिए बिना कहा, हमारा दृष्टिकोण विकासवाद का होना चाहिए, न कि विस्तारवाद का। उन्होंने कहा कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में चल रहे संघर्षों के कारण सबसे अधिक नकारात्मक रूप से प्रभावित देश ग्लोबल साउथ के हैं। उन्होंने कहा कि यूरेशिया और पश्चिम एशिया जैसे क्षेत्रों में जल्द से जल्द शांति और स्थिरता बहाल करने की सामूहिक इच्छा है। मोदी ने यह टिप्पणी लंबे समय से जारी रूस-यूक्रेन संघर्ष और पश्चिम एशिया में इजराइल-हमास युद्ध की पृष्ठभूमि में की।

### मोदी ने जस्टिन ट्रूडो से लाओस में मुलाकात की

विएंतियाना-ओटावा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कनाडा के उनके समकक्ष जस्टिन ट्रूडो ने लाओस में आसियान शिखर सम्मेलन से इतर मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात, कनाडा में रह रहे एक खालिस्तानी अलगाववादी की मौत में भारत के संलिप्त होने का ट्रूडो द्वारा आरोप लगाए जाने के करीब एक साल बाद हुई है। कनाडियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (सीबीसी न्यूज) के अनुसार, ट्रूडो ने बताया कि बैठक के दौरान संक्षिप्त बातचीत हुई। लाओस की राजधानी विएंतियान में, दक्षिण एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के शिखर सम्मेलन से इतर यह बैठक हुई। सीबीसी न्यूज ने ट्रूडो के हवाले से कहा, मैने इस बात पर जोर दिया कि कुछ ऐसे काम है जो हमें करने की जरूरत है। ट्रूडो ने विएंतियान में संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमने जो कुछ बातचीत की उसमें विस्तार से नही जाना चाहता, लेकिन मैने कहा कि कनाडा के लोगो की सुरक्षा और कानून के शासन को बरकरार रखना किसी भी कनाडाई सरकार की मूलभूत जिम्मेदारी है तथा मै इसी बात पर अपना ध्यान केंद्रित रखूंगा। भारत और कनाडा के बीच संबंधो मे पिछले साल तनाव आ गया था, जब ट्रूडो ने आरोप लगाया था कि 18 जून 2023 को सरे शहर मे एक गुरुद्वारा के बाहर हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मे भारतीय एजेंटो की संभवतः संलिप्तता रही थी। भारत ने 2020 मे निज्जर को आतंकवादी घोषित किया था।

## लेबनान में इजराइली हवाई हमले में दो लेबनानी सैनिकों की मौत, तीन अन्य घायल

**भाषा।** बेरूत

**लेबनान के बिंत** जबील प्रांत के काफरा में सैन्य चौकी के निकट एक इमारत पर हुए इजराइली हवाई हमले में दो लेबनानी सैनिकों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। लेबनानी सेना ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। लेबनान पर इजराइल के जमीनी आक्रमण शुरू करने के बाद से इजराइली बल और हिज्बुल्ला के सदस्य सीमा पर एक-दूसरे पर हमले कर रहे हैं जबकि लेबानानी सेना दोनों से दूरी बनाए हुए है। तीन अक्टूबर तायबेह में इजराइली हमले में लेबनान के एक सैनिक की मौत हो गई थी जबकि एक अन्य घायल हो गया था। इसी तरह 30 सितंबर को वजानी में लेबनानी सेना की चौकी पर हुए इजराइली हमले में लेबनान के एक सैनिक की मौत हुई थी।

## लेबनान स्थित मुख्यालय में विस्फोट से दो शांति रक्षक घायलः संयुक्त राष्ट्र मिशन

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान मे संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक बल (यूएनआईएफआईएल) ने कहा कि शुक्रवार सुबह उसके मुख्यालय मे फिर से किए गए धमाको मे दो शांति रक्षक घायल हो गए।एक दिन पहले इजराइली सेना ने भी इसी स्थान पर हमला किया था।यूएनआईएफआईएल ने कहा कि विस्फोट दक्षिणी लेबनान के नकौरा शहर मे स्थित उसके मुख्यालय के एक टावर के पास हुआ। यूएनआईएफआईएल के मुताबिक, घायल शांति रक्षको मे से एक को पास के टायर शहर के एक अस्पताल मे भर्ती कराया गया, जबकि दूसरे का इलाज घटनास्थल पर ही किया गया।हालांकि, विस्फोट के कारण का जिक्र नही किया गया।यूएनआईएफआईएल ने यह भी कहा कि इजराइली सेना के बुलडोजर ने दक्षिणी लेबनान मे उसके एक और चौकी क्षेत्र पर हमला किया, जबकि इजराइली टैंक पास से गुजर गए।यूएनआईएफआईएल ने बताया कि चौकी पर अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त शांति रक्षको को भेजा गया।इजराइली सेना ने इस बारे मे पूछे जाने पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नही दी। यूएनआईएफआईएल ने एक दिन पहले कहा था कि एक इजराइली टैंक ने सीधे उसके मुख्यालय मे एक टावर पर गोलियां बरसाई, जिसमे दो इंडोनेशियाई शांति रक्षक घायल हो गए। इतना ही नही इजराइली सैनिको ने उस बंकर पर हमला किया, जहां शांति रक्षक शरण लिए हुए थे और इस हमले मे वाहनो और संचार प्रणाली को नुकसान पहुंचा।इजराइल के इन हमलो की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निंदा की गई।इजराइल ने हिजबुल्ला के खिलाफ अपने अभियान को तेज कर दिया और लेबनान मे घातक हवाई हमले के साथ-साथ सीमा पर जमीनी हमले भी किए।इजराइल ने यह हमला दोनो प्रतिद्वंद्वियो के बीच एक साल तक जारी रही गोलीबारी के बाद किया। मध्य बेरूत मे बचावकर्मी शुक्रवार को एक ढही हुई इमारत के मलबे मे खोज अभियान चलाते हुए नजर आए।लेबनान की राजधानी मे इजराइल द्वारा किए गए दो हमलो के कुछ घंटे बाद बचावकर्मियो ने यह अभियान शुरू किया।

## मोदी की ओर से बांग्लादेश के मंदिर को भेंट किया गया सोने का मुकुट चोरी

**ढाका।** दुर्गा पूजा उत्सव के बीच बांग्लादेश के दक्षिण-पश्चिमी सतखीरा जिले मे एक हिंदू मंदिर से सोने का एक मुकुट चोरी हो गया जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उपहार मे दिया था। इस घटना पर भारत ने चिंता व्यक्त की है। बांग्लादेश पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने एक संदिग्ध की पहचान की है और बृहस्पतिवार को जेशोरेश्वरी काली मंदिर से चोरी किए गए सोने के मुकुट का पता लगाने के लिए तलाश शुरू कर दी है। ढाका मे भारतीय उच्चायुक्त ने एक्स पर एक पोस्ट मे चोरी की घटना पर गहरी चिंता जताई और अधिकारियो से मुकुट बरामद कर अपराधियो के खिलाफ कार्वाई करने को कहा। सतखीरा के पुलिस प्रमुख मोनिरुल इस्लाम ने कहा कि पुलिस इस बात को समझती है कि यह एक संवेदनशील मुद्दा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मुकुट की चोरी बृहस्पतिवार को अपराह्न 2.47 बजे से 2.50 बजे के बीच मे की गई। एक निजी टीवी चैनल पर जारी सीसीटीवी फुटेज मे सफेद टीशर्ट और जीन्स पहने एक युवक को मंदिर के अंदर जाते हुए और मुकुट से सोना उतारकर अपनी जेब मे रखते हुए देखा जा सकता है। इस दौरान मंदिर के अंदर कोई नही था। मंदिर की एक महिला कर्मचारी ने सबसे पहले काली प्रतिमा से मुकुट गायब देखा था और शोर मचाया। आस-पड़ोस मे रहने वाले हिंदुओं के अनुसार पुजारी दिलीप कुमार बनर्जी दोपहर की पूजा के बाद अपने घर गए थे और मंदिर की चाबी सहायिका रेखा को सौंप गए थे। बांग्लादेश हिंदू बुद्धिस्ट क्रिश्चियन यूनिटी काउंसिल के नेता कृष्णा मुखर्जी ने कहा, यह चोरी का एक साधारण मामला हो सकता है या सुनियोजित षड्यंत्र का मामला भी हो सकता है। हम मांग करते है कि मामले की उचित जांच की जाए और इसमे शामिल लोगो को न्याय के कठघरे मे लाया जाए। मोदी ने अपनी बांग्लादेश यात्रा के दौरान 27 मार्च, 2021 को मुकुट उपहार मे दिया था।

## कोलोराडो में सोने की खदान में फंसे एक व्यक्ति की मौत, 12 अन्य को बचाया गया

**डेनवर (अमेरिका)।** अमेरिका के कोलोराडो मे प्रमुख पर्यटन स्थल के तौर पर इस्तेमाल की जा रही सोने की एक पूर्व खदान मे लिफ्ट खराब होने के बाद लगभग छह घंटे तक जमीन के नीचे फंसे रहे 12 लोगो को बृहस्पतिवार रात सुरक्षित बचा लिया गया लेकिन एक व्यक्ति की मौत हो गई। प्राधिकारियो ने यह जानकारी दी। टेलर काउंटी के शेरिफ जेसन माइक्सेल ने एक संवाददाता सम्मेलन मे बताया कि क्रिप्पल क्रीक शहर के पास स्थित मोली कैथलीन गोल्ड माइन मे लिफ्ट नीचे की ओर जा रही थी, लेकिन सतह से लगभग 500 फुट (150 मीटर) नीचे इसमे यांत्रिकी संबंधी कोई समस्या हो गई जिसके कारण लिफ्ट मे मौजूद लोग फंस गए और उनमे से एक व्यक्ति की मौत हो गई।इस घटना मे एक व्यक्ति की मौत होने के कारण का तत्काल पता नही चल पाया है। माइक्सेल ने बताया कि लिफ्ट मे फंसे 12 अन्य व्यस्क जमीन से लगभग 1,000 फुट (305 मीटर) नीचे थे। माइक्सेल ने रात मे पत्रकारो से कहा कि अधिकारियो को अभी तक यह पता नही चल पाया है कि लिफ्ट कैसे खराब हुई। उन्होने बताया कि इंजीनियरो ने फंसे हुए लोगो को वापस ऊपर लाने से पहले यह सुनिश्चित करने के लिए काम किया कि लिफ्ट फिर से सुरक्षित रूप से काम कर रही है या नही और यदि वे लिफ्ट को ठीक नही कर पाते तो वे पर्यटको को रस्सी के सहारे ऊपर लाने के लिए तैयार थे। उन्होने कहा कि मामले की जांच जारी है।माइक्सेल ने खदान मे फंसे लोगो की पहचान उजागर करने ने से इनकार कर दिया।उन्होंने बताया कि मोली कैथलीन गोल्ड माइन मे यह हादसा ऐसे समय मे हुआ जब इसे कुछ ही दिन बाद सर्दी के मौसम के कारण बंद किया जाना था। यह खदान 1800 के दशक मे खोली गई थी और 1961 मे इसे बंद कर दिया गया था लेकिन इसका पर्यटन के लिए अब भी इस्तेमाल होता है और पर्यटको को खदान के अंदर घुमाए जाने की व्यवस्था की गई है। इस दौरान पर्यटक खदान मे 1,000 फुट नीचे तक जा सकते है।

## अमेरिकी गायक मनसिमरन संधू ने अपने नवीनतम ट्रैक मिल्डे मिल्डे से धूम मचा दी

**यूएस।** अमेरिका के उभरते पंजाबी कलाकार मनसिमरन संधू के रूप में जीवंत होने के लिए तैयार हो जाइए सनसनी सोनी म्यूजिक इंडिया के तहत नाइन के साथ अपने नवीनतम एकल और पहली रिलीज के साथ वापसी कर रही है मिल्डे। भावपूर्ण गायन और मादक धुनों के साथए यह ट्रैक प्लेलिस्ट के साथ अच्छी ऊर्जा का मिश्रण करता है। योग्य हुक पहली ही बीट से सभी सही नोट्स बजाते हुए। मनसिमरन द्वारा लिखे गए गीत के सुखदायक बोलए कोमल स्नेह का सार दर्शाते हैं और कोमलता, प्यार और संबंध के विषयों की खोज करते हुएए यह ट्रैक लेने की सुंदरता का जश्न मनाता हैरिश्ते में चीजें धीमी और आनंददायक क्षण हैं। यह ट्रैक सहजता से आकर्षक धुनों का मिश्रण करता है। हितेन के कुरकुरा उत्पादन के साथए एक ऐसी ध्वनि तैयार की गई जो ताजा और कालातीत दोनों है। मनसिमरन ने नवजयमिल्डे मिल्डे-नवजय के बारे में अपना उत्साह व्यक्त किया कह रहे हैंए श्मिल्डे मिल्डे का प्रतिबिंब है कोमलता जो धीमे होने और सच्चे प्यार का स्वाद चखने के साथ आती हैए और मैं इससे बेहतर के बारे में नहीं सोच सकता। हितेन की तुलना में निर्माता इस भावना को क्रियान्वित करने में मेरी मदद करेंगे। हम लंबे समय से सहयोगी रहे हैं औरए जैसे हमेशा उनके साथ काम करने में परम आनंद आता था। मुझे इस गाने की उम्मीद है आपको हर चीज़ को संजोने के लिए प्रोत्साहित करता है। किसी विशेष व्यक्ति के साथ थोड़ा विवरण। आपने मुझे जो समर्थन दिया है, उसके लिए मैं अत्यंत आभारी हूं। नाइनसोनी म्यूजिक इंडिया का पॉप लेबलद्ध के साथ अपना पहला सिंगल पेश करने के लिए उत्साहित हूं। यह वही प्यार है मेरे संगीत को ऊर्जा देता है और मैं इस यात्रा को आपके साथ साझा करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। प्रसिद्ध संगीत निर्माता हितेन ने साझा किया माइल्डे मिल्डे पर काम कर रहा हूं। अद्भुत था अनुभव। मनसिमरन के साथ मेरी साझेदारी की खोज जारी रखना बहुत फायदेमंद रहा है प्रक्रिया। उनका जुनून और रचनात्मकता वास्तव में उनके संगीत के हर पहलू में चमकती है। हमारा लक्ष्य एकध्वनि जो ताज़ी है फिर भी कालातीत हैए और मेरा मानना है कि हमने कुछ ऐसा बनाया है जो खूबसूरती से मेल खाता हैहमारा नज़रिया। इस ट्रैक में एक संपूर्ण जीवंतता है जो और कुछ नहीं बल्कि भरोसेमंद और मनोरंजक है। हम इसके लिए उत्साहित हैं भी को कनेक्ट करना है।

## विवादित समुद्र में चीन की खतरनाक कार्वाइयों से अमेरिका चिंतितः ब्लिंकन ने आसियान से कहा

**विएंतियान (लाओस)।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को दक्षिण पूर्व एशियाई देशो के नेताओ से कहा कि अमेरिका विवादित दक्षिण चीन सागर मे बीजिंग की बढ़ती खतरनाक और गैरकानूनी गतिविधियो को लेकर चिंतित है। ब्लिंकन ने आसियान की वार्षिक शिखर बैठक के दौरान संकल्प व्यक्त किया कि अमेरिका महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्ग मे नौवहन की स्वतंत्रता को बनाए रखना जारी रखेगा। दक्षिण-पूर्व एशियाई देशो के संगठन (आसियान) के 10 सदस्य देशो के नेताओ की ब्लिंकन के साथ बैठक, चीन और आसियान सदस्यो फिलीपीन और वियतनाम के बीच समुद्र मे हिंसक टकरावो की एक शृंखला के बाद हुई है, जिससे यह चिंता बढ़ गई है कि जलमार्गो मे चीन की बढ़ती आक्रामक कार्वाइयां पूर्ण पैमाने पर संघर्ष मे बदल सकती है।चीन लगभग पूरे समुद्र पर अपना दावा करता है, जबकि आसियान के सदस्य वियतनाम, फिलीपीन, मलेशिया और ब्रुनेई के साथ-साथ ताइवान के भी इसे लेकर अपने-अपने दावे है। वैश्विक व्यापार का लगभग एक तिहाई हिस्सा समुद्र से होकर गुजरता है, जो मछलियों, गैस और तेल से भी समृद्ध है। बीजिंग ने हेग स्थित संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध अदालत के 2016 के उस अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता फैसले को मंजूर करने से इनकार कर दिया है, जिसके तहत अदालत ने चीन के व्यापक दावो को अमान्य कर दिया था। इतना ही नही, बल्कि चीन ने अपने नियंत्रण वाले द्वीपो पर निर्माण कार्य और सैन्यीकरण कर दिया है। राष्ट्रपति जो बाइडन की तरफ से सम्मेलन मे भाग ले रहे ब्लिंकन ने अमेरिका-आसियान शिखर सम्मेलन मे अपने शुरुआती संबोधन मे कहा, हम दक्षिण चीन सागर मे चीन की बढ़ती खतरनाक और गैर-कानूनी गतिविधियो को लेकर बहुत चिंतित है, जिनकी वजह से लोग घायल हुए है, आसियान देशो के जहाजो को नुकसान पहुंचा है और विवादो के शांतिपूर्ण समाधान से जुड़ी प्रतिबद्धताओं का उल्लंघन हुआ है। उन्होंने कहा, अमेरिका हिंद-प्रशांत क्षेत्र मे नौवहन की स्वतंत्रता तथा उड़ान की स्वतंत्रता का समर्थन करना जारी रखेगा।

## उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया पर उसकी राजधानी में ड्रोन उड़ाने का आरोप लगाया

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया पर देश विरोधी दुष्प्रचार सामग्री गिराने के लिए उसकी राजधानी मे ड्रोन उड़ाने का शुक्रवार को आरोप लगाया और धमकी दी कि भविष्य में इस तरह की गतिविधि पर कड़ी जवाबी कार्वाई की जाएगी। उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि राजधानी प्योंगयांग में तीन अक्टूबर और गत बुधवार व बृहस्पतिवार को दक्षिण कोरियाई ड्रोन के उड़ान भरने की बात सामने आई है। मंत्रालय ने दक्षिण कोरिया पर उत्तर कोरिया की संप्रभुता का उल्लंघन करने और उसकी सुरक्षा को खतरे में डालने का आरोप लगाया। मंत्रालय ने कहा कि उसके बल हर तरह से हमले की तैयारी करेंगे और अगर दक्षिण कोरियाई ड्रोन उत्तर कोरियाई क्षेत्र में फिर से नजर आते है, तो वे बिना चेतावनी दिए कड़ी जवाबी कार्वाई करेंगे। दक्षिण कोरिया की सरकार और सेना ने उत्तर कोरिया के बयान पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नही दी है। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन के हथियारों का परीक्षण तेज करने और हमले की धमकी देने तथा दक्षिण कोरिया के अमेरिका के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास बढ़ाने के कारण दोनों देशों के बीच हाल के महीनों में तनाव में वृद्धि हुई है। बुधवार को उत्तर कोरिया ने कहा कि वह दक्षिण कोरिया के साथ अपनी सीमा को स्थाई रूप से अवरुद्ध करेगा और दक्षिण कोरियाई व अमेरिकी सेनाओं की उकसावे वाली कार्वाई से निपटने के लिए अग्रिम मोर्चे पर रक्षा क्षमताओं का विकास करेगा।

## रहमान, कमला हैरिस के लिए एक संगीत कार्यक्रम में प्रस्तुति देंगे

**वाशिंगटन।** संगीतकार ए आर रहमान अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए कमला हैरिस की ऐतिहासिक उम्मीदवारी का जश्न मनाने के वास्ते एक लाइव संगीत कार्यक्रम में प्रस्तुति देंगे। चंदा जुटाने वाली एक भारतीय-अमेरिकी संस्था ने यह जानकारी दी। एशियन अमेरिकन पैसिफिक आइलैंडर्स (एएपीआई) विक्ट्री फंड ने बृहस्पतिवार शाम को यह जानकारी साझा की। एएपीआई ने अगले महीने होने वाले चुनाव के लिए कमला हैरिस का समर्थन किया है। एएपीआई विक्ट्री फंड ने घोषणा की, "ए आर रहमान के साथ एक बहुत ही खास शाम। राष्ट्रपति पद के लिए कमला हैरिस की ऐतिहासिक उम्मीदवारी का जश्न मनाने के लिए ए आर रहमान के साथ विश्व स्तरीय लाइव संगीत समारोह का आनंद लें, जो सीधे आपके घर पर स्ट्रीम किया जाएगा। इस आयोजन के लिए कोई तारीख तय नही की गई है और रहमान ने अभी तक सोशल मीडिया पर इसके बारे में कोई पोस्ट नही किया है।

## हमले में शामिल दो आतंकी पंजाब में ढेर

**लाहौर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में 2021 के हमले के दो कथित मास्टरमाइंड शुक्रवार को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक पुलिस वैन पर हुए हमले में मारे गए। वर्ष 2021 में खैबर पख्तूनख्वा के ऊपरी कोहिस्तान जिले में दासू जलविद्युत संयंत्र के पास बस पर हुए हमले में नौ चीनी इंजीनियर और दो कर्मियों सहित कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई थी तथा कई अन्य घायल हो गए। दासू बांध हमले में शामिल दो आतंकवादियों को उनके ही साथियों ने मार गिराया।

# पाकिस्तान में खदानकर्मियों पर हमले में 20 की मौत

**भाषा।** कराची



**पाकिस्तान के** अशांत बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार तड़के अज्ञात हथियारबंद लोगों ने रॉकेट लॉन्चर और स्वचालित हथियारों से एक निजी कोयला खदान पर हमला कर दिया, जिसमें अफगानिस्तान के नागरिकों समेत कम से कम 20 खनिक मारे गए और आठ अन्य घायल हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मुहम्मद बलूच ने बताया कि हथियारबंद लोगों के एक समूह ने प्रांत के डुकी इलाके में जुनैद कोल कंपनी पर हमला किया और फिर पहाड़ियों में भाग गए। यह हमला पाकिस्तान में हिंसा की कड़ी में नवीनतम है। यह हमला राष्ट्रीय राजधानी में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन से ठीक पहले हुआ है। बलूच ने कहा, यह एक आतंकवादी हमला था और खदान में काम करने वाले श्रमिकों के पास बचने का कोई मौका नहीं था क्योंकि वे अभी काम शुरू ही कर रहे थे कि उन पर गोलीबारी कर दी गई। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर लगभग 50 श्रमिक थे और उनमें से कुछ पास के पहाड़ों में भागकर या खदानों की गहराई में छिपकर सुरक्षित बच गए। उन्होंने बताया कि कुछ खदानकर्मी अफगानिस्तान के रहने वाले थे। डुकी के डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन हाजी खैरुल्ला नासिर के अनुसार, हमलावरों ने हमले में हथगोले और रॉकेट लांचर का इस्तेमाल किया। उन्होंने बताया कि इस इलाके में दस कोयला खदानें हैं।

## अमेरिकियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए ट्रंप के पास कोई योजना नहीं : कमला हैरिस

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका में नवंबर में होने** वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने अपने प्रतिद्वंदी और रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा कि वह (ट्रंप) केवल अपने बारे में ही सोचते हैं और अमेरिकियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए उनके पास कोई योजना नहीं है। एरिजोना में अपने हजारों समर्थकों को संबोधित करते हुए हैरिस ने बृहस्पतिवार को कहा कि ट्रंप ने पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले किसी भी तरह की बहस करने से आधिकारिक तौर पर इनकार कर दिया है। उन्होंने इसे मतदाताओं के साथ नाइंसाफी बताया। हैरिस ने कहा, मुझे भी लगता है कि यह उनका बहुत ही कमजोर कदम है। लेकिन अगर वह बहस नहीं भी करते हैं, तो भी इस चुनाव में अंतर पहले से ही स्पष्ट नजर आ रहा है।हैरिस ने कहा कि देश के लोगों के लिए कई मुद्दे महत्वपूर्ण हैं, लेकिन ट्रंप के पास इस बारे में कहने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा, हम अपने देश को सुरक्षित रखने के लिए हमेशा संघर्ष करते रहेंगे और अपने सैनिकों का सम्मान करेंगे।

# मध्य बेरूत में हमले में 22 लोग मारे गए

**भाषा।** बेरूत

## ● इजराइल ने संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर भी गोलीबारी की

**मध्य बेरूत में** बृहस्पतिवार शाम इजराइल के हवाई हमलों में कम से कम 22 लोग मारे गए और कई घायल हो गए। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इन हमलों के बाद लेबनान में ईरान समर्थित हिजबुल्ला आतंकवादियों के साथ इजराइल का खूनी संघर्ष और बढ़ गया। हमलों में पश्चिमी बेरूत के अलग-अलग इलाकों में स्थित दो आवासीय भवनों को निशाना बनाया गया। इनमें से एक इमारत ढह गई और दूसरी इमारत की निचली मंजिलें क्षतिग्रस्त हो गईं। इजराइली सेना ने कहा कि वह कथित हमलों की जांच कर रही है। बेरूत के घनी आबादी वाले दक्षिणी उपनगरों में इजराइली हवाई हमले आम हैं, जहां हिजबुल्ला युद्ध में है। हमलों के बाद हिजबुल्ला के अल मनार टीवी ने बताया कि हिजबुल्ला के एक शीर्ष सुरक्षा अधिकारी वाफिक सफा की हत्या का प्रयास विफल हो गया। उसने कहा कि सफा उस इमारत में नहीं था, जहां हमला किया गया। हिजबुल्ला और इजराइल के बीच हाल के कुछ हफ्तों से भीषण संघर्ष जारी है। इससे पहले, फलस्तीनी चिकित्सा अधिकारियों ने बताया कि गाजा में विस्थापितों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर बृहस्पतिवार को इजराइली हमले में कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई थी। यह हमला ऐसे दिन हुआ जब इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर गोलीबारी की और उनमें से दो को घायल कर दिया। इस गोलीबारी की जमकर निंदा हुई और इटली के रक्षा मंत्रालय ने विरोध स्वरूप इजराइल के राजदूत को तलब किया। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि 22 लोग मारे गए और 117 घायल हुए।

# जापानी संगठन निहोन हिदान्क्यो को मिलेगा नोबेल शांति पुरस्कार

**भाषा।** ओस्लो

**इस साल का शांति** का नोबेल पुरस्कार द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान के हिरोशिमा और नागासाकी शहरों पर हुए अमेरिकी परमाणु बम हमलों के पीड़ितों के संगठन निहोन हिदान्क्यो को परमाणु शस्त्रों के विरुद्ध उनके कार्यों के लिए प्रदान किया जाएगा। नॉर्वे नोबेल समिति के अध्यक्ष जॉर्गन वात्ने फ्रिदनेस ने शुक्रवार को जापानी संगठन को पुरस्कार देने की घोषणा करते हुए कहा कि परमाणु हथियारों के इस्तेमाल पर रोक को लेकर बनी सहमति पर दबाव है और इसलिए इस संगठन को पुरस्कार दिया जा रहा है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पिछले महीने अपने देश के परमाणु सिद्धांत में बदलाव की घोषणा की थी। इस कदम का उद्देश्य पश्चिमी देशों को यूक्रेन को रूस पर लंबी दूरी की क्षमता वाले हथियारों से हमला करने देने से हतोत्साहित करना है। फ्रिदनेस ने कहा कि नोबेल समिति उन सभी जीवित बचे लोगों को सम्मानित करना चाहती है, जिन्होंने शारीरिक पीड़ा और दर्दनाक यादों के बावजूद, शांति के लिए आशा तथा जुड़ाव पैदा करने के वास्ते अपने अनुभवों का उपयोग करने का विकल्प चुना है। हिदान्क्यो की हिरोशिमा शाखा के अध्यक्ष तोमोयूकी मिमाकी यह खबर मिलते ही खुशी से झूम उठे और उनकी आंखें नम हो गईं। वह तेज स्वर में कहा, क्या यह वाकई सच है? विश्वास नहीं हो रहा। परमाणु हथियारों को खत्म करने के प्रयासों को नोबेल समिति द्वारा पहले भी सम्मानित किया जा चुका है। इंटरनेशनल कैंपेन टू एबॉलिश न्यूक्लियर वेपन्स को 2017 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित



किया गया और 1995 में जोसेफ रोटब्लाट और विज्ञान तथा विश्व मामलों पर पगवाश सम्मेलनों को अंतरराष्ट्रीय राजनीति में परमाणु हथियारों की भूमिका को कम करने और लंबे समय में ऐसे हथियारों को खत्म करने के उनके प्रयासों के लिए प्रदान किया गया था। इस वर्ष के नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा ऐसे समय में की गई है, जब दुनिया के अनेक हिस्सों, खासकर पश्चिम एशिया, यूक्रेन और सूडान में विनाशकारी संघर्ष की स्थिति है। क्या इस साल विजेता के चुनाव का निर्णय यूक्रेन पर रूस के हमलों में परमाणु हथियारों की बात आने से प्रभावित है, इस प्रश्न के उत्तर में फ्रिदनेस ने कहा, यह बहुत स्पष्ट है कि परमाणु शस्त्रों के इस्तेमाल का खतरा परमाणु हथियारों के उपयोग पर पाबंदी से संबंधित महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय नियमों पर दबाव बना रहा है। उन्होंने कहा, इसलिए यह देखना चिंताजनक है कि परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का खतरा इस नियम को कैसे नुकसान पहुंचा रहा है। परमाणु शस्त्र के उपयोग के खिलाफ मजबूत अंतरराष्ट्रीय पाबंदी को कायम रखना पूरी मानवता के लिए महत्वपूर्ण है। यूरोपीय संघ (ईयू) की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन ने एक्स पर कहा, हिरोशिमा और नागासाकी की बुरी यादें अब भी मानवता पर मंडरा रही हैं। यह (पुरस्कार) निहोन हिदान्क्यो के कार्यों को अमूल्य बनाता है। यह नोबेल शांति पुरस्कार एक शक्तिशाली संदेश देता है। हमारा कर्तव्य है कि हम याद रखें। और अगली पीढ़ियों को परमाणु युद्ध की भयावहता से बचाना और भी बड़ा कर्तव्य है। पुरस्कार के संस्थापक अल्फ्रेड नोबेल ने अपनी वसीयत में कहा था कि यह पुरस्कार राष्ट्रों के बीच भाईचारे के लिए, तैनात सेनाओं को हटाने या कम करने तथा शांति सम्मेलनों के आयोजन और संवर्धन के लिए अधिक कार्य या सर्वश्रेष्ठ कार्य करने के वास्ते दिया जाना चाहिए। पिछले साल ईरान में महिला अधिकारों, लोकतंत्र और मृत्युदंड के खिलाफ वर्षों से संघर्ष कर रहीं और जेल में बंद कार्यकर्ता नरगिस मोहम्मदी को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

# पेल्विक ऑर्गन प्रोलैप्स क्या है और इसका इलाज कैसे किया जाता है?

**भाषा।** सिडनी

**एक यूरोगायनेकोलॉजिस्ट** के रूप में मैं विशेष रूप से पेल्विक फ्लोर की समस्या से ग्रस्त महिलाओं का इलाज करती हूं। ए वे महिलाएं हैं जिनके मूत्राशय से स्राव होने की समस्या होती है और सहायक ऊतक कमजोर होते हैं जिससे योनि की मांसपेशियां बाहर की ओर उभर जाती हैं। पेल्विक ऑर्गन प्रोलैप्स (पीओपी) यानी परेशान करने वाला या शर्मनाक हो सकता है और रोजमर्रा की गतिविधियों में बाधा उत्पन्न कर सकता है। लेकिन यह आम भी है। कई महिलाओं के लिए इसका उपचार सरल, प्रभावी है और इसमें सर्जरी की आवश्यकता नहीं होती है। पेल्विक ऑर्गन प्रोलैप्स क्या है? पेल्विक ऑर्गन प्रोलैप्स तब होता है जब योनि को सहारा देने वाली मांसपेशियां और लिगामेंट कमजोर हो जाते हैं, जिससे योनि के ऊतक ढीले हो जाते हैं या उनमें खिंचाव आ जाता है। इससे योनि की संरचना के पीछे स्थित पैल्विक (श्रोणि) के अंग जैसे मूत्राशय, आंत और गर्भाशय अपने स्थान से हट सकते हैं।एक या उससे ज्यादा अंग प्रभावित हो सकते हैं, लेकिन उनके बाहर की ओर उभरने के अलावा, इन अंगों के काम करने के तरीके में कोई समस्या नहीं होती है। प्रोलैप्स की व्याख्या आमतौर पर इस आधार पर की जाती है कि कौन सा अंग नीचे की ओर उभरा है, उदाहरण के लिए मूत्राशय प्रोलैप्स (सिस्टोसील)। गंभीरता को इस आधार पर वर्गीकृत किया जाता है कि योनि की दीवार अपनी पिछली स्थिति से कितनी नीचे की ओर लटकी है। इससे कैसा महसूस होता है?ज्यादातर महिलाओं को तब तक पता नहीं चलता कि कोई अंग बाहर की ओर उभर आया है जब तक कि उन्हें योनि द्वार से कोई उभार नजर न आए। जब वे धुल रही होती हैं, तो उन्हें योनि में एक नरम गांठ उभरी हुई महसूस हो सकती है। कई को सामान्य तौर पर यह अहसास होता है कि कुछ नीचे लटका हुआ है। अन्य महिलाओं को यह महसूस हो सकता है कि जब वे ट्रैम्पोलिन पर कूद रही होती हैं या जिम में दौड़ रही होती हैं, तब उनके मूत्राशय से स्राव होता हो और वे नियंत्रित नहीं की सकें या शायद उन्हें टैम्पोन को सही जगह पर रखना पहले से ज़्यादा मुश्किल लगता है।किताना सामान्य है यह समस्या? प्रोलैप्स बहुत आम है और उम्र के साथ इसकी आशंका बढ़ जाती है। नियमित योनि जांच (उदाहरण के लिए, गर्भाशय ग्रीवा की जांच के लिए) के आधार पर, विकसित देशों में आसानी से 50 प्रतिशत महिलाओं को प्रोलैप्स के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। इनमें से अधिकांश में कोई लक्षण नहीं होते। जब योनि में उभार या पेशाब करने में कठिनाई जैसे लक्षणों से परिभाषित किया जाता है, तो लगभग पांच प्रतिशत में विशिष्ट लक्षण होंगे। पेल्विक ऑर्गन प्रोलैप्स का क्या कारण है? गर्भावस्था और योनि से जन्म के कारण आमतौर पर शारीरिक परिवर्तन होते हैं, जैसे कि योनि के ऊतकों में शिथिलता। ज्यादातर महिलाओं के लिए ए मामूली होते हैं, लेकिन कुछ के लिए, प्रोलैप्स जीवन की गुणवत्ता को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है।गर्भावस्था के बाद कुछ महिलाओं को शारीरिक गतिविधियों को समायोजित करने की आवश्यकता महसूस हो सकती हैअ विशेष रूप से उच्च प्रभाव वाले व्यायाम या बार-बार भारी वजन उठाने से बचना, क्योंकि इससे प्रोलैप्स के लक्षण अधिक स्पष्ट हो सकते हैं। सीजेरियन सेक्शन के जरिए बच्चे को जन्म देने वाली महिलाओं में प्रोलैप्स की संभावना कम होती है।

### मेनिनजाइटिस की रोकथाम में टीकाकरण सुरक्षा की नींव

मेनिनजाइटिस एक गंभीर टीका रोकथाम योग्य संक्रमण है जो विशेष रूप से बच्चों के लिए महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संबंधी चिंताएँ पैदा करता है। विश्व मेनिनजाइटिस दिवस का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और इस बीमारी को हराने के लिए वैश्विक प्रयासों को बढ़ावा देनाए प्रारंभिक पहचान की जीवनरक्षक क्षमता को बढ़ावा देना और टीकाकरण के माध्यम से इसकी रोकथाम करना है। डॉ आशुतोष वर्मा बाल रोग विशेषज्ञ निदेशक चिल्ड्रेन मेडिकल सेंटर लखनऊ का कहना है मेनिनजाइटिस के टीके सक्रिय स्वास्थ्य देखभाल के भविष्य का प्रतिनिधित्व करते हैंए विशेष रूप से उन वातावरणों में जहां बीमारी आसानी से फैलती है, स्कूल, छात्रावास और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में। उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों के लिएए टीकाकरण केवल सुरक्षा नहीं हैय यह दीर्घकालिक स्वास्थ्य सुरक्षा की नींव है। हर साल वैश्विक स्तर पर .5 करोड़ से अधिक मामले सामने आने के साथए मेनिनजाइटिस एक गंभीर स्वास्थ्य संकट का प्रतिनिधित्व करता है, क्योंकि इस बीमारी से मरने वालों में से लगभग 70 प्रतिशत पांच साल से कम उम्र के बच्चे हैं। मेनिनजाइटिस मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी मेनिन्जेस के आसपास की परत की सूजन है और यह आमतौर पर बैक्टीरिया, फंगल या वायरल संक्रमण के कारण होता है। मेनिनजाइटिस के रोगियों की नैदानिक विशेषताएं कारणए रोग के पाठ्यक्रम एक्यूट, उप.एक्यूट या क्रोनिक मस्तिष्क की भागीदारी मेनिंगो.एन्सेफलाइटिस और प्रणालीगत जटिलताओं ;जैसे सेप्सिस के आधार पर भिन्न होती हैं। मेनिनजाइटिस के सामान्य लक्षण हैं गर्दन में अकड़नए बुखारए भ्रम या बदली हुई मानसिक स्थितिए सिरदर्दए मतली और उल्टी। दौरेए कोमा और तंत्रिका संबंधी कमी ;उदाहरण के लिए श्रवण या दृष्टि हानिए संज्ञानात्मक हानिए या अंगों की कमजोरीद्ध कम आम लक्षण हैं। भारत मेनिनजाइटिस से संबंधित मौतों की सबसे अधिक संख्या वाले शीर्ष तीन देशों में से एक है।

# बांग्लादेश पर क्लीन स्वीप करने उतरेगा भारत

## सलामी बल्लेबाजों पर रहेगी निगाह

भाषा। हैदराबाद



**पहले दो मैच में** आसान जीत दर्ज करके श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर चुकी भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में क्लीन स्वीप के इरादे से मैदान पर उतरेगी जिसमें उसके सलामी बल्लेबाजों के प्रदर्शन पर निगाह टिकी रहेगी। भारत ने अपने कुछ प्रमुख खिलाड़ियों को विश्राम देकर इस टी20 श्रृंखला में युवा खिलाड़ियों को मौका दिया जिन्होंने मुख्य कोच गौतम गंभीर की रणनीति पर पूरी तरह से अमल करके जीत का जज्बा दिखाया। बांग्लादेश के खिलाफ ही कुछ दिन पहले कानपुर में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में भारत ने जिस तरह से परिणाम हासिल करने के लिए आक्रामक क्रिकेट खेली उससे टीम के नए दृष्टिकोण का पता चलता है।भारत ने दो टेस्ट मैच की श्रृंखला 2–0 से जीती थी और अब वह टी20 श्रृंखला में भी 3–0 से जीत दर्ज करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा।अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी जैसी महत्वपूर्ण प्रतियोगिता को ध्यान में रखते हुए टीम प्रबंधन कुछ अच्छे विकल्प तैयार करने पर भी ध्यान दे रहा है। फिर चाहे वह तेज गेंदबाज मयंक यादव हों या स्पिनर वरुण चक्रवर्ती, गंभीर उनके प्रदर्शन पर करीबी नजर रखे हुए हैं और इन खिलाड़ियों ने भी अभी तक अपने मुख्य कोच को निराश नहीं किया है।मयंक आईपीएल 2024 के बाद चोटिल होने के कारण अधिकतर मैचों में नहीं खेल पाए थे लेकिन इस श्रृंखला में उन्होंने 150 किलोमीटर की रफ्तार से गेंदबाजी करके अपने कौशल का अच्छा नमूना पेश किया है। चक्रवर्ती ने ग्वालियर में पहले मैच में तीन विकेट लेकर तीन साल के बाद राष्ट्रीय टीम में सफल वापसी की है।टीम प्रबंधन ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी के प्रदर्शन पर भी करीबी नजर रखेगा जिन्होंने दिल्ली में दूसरे टी20 मैच में 34 गेंद पर 74 रन की धमाकेदार पारी खेलने के अलावा दो विकेट भी लिए। इन सकारात्मक पहलुओं के बीच संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी का प्रदर्शन टीम के लिए चिंता का विषय होगा। सैमसन को पारी शुरू करने का मौका दिया गया लेकिन केरल का यह विकेटकीपर बल्लेबाज अभी तक इसका फायदा नहीं उठा पाया है। उन्होंने पहले मैच में 29 और दूसरे मैच में 10 रन बनाए।सैमसन को अगर यहां मौका मिलता है तो उन्हें उसे हर हाल में भुनाना होगा क्योंकि टीम प्रबंधन टीम में शामिल दूसरे विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा को भी मौका दे सकता है।टीम प्रबंधन को दूसरे सलामी बल्लेबाज अभिषेक से भी बड़ी पारी की उम्मीद होगी जो अभी तक पहले दो मैच में 15 और 16 रन ही बना पाए हैं। इसके अलावा भारतीय टीम प्रबंधन लेग स्पिनर रवि बिश्नोई और ऑलराउंडर हर्षित राणा को भी मौका देने पर विचार कर सकता है। जहां तक बांग्लादेश का सवाल है तो उसे बल्लेबाजों ने काफी निराश किया है। उसे अगर वर्तमान दौरे में अपनी एकमात्र जीत हासिल करनी है तो कप्तान नजमुल हुसैन शंटो और लिटन दास जैसे सीनियर बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

## बुमराह न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की आगामी टेस्ट श्रृंखला के लिए उप कप्तान बने

**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम का उप कप्तान बनाया गया जो बुधवार से बेंगलुरु में शुरू हो रही है। इस कदम से संकेत मिलता है कि बुमराह को रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में टीम का नेतृत्व करने के लिए तैयार किया जा रहा है, क्योंकि हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के दौरान कोई उप कप्तान नहीं था। टीम को घटाकर 15 कर दिया गया है जिसमें अनकैप्ड बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल लखनऊ में बंगाल के खिलाफ उत्तर प्रदेश के रणजी ट्रॉफी मैच के दौरान कंधे में चोट लगने के बाद बाहर हो गए। वह बांग्लादेश टेस्ट श्रृंखला का हिस्सा थे। हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी, मयंक यादव और प्रसिद्ध कृष्णा को रिजर्व रखा गया। न्यूजीलैंड टेस्ट श्रृंखला के लिए भारत की टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप।

# इंग्लैंड की पाकिस्तान के खिलाफ रिकॉर्ड से भरे पहले टेस्ट मैच में बड़ी जीत

भाषा। मुल्तान



**इंग्लैंड ने कुछ नए** रिकॉर्ड का गवाह रहे पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में शुक्रवार को यहां पाकिस्तान को पारी और 47 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की ।पाकिस्तान की टीम मैच के पांचवें और अंतिम दिन पहले सत्र में 220 रन पर आउट हो गई। उसकी तरफ से सलमान अली आगा (63) और अमीर जमाल (नाबाद 55) ने अर्धशतक जमाए लेकिन इससे वे हार का अंतर ही कम कर पाए। अबरार अहमद बुखार होने के कारण बल्लेबाजी के लिए नहीं आए ।पाकिस्तान पहली ऐसी टीम बन गई है जिसे पहली पारी में 500 से अधिक रन बनाने के बावजूद पारी के अंतर से हार का सामना करना पड़ा ।पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 556 रन बनाए थे जिसके जवाब में इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी सात विकेट पर 823 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी ।बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच ने अंतिम दिन तीनों विकेट हासिल किए। उन्होंने कुल 30 रन देकर चार विकेट लिए। इससे पहले मैच के चौथे दिन शाम के सत्र में तेज गेंदबाज गस एटकिंसन और ब्रायडन कार्स ने पाकिस्तान का शीर्ष क्रम चरमराया था ।पाकिस्तान ने सुबह छह विकेट पर 152 रन से आगे खेलना शुरू किया। सलमान और जमाल ने पहले एक घंटे में कोई विकेट नहीं गिरने दिया और सातवें विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी की ।लीच ने सलमान को पगबाधा आउट करके यह साझेदारी तोड़ी और फिर पुछल्ले बल्लेबाजों शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह को आउट करने में देर नहीं लगाई। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में टेस्ट क्रिकेट का चौथा सबसे बड़ा स्कोर बनाया। उसकी तरफ से हैरी ब्रूक ने 317 और जो रूट ने 262 रन बनाए। इन दोनों टीमों के बीच दूसरा टेस्ट मैच मंगलवार से मुल्तान में ही खेला जाएगा जबकि तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच 24 अक्टूबर से रावलपिंडी में होगा।

### बैजबॉल युग में इंग्लैंड की पाक पर जीत शीर्ष तीन में शामिल : ओली

मुल्तान। इंग्लैड के कार्यवाहक कप्तान ओली पोप का मानना है कि 2021 में बेन स्टोक्स और ब्रैंडन मैकुलम के टेस्ट टीम की जिम्मेदारी संभालने के बाद से शुक्रवार को पाकिस्तान पर मिली जीत उनकी टीम की शीर्ष तीन जीत में शामिल होगी। पोप ने टीम की पारी की जीत के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, निश्चित रूप से यह हमारे लिए एक विशेष जीत है। मै इसे रावलपिडी (2022) और इस साल भारत में हैदराबाद में हमारी जीत के साथ शीर्ष तीन मे स्थान दूंगा।

### अदिति ब्यूक ओपन में संयुक्त 46वें स्थान पर

शंघाई। भारत की प्रतिभावान गोल्फ खिलाड़ी अदिति अशोक यहां ब्यूक ओपन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में इवन-पार 72 के स्कोर से संयुक्त 46वे स्थान पर रही। तीन बार की ओलंपियन अदिति को एलपीजीए मे अपनी पहली जीत की तलाश है। उन्होने दूसरे दौर मे दो बर्डी के साथ दो बोगी भी कर दी। शुरुआती दौर मे उन्होंने एक अंडर का कार्ड खेलकर दो बोगी और तीन बर्डी लगाई थी।

### शुभंकर की धीमी शुरुआत

पेरिस। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा का खराब फॉर्म जारी रहा और फेडेक्स ओपन डे फ्रांस के पहले दौर मे एक ओवर 72 स्कोर करके वह संयुक्त 77वें स्थान पर है। शर्मा ने चार बर्डी लगाए लेकिन पांच बोगी किए। अब कट में प्रवेश के लिए उन्हें अगले दौर में बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। इंग्लैड के जो डीन के साथ थोरब्योर्न ओलेसन और जेस्पर स्वेनसन ने एकल बढत बना ली है जिन्होंने छह अंडर 65 स्कोर किया।

### महेश्वरी और नरूका की नजरें पदक जीतने पर

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक मे मिश्रित टीम स्पर्धा मे करीबी अंतर से कांस्य पदक चूकने वाली भारतीय स्कीट निशानेबाज महेश्वरी चौहान और अनंतजीत सिंह नरूका की जोड़ी की नजरें अब रविवार से यहां शुरू हो रहे आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में पदक जीतने पर होगी। नरूका और महेश्वरी की जोड़ी शेटराउ मे चीनी प्रतिद्वंद्वियो से केवल एक अंक से कांस्य पदक मुकाबला हारने के बाद चौथे स्थान पर रही थी। महेश्वरी ने साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) मीडिया से कहा, सीखने के लिए ओलंपिक खेल एक शानदार अनुभव रहा।

### पीसीबी ने चयन समिति बदली, रिटायर्ड अंपायर अलीम दार समिति में

लाहौर। हाल ही मे रिटायर हुए अंपायर अलीम दार को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इंग्लैड के हाथो मुल्तान मे पहले टेस्ट मे टीम की शर्मनाक हार के बाद गठित नई राष्ट्रीय चयन समिति मे शामिल किया है। इंग्लैड ने पाकिस्तान को एक पारी और 47 रन से हराया। इससे पहले पाकिस्तानी टीम बांग्लादेश के हाथों दो टेस्ट मैचो की श्रृंखला हार गई थी। पीसीबी ने पूर्व टेस्ट क्रिकेटर अकीब जावेद, अजहर अली, टेस्ट अंपायर अलीम दार और विश्लेषक हसन चीमा को समिति में शामिल किया है।

### एचआईएल स्वर्णिम युग को पुनर्जीवित करेगी : सरदार

बेंगलुरु। अपने जमाने के दिग्गज खिलाड़ी और पूर्व कप्तान सरदार सिंह का मानना है कि हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के फिर से शुरू होने से भारतीय हॉकी को अपने स्वर्णिम दिनों में लौटने में मदद मिलेगी। एचआईएल की नीलामी के लिए1,000 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। पुरुषों की नीलामी 13 और 14 अक्टूबर को, जबकि महिलाओ की नीलामी 15 अक्टूबर को होगी। यह लीग सात साल बाद वापसी करने जा रही है।

### गैंजेस ग्रैंडमास्टर्स ने मुंबा मास्टर्स को हराया

**लंदन।** पूर्व विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद की अगुआई मे गैंजेस ग्रैंडमास्टर्स ने ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) के अंतिम दिन अपग्रेड मुंबा मास्टर्स को 12-4 से हराया जिससे टीम अंतिम स्थान पर पहुंचने से बच गई। दिन की शुरुआत लीग की निचली दो टीम गैंजेस और मुंबा मास्टर्स के बीच मुकाबले से हुई। मुंबा के मैक्सिम वचियर-लाग्रेव और आनंद के बीच 71 चाल बाद मुकाबला ड्रॉ रहा।

# लखनऊ में बोला सुदीप का बल्ला जड़ा शतक

## ● रणजी ट्राफी : यूपी के खिलाफ बंगाल के सात विकेट पर 269 रन



**लखनऊ ।** बंगाल ने सलामी बल्लेबाज सुदीप चटर्जी (116 रन) के शतक और सुदीप कुमार घरामी (90 रन) के अर्धशतकों की बदौलत शुक्रवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के पहले दिन स्टंप तक उत्तर प्रदेश के खिलाफ सात विकेट पर 269 रन बनाए। बंगाल के कप्तान अनुस्तुप मजूमदार ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। पर सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन (05) के लिए दिन अच्छा नहीं रहा, वह यश दयाल की गेंद पर कप्तान और विकेटकीपर आर्यन जुयाल को कैच देकर पवेलियन पहुंच गए। इसके बाद दोनों सुदीप (चटर्जी और घरामी) ने मिलकर शानदार शतकीय साझेदारी निभाकर अच्छे स्कोर की नींव रखी। दोनों दूसरे विकेट के लिए 198 रन की साझेदारी निभाकर अच्छी स्थिति में थे लेकिन उत्तर प्रदेश के विप्रज निगम (59 रन देकर चार विकेट) ने सुदीप घरामी को विकेटकीपर के हाथों कैच आउट कराया। सुदीप घरामी ने 161 गेंद की पारी में 11 चौके और एक छक्का लगाया। इसके बाद बंगाल ने लगातार चार विकेट गंवाए ।सुदीप चटर्जी आउट होने वाले छठे बल्लेबाज रहे, उन्होंने 116 रन की शतकीय पारी के दौरान नौ चौके और एक छक्का जड़ा। स्टंप तक शाहबाज अहमद 26 रन बनाकर खेल रहे थे जबकि सूरज सिंधू जायसवाल ने अभी खाता नहीं खोला है।

### दिल्ली के खिलाफ छत्तीसगढ़ के छह विकेट पर 277 रन

**रायपुर।** आयुष पांडे (89) और संजीत देसाई (56) के अर्धशतकों की मदद से छत्तीसगढ ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी के सत्र के पहले मैच के पहले दिन छह विकेट पर 277 रन बना लिए। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर अजय मंडल (39) और शुभम अग्रवाल (27) रन बनाकर खेल रहे थे। दोनों ने सातवें विकेट की अटूट साझेदारी में 60 रन जोड़ लिए है। इससे पहले छत्तीसगढ ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन सातवे ही ओवर मे उसके सलामी बल्लेबाज भूपेन लालवानी (दो) आउट हो गए जब स्कोर आठ रन था। नए बल्लेबाज आशुतोष सिंह (छह) भी ज्यादा टिक नही सके जिसके बाद देसाई क्रीज पर आए। पांडे और देसाई ने तीसरे विकेट के लिए 95 रन की साझेदारी की। पांडे शतक की ओर बढते नजर आ रहे थे लेकिन आयुष बडोनी ने उन्हें पगबाधा आउट कर दिया। पांडे ने 149 गेंद मे 14 चौकों और एक छक्के की मदद से 89 रन बनाए। वही देसाई 115 गेंद में 56 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए। दिल्ली के लिए आयुष बडोनी ने दो विकेट लिए जबकि सिमरजीत सिंह, हिमांशु चौहान, रितिक शौकीन और हर्ष त्यागी को एक एक विकेट मिला। ग्रुप डी के अन्य मैच में गुवाहाटी में झारखंड ने आर्यमन सेन (64 रन) और उत्कर्ष सिंह (55 रन) के अर्धशतकों से असम के खिलाफ पहली पारी में तीन विकेट पर 247 रन बना लिए। कोयंबटूर में सौराष्ट्र की टीम पहली पारी में 203 रन पर सिमट गई, जिसमें उसके लिए अर्पित वासवडा 62 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि तमिलनाडु ने स्टंप तक दो ओवर खेलकर एक भी रन नही बनाया।

### कर्नाटक के खिलाफ मध्यप्रदेश के चार विकेट पर 232 रन

**इंदौर।** हरप्रीत सिंह के नाबाद 75 रन की मदद से मध्यप्रदेश ने कर्नाटक के खिलाफ रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मैच के पहले दिन चार विकेट पर 232 रन बना लिए। कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल ने होल्कर स्टेडियम पर टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। मध्यप्रदेश के तीन बल्लेबाज 65 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट चुके थे लेकिन इसके बाद हरप्रीत और शुभम शर्मा (40) ने पारी को संभाला। शुभम को चोट लगने के कारण मैदान छोड़ना पड़ा। अनुभवी रजत पाटीदार ने 61 गेंद में 31 रन बनाए। हरप्रीत अपनी नाबाद पारी में 164 गेंदों का सामना करके आठ चौके लगा चुके हैं जबकि उनके साथ वेंकटेश अय्यर 46 गेंद में दो छक्कों की मदद से 25 रन बनाकर क्रीज पर हैं।

## निचले क्रम के बल्लेबाजों ने मुंबई के खिलाफ बड़ौदा की पारी को संभाला



**वडोदरा।** शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाजों के नाकाम रहने के बाद निचले क्रम पर उतरे मितेश पटेल और अतीत सेठ ने छठे विकेट के लिए 130 रन की साझेदारी करके मुंबई के खिलाफ रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मैच के पहले दिन बड़ौदा की पारी को संभाला। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने वाली बड़ौदा टीम की शुरूआत बहुत खराब रही और आधी टीम पवेलियन लौट चुकी थी जब स्कोर बोर्ड पर 90 रन ही टंगे थे। इसके बाद पटेल और सेठ ने अर्धशतक जमाकर टीम को छह विकेट पर 241 रन तक पहुंचाया। पटेल ने 159 गेंद में 86 रन बनाए जिसमें आठ चौके शामिल थे। वह पहले दिन आउट होने वाले बड़ौदा के छठे बल्लेबाज रहे जिन्हें अनुभवी शम्स मुलानी ने अजिंक्य रहाणे के हाथों लपकवाया। सेठ 143 गेंद में 60 रन बनाकर खेल रहे हैं और अपनी धैर्यपूर्ण पारी में उन्होंने दो बार गेंद को सीमारेखा तक पहुंचाया। इससे पहले कप्तान कृणाल पंड्या (21) समेत बड़ौदा के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मुंबई के अनुभवी गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सके। मुंबई के लिए शम्स मुलानी और तनुष कोटियान ने दो दो विकेट चटकाए जबकि शार्दुल ठाकुर ने 14 ओवर में 30 रन देकर और मोहित अवस्थी ने दस ओवर में 17 रन देकर एक एक विकेट लिए।

### मनन हिंगराजिया का नाबाद शतक, गुजरात के आठ विकेट पर 334 रन

**सिकंदराबाद।** गुजरात ने मनन हिंगराजिया (नाबाद 174 रन) के शतक और विकेटकीपर बल्लेबाज उर्विल पटेल (60 रन) के अर्धशतक से शुक्रवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच के पहले दिन स्टंप तक हैदराबाद के खिलाफ आठ विकेट पर 334 रन बना लिए। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की शुरूआत अच्छी नही रही। उसने 12वे ओवर तक 38 रन तक तीन विकेट गंवा दिए थे।

### खजूरिया के शतक से जम्मू कश्मीर का मजबूत स्कोर

**श्रीनगर।** अनुभवी शुभम खजूरिया के नाबाद 130 रन की मदद से जम्मू कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए के सत्र के पहले मैच के पहले दिन शुक्रवार को महाराष्ट्र के खिलाफ पांच विकेट पर 264 रन बना लिए। महाराष्ट्र ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और दूसरी ही गेंद पर मेजबान सलामी बल्लेबाज अभिनव पुरी (0) का विकेट चटका दिया। इसके बाद खजूरिया ने शुभम पुंडीर (49 गेद मे 37) के साथ 77 रन की साझेदारी की। कप्तान पारस डोगरा ने खजूरिया के साथ तीसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। वह 30 रन बनाकर आउट हुए।

## पर्सनल वारियर्स ने आसानी से जीता उद्घाटन मुकाबला

● इंटर डिपार्टमेंटल वॉलीबाल टूर्नामेंट

● पहले दिन खेले गए पांच मुकाबले

**लखनऊ।** पर्सनल वारियर्स ने इंटर डिपार्टमेंटल वॉलीबाल टूर्नामेंट के पहले दिन ऑपरेटिंग एवेंजर्स के खिलाफ21–17, 21–15 की आसान जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल क्रीड़ा संघ के तत्वावधान में एनईआर स्टेडियमए ऐशबाग पर खेले जा रहे टूर्नामेंट का उद्घाटन सीनियर डीपीओ. एनईआर जंक्शन व क्रीड़ा अधिकारी राहुल यादव ने किया। दिन के दूसरे मुकाबले में कामर्शियल चैलेंजर्स ने इंजीनयरिंग डेयरडेविल्स को तीन सेट तक खिंचे रोमांचक मुकाबले में 25–16, 19–25, 15–7 से हराया। एक अन्य मुकाबला भी संघर्षपूर्ण रहा जिसमें इलेक्ट्रिक वारियर्स ने इलेक्ट्रिकल थंडर बोल्ट्स को 15–11,15–18, 15–7 से पराजित करते हुए रोमांचक जीत दर्ज की। अन्य मुकाबलों में मेडिकल हीरोज ने ऑपरेटिंग एवेंजर्स को 15–0, 15.3 से और ट्रैक्शन टाइगर्स ने मैकेनिकल मावरिक्स को 15.6, 15.9 से हराकर पूरे अंक जुटाए।



# गार्डनर के चार विकेट, आस्ट्रेलिया जीता

● महिला टी20 विश्व कप : पाकिस्तान को नौ विकेट से हराया

भाषा। दुबई



**गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया** ने दाएं हाथ की ऑफस्पिनर एशले गार्डनर (21 रन देकर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर शुक्रवार को यहां पाकिस्तान को यहां महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में नौ ओवर रहते नौ विकेट से हरा दिया। आस्ट्रेलिया इस तरह लगातार तीसरी जीत से छह अंक लेकर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली प्रबल दावेदार बन गई। गार्डनर के अलावा अनाबेल सदरलैंड और जॉर्जिया वारेहैम के दो दो विकेट से आस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 19.5 ओवर में 82 रन पर ढेर कर दिया। अपने दोनों शुरुआती मैच जीतने वाली आस्ट्रेलिया ने यह लक्ष्य 11 ओवर में एक विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। उसके लिए बेथ मूनी ने 15 रन बनाए जबकि एलिसा पैरी 22 रन बनाकर नाबाद रहीं। कप्तान एलिसा हीली 37 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गईं जो टीम के लिए चिंता का विषय होगा। चोटों से जूझ रही पाकिस्तानी टीम के लिए केवल चार बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच सकी जिसमें आलिया रियाज 26 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। आस्ट्रेलियाई गेंदबाज ने स्टंप पर गेंदबाजी की और पाकिस्तानी खिलाड़ियों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। पाकिस्तान की टीम पावरप्ले के दौरान बहुत सतर्क लग रही थी और धीमी शुरूआत के बाद उसने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाना जारी रखा। उनका कोई भी बल्लेबाज नहीं चल पाया। सिदरा अमीन (12 रन), निदा डार (10) और इराम जावेद (12) ही दोहरे अंक के स्कोर तक पहुंच सकीं। नियमित कप्तान फातिमा सना को अपने पिता के निधन के कारण कराची लौटना पड़ा जबकि डायना बेग पहले मैच में लगी चोट के कारण बाहर हैं। पाकिस्तान के लिए सदफ शम्स और इराम जावेद का यह टूर्नामेंट में पहला मैच है।

### आईओसी ने आंतरिक झगड़े के कारण आईओए के लिए ओलंपिक सॉलिडेरिटी फंड रोका

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) मे चल रही अंदरूनी कलह ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) को एथलीट विकास कार्यक्रमों के लिए ओलंपिक सॉलिडेरिटी फंड भारतीय संस्था का हिस्सा रोकने के लिए बाध्य कर दिया है जिससे इसकी अध्यक्ष पीटी उषा और कोषाध्यक्ष सहदेव यादव के बीच फिर से शब्दो की जंग शुरू हो गई। आईओसी ने आठ अक्टूबर को अपनी कार्यकारी बोर्ड की बैठक मे यह निर्णय लिया और शुक्रवार को एक पत्र मे आईओए को इसकी जानकारी दी। एनओसी रिलेशंस और ओलंपिक सॉलिडेरिटी निदेशक जेम्स मैकलियोड ने उषा और कार्यकारी परिषद के सदस्यो को भेजे गए पत्र मे कहा गया है, आईओए के सामने स्पष्ट रूप से आंतरिक विवाद और प्रशासनिक मुद्दे चल रहे है, जिसमें कार्यकारी परिषद के भीतर उठाए गए कई पारस्परिक आरोप शामिल है। उन्होने इसमे लिखा, यह स्थिति बहुत अनिश्चितता पैदा करती है और इसे स्पष्ट करने की जरूरत है और इसलिए अगली सूचना तक आईओसी और ओलंपिक सॉलिडेरिटी ओलंपिक छात्रवृत्ति से लाभान्वित होने वाले खिलाड़ियों को सीधे भुगतान के अलावा आईओए को कोई भुगतान नही करेगा। ओलंपिक सॉलिडेरिटी सभी राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों (एनओसी) को ओलंपिक खेलों के प्रसारण अधिकारो का एक हिस्सा प्रदान करती है जिसका उपयोग एथलीट विकास कार्यक्रमो के लिए किया जाता है।

## क्विक न्यूज

### दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम भारत आपको बताती है कि कहां सुधार करना हैः निक पोथास

हैदराबाद। बांग्लादेश के क्षेत्ररक्षण कोच निक पोथास ने शुक्रवार को स्वीकार किया कि दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम भारत ने टेस्ट और टी20 श्रृंखला दौरान उनकी टीम पर बहुत दबाव डाला लेकिन वह इसे सीखने के अनुभव के रूप मे लेना चाहते है। बांग्लादेश की टीम हाल ही में पाकिस्तान पर टेस्ट श्रृंखला जीतने के बाद भारत आई लेकिन भारतीय टीम ने उसे जल्द ही पस्त कर टेस्ट और टी20 दोनो ही श्रृंखला मे उसे पराजित कर दिया। पोथास ने तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की पूर्व संध्या पर कहा, जब आप गेंदबाजी और बल्लेबाजी को देखते है, तो भारत हमेशा एक चीज करता है। वह अपने कौशल के स्तर से आपको बहुत दबाव मे रखता है। भारत आपको बताता है कि आपको कहां सुधार करना है। लेकिन पोथास ने कहा कि बांग्लादेश के खिलाड़ियों को इस तरह के दौरे के बाद खुद का आकलन करने मे ईमानदारी होने की जरूरत है। हम भाग्यशाली है कि हम भारत का दौरा कर रहे है क्योंकि आप बहुत कुछ सीख सकते है।

### लैथम चाहते हैं भारत में निर्भीक होकर खेले न्यूजीलैंड

क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड के नवनियुक्त टेस्ट कप्तान टॉम लैथम का मानना है कि अपनी धरती पर अजेय रहे भारत को अगर कड़ी चुनौती देनी है तो उसका एकमात्र तरीका निर्भीक होकर खेलना है।लैथम को भारत के खिलाफ 16 अक्टूबर से बेंगलुरु में शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैच की श्रृंखला से पहले टिम साउदी की जगह न्यूजीलैंड का टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया।लैथम ने शुक्रवार को टीम के भारत रवाना होने से पहले कहा, भारत का दौरा करना हमेशा रोमांचक और चुनौतीपूर्ण होता है। उम्मीद है कि हम वहां कुछ हद तक स्वच्छंद और निर्भीक होकर खेलेंगे और उन पर हावी रहने की कोशिश करेंगे। अगर हम ऐसा करते है तो हमारे पास जीत का अच्छा मौका होगा। भारत ने जहां अपनी धरती पर लगातार 18 टेस्ट श्रृंखलाएं जीती है वही न्यूजीलैंड विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के वर्तमान चक्र मे लगातार चार श्रृंखला हारने के बाद यहां आ रहा है।

### यूनान ने इंग्लैंड को हराया, एमबापे के बिना जीता फ्रांस

लंदन। यूनान ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए नेशंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट मे गुरुवार को यहां इंग्लैंड को उसकी धरती पर 2-1 से पराजित किया।इस बीच एर्लिंग हालैंड 24 साल की उम्र में नॉर्वे की तरफ से अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मे सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए है। उन्होने नॉर्वे की स्लोवाकिया पर 3-0 की जीत मे दो गोल किए। हालैंड नार्वे की तरफ से अभी तक 34 गोल कर चुके है जो पिछले रिकॉर्डधारक जोर्गेन जुवे से एक गोल अधिक है। जोर्गेन जुवे ने 1930 के दशक मे यह रिकॉर्ड बनाया था। नॉर्वे के लिए अलेक्जेंडर सोरलोथ ने भी गोल किया।फ्रांस ने किलियन एमबापे और संन्यास ले चुके एंटोनी ग्रीज़मैन के बिना भी शानदार खेल का नमूना पेश करके इजराइल को 4-1 से हराया।इंग्लैड और यूनान के बीच वेम्बली स्टेडियम मे खेले गए मैच मे तीनो गोल दूसरे हाफ मे किए गए।

### मार्केज का लक्ष्य भारत-वियतनाम में जीत हासिल करना

नाम दिन्ह (वियतनाम)। भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मनोलो मार्केज शनिवार को वियतनाम के खिलाफ़ होने वाले अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच मे अपनी पहली जीत की तलाश में होंगे। पहले यह तीन देशो का टूर्नामेंट था लेकिन लेबनान ने इससे हट गया। मार्केज के मुख्य कोच के रूप मे अब तक के दो मैचो मे भारत ने मॉरीशस के खिलाफ ड्रॉ खेला और पिछले महीने हैदराबाद मे इंटरकांटिनेंटल कप मे सीरिया से 0-3 से हार गया। इससे मार्केज शनिवार को अपनी पहली जीत दर्ज करने के लिए बेताब होंगे। 116वे स्थान पर काबिज वियतनाम फीफा रैंकिंग मे भारत (126वे) से 10 स्थान ऊपर है। इस सदी मे दोनो टीमे तीन बार एक-दूसरे से भिड़ चुकी है। 2004 मे वियतनाम ने हो ची मिन्ह सिटी मे एलजी कप मे भारत को हराया था।

### ब्राजील ने चिली को हराया, अर्जेंटीना ने ड्रॉ खेला

साओ पाउलो। स्थानापन्न खिलाड़ी लुइज हेनरिक के 89वे मिनट मे किए गए गोल से ब्राजील ने शुरू मे पिछड़ने के बाद वापसी करके विश्व कप 2026 के क्वालीफाइंग मैच मे चिली पर 2-1 से जीत दर्ज की। इस जीत से ब्राज़ील दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग मे राउंड रॉबिन प्रतियोगिता के नौवे दौर के बाद चौथे स्थान पर पहुंच गया है। इससे पहले लियोनेल मेस्सी की अगुवाई वाली अर्जेंटीना की टीम ने वेनेजुएला के शहर माटुरिन के मोनुमेंटल स्टेडियम मे मैदान गीला होने के कारण 30 मिनट की देरी से शुरू हुए मैच मे वेनेजुएला को 1-1 से ड्रॉ पर रोका। अर्जेंटीना 10 टीमो के दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर मे नौ मैचों के बाद 19 अंक लेकर शीर्ष पर बना हुआ है। बोलीविया से 1-0 से हारने के बावजूद कोलंबिया के 16 अंक है और वह दूसरे स्थान पर है। उरुग्वे 15 अंको के साथ तीसरे स्थान पर है जबकि ब्राजील के 13 अंक है।दक्षिण अमेरिका मे अभी तक खराब प्रदर्शन करने वाली चिली की टीम ने सेंटियागो के नेशनल स्टेडियम मे खेले गए मैच मे अनुभवी स्ट्राइकर एडुआर्डो वर्गास के गोल की मदद से बढ़त हासिल की।

### मुझे एक निजी कोच चाहिए,ताकत की जरूरतः जरीन

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज निकहत जरीन ने पदक रहित ओलंपिक अभियान पर बात करते हुए स्वीकार किया कि वो दिन उनका नही था लेकिन उन्होने कहा कि वह एक निजी कोच की मदद से और मजबूत होकर वापसी करेंगी। उन्होने कहा कि वह निजी कोच खोजने की कोशिश कर रही है। निकहत पेरिस ओलंपिक मे मजबूत पदक दावेदार थी लेकिन शीर्ष वरीय और मौजूदा एशियाई खेलो की चैंपियन चीन की वू यू से हारने के बाद 50 किग्रा से बाहर हो गईं। निकहत ने पीटीआई वीडियो से कहा, कोई भी व्यक्ति परफेक्ट नही होता, यह मेरा दिन नही था। मुझे वरीयता नही मिली थी और मुझे शुरुआती दौर मे बहुत अच्छी मुक्केबाज का सामना करना पड़ा। सबसे दुखद बात यह थी कि जिन मुक्केबाजों को मैने पहले ही हरा दिया था, उन्होने पदक जीते, यह दिल तोड़ने वाला था। उन्होने कहा, लेकिन हमें वास्तविकता को स्वीकार करना होगा और आगे बढ़ते रहना होगा।

### अहान लड़कियों के अंडर-16, अंडर-14 फाइनल में

नई दिल्ली। ओडिशा की अहान ने शुक्रवार को यहां फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप मे लड़कियो के एकल अंडर-16 और अंडर-14 वर्गो के फाइनल मे प्रवेश किया। अंडर-16 सेमीफाइनल मे अहान ने गुजरात की एंजेल पटेल को 7-5, 6-0 से हराकर फाइनल मे जगह बनाई जहां उनका सामना महाराष्ट्र की ऐश्वर्या जाधव से होगा जिन्होने दिल्ली की यशिका शौकीन को 6-4, 6-3 से हराया। बाद मे ओडिशा की इस खिलाड़ी ने अविप्शा देहुरी को 6-1, 6-0 से हराकर अंडर-14 वर्ग के फाइनल मे प्रवेश किया। अब उनका सामना महाराष्ट्र की प्रथ्यार्थी मुंधे से होगा, जिन्होने दीपशिखा विनयागमूर्ति को 6-2, 6-4 से हराया। तीसरे वरीय समर्थ साहित ने अपना विजई अभियान जारी रखते हुए लड़को के एकल अंडर-16 वर्ग के फाइनल मे प्रवेश किया। समर्थ ने सेमीफाइनल मे हरियाणा के शीर्ष वरीय प्रतीक श्योराण को 6-3, 6-1 से हराया। समर्थ अब फाइनल मे करण थापा से भिड़ेंगे जिन्होने दिल्ली के आश्रव्य मेहरा को 6-1, 6-4 से हराया।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी–33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोनः 0522–4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादकः शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।